राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में ...

सैनी की अपनी सीट भी फंसी, अब पीएम मोदी से ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 154 | पटना, शनिवार, 14 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**
अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 26.0°C
हां 30%
नहीं 50%
कह नहीं सकते 10%

**बाजार**
सोना 71,105
चांदी 91,700
सेंसेक्स 78,886
निफ्टी 24,117

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में गुरुवार शाम को एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतकों में दो महिला, एक युवक और एक मासूम शामिल हैं। इस मामले में पुलिस ने तीन संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल हत्या का कारण पता नहीं चला है। यह घटना कसडोल थाना क्षेत्र के छरछेद गांव की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, मृतकों में 45 वर्षीय चेतराम केवट, उनकी दो बहनें यशोदा और जमुना, और जमुना का 11 माह का बच्चा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने जादू-टोना के संदेह में हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने शक के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत लिया है और पुलिस तीनों से लगातार पूछताछ कर रही है।

### सारण में सड़क दुर्घटना में किशोरी समेत दो लोगों की मौत

छपरा। सारण जिले के मढ़ौरा और गड़खा थाना क्षेत्र में सड़क दुघर्टना में एक किशोरी समेत दो लोगों की मौत हो गयी, तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि जिले के गड़खा थाना क्षेत्र के अलोनी गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 722 पर गुरुवार की देर रात को नगरा थाना क्षेत्र के नगरा गांव निवासी स्व सतीश प्रसाद का पुत्र रोहित कुमार सोनी 18 अपने मित्र सन्नी कुमार के साथ मोटरसाइकिल से घर जाने के दौरान अनियंत्रित बालू लदे ट्रक की चपेट में आ गया। इस दुर्घटना में रोहित की मौत हो गयी, जबकि सन्नी कुमार घायल हो गया। घायल की चिकित्सा पटना में की जा रही है। सूत्रों ने शुक्रवार बताया कि जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के सेंदुआरी गांव निवासी रमेश राय की पुत्री मनीषा कुमारी 17 गुरुवार की देर शाम को अपने घर के सामने मुख्य पथ पर टहल रही थी।

**मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं जी प्लस 7 भवन का किया उद्घाटन**

# विश्वेश्वरैया भवन के सबसे ऊपरी तल पर सोलर प्लेट अवश्य लगाएं : नीतीश

**बोलें- भवन की नियमित रूप से साफ-सफाई हो और ठीक ढंग से मेनटेन रहें**



- लोगों को काम करने में होगी काफी सहूलियत
- भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की पुनस्थापित मूर्ति का अनावरण कर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत जी प्लस 7 भवन के शिलापट्ट का अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत जी प्लस 7 भवन के प्रांगण में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की पुनस्थापित मूर्ति का अनावरण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के छठे तल पर स्थित भवन निर्माण विभाग एवं सातवें तल पर स्थित पथ निर्माण विभाग का निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत जी प्लस 7 भवन के ऊपरी तल पहुंचकर आसपास के इलाकों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इस पूरे भवन की नियमित रूप से साफ-सफाई हो और ठीक ढंग से मेनटेन रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। भवन के सबसे ऊपरी तल पर सोलर प्लेट अवश्य लगायें। यह भवन काफी सुंदर और भव्य बन गया है, जिसमें कई महत्वपूर्ण विभाग संचालित है। अब यहां के लोगों को काम करने में काफी सहूलियत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के प्रांगण का निरीक्षण कर पुराने भवन की स्थिति का भी जायजा लिया।

**दो सौ से ज्यादा वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था :** भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने साइट प्लान के माध्यम से विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास कार्य, बेसमेंट पार्किंग, लाइटिंग आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बताया कि बेसमेंट पार्किंग में दो सौ से ज्यादा वाहनों को पार्क करने की सुविधा उपलब्ध है। विश्वेश्वरैया भवन के छठे तल पर स्थित कॉन्फ्रेंस सह लाइब्रेरी हॉल में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हाई राइज बिल्डिंग के निर्माण संबंधी डिजाइन यूनिट के विषय में भवन निर्माण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी। प्रस्तुतिकरण में बेनिफिट्स ऑफ डिजाइन यूनिट, बीम, कॉलम, स्ट्रक्चरल मॉडल विथ ऑल लोडिंग, सॉफ्टवेयर बेस्ड एनालिसिस, मैनुअल बेस्ड एनालिसिस, एनालिसिस रिजल्ट आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन के छठे तल पर डिजाइन यूनिट के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### 55414 वर्गफीट का बेसमेंट पार्किंग

पटना। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा एवं निर्देशन में विश्वेश्वरैया भवन के उन्नयन का कार्य वर्ष 2019 में प्रारंभ किया गया। उन्नयन कार्य के अन्तर्गत भवन के फसाड का उन्नयन, बेसमेंट पार्किंग का निर्माण, भवन के उपर एक अतिरिक्त 7वें तल का निर्माण तथा भवन निर्माण विभाग के कार्यालय हेतु विश्वेश्वरैया भवन के पुराने भवन के पश्चिम दिशा में एक 07 मंजिले नए भवन के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस योजना की कुल लागत 73.17 करोड़ रुपए है।

इस योजना के अन्तर्गत पुराने भवन के ऊपर एक अतिरिक्त तल 7वें तल का निर्माण किया गया है जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 19874 वर्गफीट है। इसमें से 13,730 वर्गफीट पथ निर्माण विभाग को तथा 6,144 वर्गफीट भवन निर्माण विभाग को आवंटित किया गया है। भवन के सामने अवस्थित भवनों को तोड़कर बेसमेंट पार्किंग का निर्माण किया गया है जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 55414 वर्गफीट है। इसमें 204 चार पहिया वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री के द्वारा 10 नवंबर 2023 को बेसमेंट पार्किंग का लोकार्पण किया गया था। विश्वेश्वरैया भवन के पुराने एवं नए भवन के बाहरी आवरण का निर्माण अत्यंत आकर्षक ढंग से किया गया है। इसे और मनोरम बनाने हेतु फसाड लाईटिंग किया गया है, जो रात्रि प्रहर इस भवन को अत्यंत आकर्षक रूप प्रदान करता है। बेसमेंट पार्किंग के ऊपर एक सुंदर लैंडस्केपिंग किया गया है। मुख्यमंत्री के निदेशानुसार भारत रत्न विश्वेश्वरैया के प्रतिमा को आकर्षक रूप प्रदान करने हेतु प्रतिमा को पुराने स्थल से स्थानांतरित कर नवनिर्मित लॉन के बीच स्थापित किया गया है, जिसका आज मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया है।

# जेल से बाहर आए केजरीवाल, सुप्रीम कोर्ट से बेल मिलने के बाद हुई रिहाई

**एक दिन के लिए भी स्वतंत्रता से वंचित करना बहुत ज्यादा: सुप्रीम कोर्ट**



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आखिरकार जेल से बाहर आ गए। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद 156 दिनों तक जेल में रहने के बाद केजरीवाल की तिहाड़ जेल से रिहाई हो गई। तिहाड़ जेल के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अरविंद केजरीवाल को रिसीव करने के लिए जेल गेट के बाहर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल मौजूद थीं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर पहुंचे। उनके परिवार के सदस्यों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और सांसद संजय सिंह से मुलाकात की। इधर, उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो के मुकदमे में दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को शुक्रवार को जमानत देते हुए जमानत नियम और जेल अपवाद के सिद्धांत को दोहराया और कहा एक दिन के लिए भी स्वतंत्रता से वंचित करना बहुत ज्यादा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि जमानत देने की विधायी नीति तब विफल हो जाएगी, जब उचित समय पर मुकदमे के निपटारे की कोई संभावना नहीं होगी। इन टिप्पणियों के साथ पीठ ने श्री केजरीवाल को एकमत से जमानत तो दे दी, लेकिन अलग-अलग फैसले लिखे। न्यायमूर्ति भुइयां ने अपने फैसले कहा, ...जब तक दोष साबित न हो जाए, तब तक आरोपी निर्दोष होता है। यह न्यायालय बार-बार इस हितकारी सिद्धांत को दोहराता रहा कि जमानत नियम और जेल अपवाद है। सभी स्तरों पर अदालतों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुकदमे की प्रक्रिया और उसमें शामिल प्रक्रिया स्वयं सजा न बन जाए। उन्होंने कहा कि एक दिन के लिए भी स्वतंत्रता से वंचित करना बहुत ज्यादा है, जबकि प्रवर्तन निदेशालय मामले के कड़े प्रावधानों में श्री केजरीवाल को जमानत (12 जुलाई को) दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने लिखा, देश में जमानत न्यायशास्त्र के विकास के मूल सिद्धांत को दोहराया जाता है कि जमानत का मुद्दा स्वतंत्रता और न्याय से जुड़ा है। जमानत का विकसित न्यायशास्त्र न्यायिक प्रक्रिया के प्रति संवेदनशील समाज का अभिन्न अंग है। मुकदमे के लंबित रहने तक आरोपी व्यक्ति को लंबे समय तक जेल में रखना व्यक्तिगत स्वतंत्रता से अन्यायपूर्ण वंचना है।

उन्होंने अपने फैसले में कहा, अदालतें हमेशा विचाराधीन कैदियों के प्रति लचीले दृष्टिकोण के साथ स्वतंत्रता की पक्षधर रहती हैं, जो कानून के शासन का अभिन्न अंग है। सिवाय इसके कि ऐसे व्यक्ति की रिहाई से सामाजिक आकांक्षाओं को नुकसान पहुंचने, मुकदमे को पटरी से उतारने या आपराधिक न्याय प्रणाली को नुकसान पहुंचाने की आशंका हो। दरअसल, दिल्ली शराब नीति केस में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने सबसे पहले 21 मार्च को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अरेस्ट किया था। 10 दिन की रिमांड पूरी होने के बाद ईडी ने केजरीवाल को तिहाड़ जेल भेज दिया था। इसके बाद 10 मई को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए कोर्ट ने 21 दिन के लिए केजरीवाल को रिहा किया था। रिहाई की अवधि पूरी होने के बाद केजरीवाल ने 2 जून को तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया था।

## पटना में दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

पटना। पटना में बेखौफ अपराधियों ने एक प्रॉपर्टी डीलर को गोलियों से भून डाला, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान दतियाना बिक्रम निवासी सुदर्शन वर्मा के रूप में की गई है। घटना फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के एम्स गोलम्बर के पास की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी को खंगाला है, जिसमें अपराधी दिख रहे हैं। घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि प्रॉपर्टी डीलर सुदर्शन वर्मा ऑफिस से निकलकर अपनी कार में बैठने जा रहे थे। तभी मोटर साइकिल से आये अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियों की बौछार कर दी। जान बचाने के लिए सुदर्शन वर्मा वापस प्रॉपर्टी डीलर वाले मार्केट में घुसने लगे, लेकिन वहां अपराधी घुसकर उनके नजदीक से कई गोलियां मारी। अपराधियों ने उनके सिर में तीन गोलियां मारी हैं। दो गोलियां उनके बांह के पास लगी। घटना के बाद वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गई। घटनास्थल पर एडिशनल एसपी फुलवारी शरीफ बिक्रम सेहाग फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मसहुद हैदरी दलबल के साथ पहुंचे और एफ एस एल टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित कराने मे जुट गये।

## अब पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम होगा

- अब गुलामी का एक और निशान मिटा दिया गया है : शाह

प्रात : किरण



नई दिल्ली/ एजेंसी। गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति दिलाने की सरकार की मुहिम के तहत गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। श्री विजयपुरम नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह द्वीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेलुलर जेल में वीर सावरकर और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा माँ भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है। आज हमारी रणनीतिक और विकास आकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार बनने के लिए तैयार है। यह वह स्थान भी है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने तिरंगे को पहली बार फहराया था और वह सेल्युलर जेल भी है जहां वीर सावरकर और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संघर्ष किया था।

## बेगूसराय में निजी फाइनेंस कर्मी से तीन लाख 70 हजार की लूट

प्रात : किरण



पटना। बेगूसराय में एक बार फिर बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े पुलिस को चुनौती देते हुए एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों से हथियार के बल पर तीन लाख सत्तर हजार रुपये लूट लिए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना फुलवरिया थानाक्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मी अपनी ब्रांच से रुपये लेकर भारतीय स्टेट बैंक में जमा करवाने जा रहे थे। उसी वक्त दो बाइकों पर सवार पांच अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। फिर हथियार का भय दिखाते हुए मारपीट करने लगे तथा रुपये छीनने की कोशिश करने लगे। जब निजी कंपनी के कर्मियों ने इसका विरोध किया तब अपराधियों ने उन पर हथियार तान दिए और जबरन उनसे तीन लाख 70 हजार रुपये लेकर मौके से फरार हो गए। कर्मियों ने बताया कि घटनास्थल फुलवरिया थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित है और बैंक की शाखा भी महज 100 मीटर की दूरी पर ही है। लेकिन इसी बीच अपराधियों द्वारा इतनी बड़ी घटना को अंजाम देना कहीं न कहीं प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई। हालांकि इस घटना के बाद से लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, बैंक कर्मचारियों के बीच भी दहशत का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में फुलवरिया थाना अध्यक्ष ने बताया कि एक निजी फाइनेंस कमी से लूट का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया है की शिकायत मिली है कि निजी फाइनेंस कर्मियों से तीन लाख 70 हजार की लूट हुई है। फिलहाल पुलिस चारों तरफ नाकाबंदी कर छापामारी भी की जा रही है।




बिहार सरकार

## अपील

मुख्यमंत्री
बिहार

14 सितम्बर 1949 को भारत की संविधान–सभा ने हिन्दी–भाषा को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया था। इसलिए प्रत्येक वर्ष हम 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाते हैं।

हिन्दी भाषा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान तथा जनमानस की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। हमारे विशाल और बहुभाषी राष्ट्र के नागरिकों एवं राज्यवासियों को एक मंच पर लाने में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी–भाषा का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

बिहार हिन्दी भाषी राज्य है और यहाँ 1950 से ही राजभाषा अधिनियम लागू है। राजभाषा के रूप में हिन्दी सरकारी कामकाज की भाषा है। सरकार का दृढ़ निश्चय है कि शासन के सभी स्तरों पर हिन्दी का पूर्ण प्रयोग किया जाय।

14 सितम्बर 2024 को हिन्दी दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मैं राजभाषा हिन्दी के चतुर्दिक विकास की कामना करता हूँ एवं राज्य के सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे अपने कामकाज में हिन्दी को ही माध्यम के रूप में अपनाएँ तथा प्रत्येक क्षेत्र में इसका प्रयोग सुनिश्चित करें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 007871 (Cabinet)D. 2024-25



सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

## हिन्दी दिवस
(14 सितम्बर 2024)

## संदेश

'हिन्दी दिवस, 2024' के सुअवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

भाषा हमारे भावों और विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। राजकीय कार्यों में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग से प्रशासन को आम जनता के साथ जुड़ने में सुगमता होती है। हिन्दी भाषा हमारे देश की एकता, अखंडता और समरसता को अक्षुण्ण बनाये रखने में भी सहायक है।

'हिन्दी–दिवस' के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम हिन्दी के समग्र विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील रहेंगे।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 007870 (Cabinet) D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### दानापुर नगर परिषद प्रशासन ने अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया

दानापुर। नगर के अंतर्गत गांधी मैदान दानापुर मुख्य मार्ग पर व्याप्त अतिक्रमण के विरूद्ध नगर परिषद प्रशासन ने अभियान चलाया। रामजीचक से शुरू किया गया अभियान बी एस कालेज तक चला। सड़क पर रखे करीब आधा दर्जन ट्रैक्टर बालू जप्त किया गया। मुख्य सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दर्जन भर लोग से दंड स्वरुप 31 हजार रुपए वसुल किये गये। नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद के अतिक्रमण हटाओ दस्ता शुक्रवार को गांधी मैदान मुख्य मार्ग के रामजीचक पहुंची। अतिक्रमण हटाओ दस्ता को देखते ही अतिक्रमण करने वाले अपने दुकान समेटने लगे। ठेला एवं गुमटी लगा अतिक्रमण करने वालो में हडकंप मच गया। जगह जगह किये गये अतिक्रमण को हटाने में दस्ता लगी रही। दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल व नगर परिषद कर्मी अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई मे जुटे रहे। इस क्रम में सड़क पर रखे गये बालू व भवन निर्माण सामाग्री अति जप्त करने की कार्रवाई भी होती रही। इसके साथ ही आर्थिक दंड के साथ निर्देश भी दिया जाता रहा। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि दर्जन भर लोगो से दंड स्वरूप 31 हजार रुपए वसूल किये गये। साथ ही 6 ट्रैक्टर बालू आदि जप्त किया गया।

### बिजली के सर्विस तार काटने में दो चोरों गिरफ्तार

दानापुर। नगर के अंतर्गत रूपसपुर के विवेक विहार कालोनी में दो लोगो को पकड़ा। उसके पास से एक बोरा बिजली के सर्विस तार भी जप्त किया। बाद में लोगो ने दोनो को पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में स्थानीय लोगो ने लिखित शिकायत की है। मिली जानकारी के अनुसार रूपसपुर थाना क्षेत्र के विवेक विहार कालोनी में एक निमार्णाधीन घर में मजदूरो के रहने के लिए बनाये गये रूम में अहले सुबह बिजली का सर्विस तार चोरो ने काट लिया। बिजली आपूर्ति बाधित होने पर मजदूर उठ गये। बताया जाता है कि बिजली कटने पर मजदूर निकले तो देखा तार ही कटा है। जिस पर वे सभी देखने लगे तभी दो युवक बोरा लिये छीपे दिखे। जिस पर लोगो ने उसे पकड़ लिया। जब बोरा देखा तो उसमें बिजली के तार भरे थे। दो चोर को पकड़े जाने पर लोग जमा हो गये। बाद में दोनो को पुलिस के हवाले कर दिया। दोनो ने विवेक विहार कालोनी व जनकपुरी कालोनी में लगातार बिजली के सर्विस तार की चोरी कर रहे थे। दोनो के पास से मिली बोरा में तार काटने वाला कटर व काफी मात्रा में बिजली का तार जप्त किया गया। थानाध्यक्ष रण विजय कुमार ने बताया कि विवेक विहार कालोनी में बिजली के सर्विस तार चोरी करने वाले दो चोर को लोगो ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। जिसकी पहचान दानापुर के गजाधर चक निवासी सूरज कुमार व अंकित कुमार के रूप में किया गया। इस संबंध में जनकपुरी कालोनी निवासी रवि चौधरी ने लिखित शिकायत दर्ज कराया। दोनो को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। गया है

### सुगंध दशमी पर धूप-चंदन से पवित्र हुआ जैन मंदिर का वातावरण

पटना सिटी, जैन धर्मावलंबियों का पर्वराज दशलक्षण पर छठे दिन भाद्रपद शुक्ल दशमी शुक्रवार को उत्तम संयम धर्म को अंगीकार कर धूप दशमी पर्व मनाया गया। इस दौरान हाजीगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर, कचौड़ी गली स्थित जैन मंदिर, जिरिया तमोलिन गली (खाजेकलां) स्थित श्री चंद्रप्रभु जैन मंदिर में धूप-चंदन की भीनी-भीनी खुबशू बिखरी। श्रद्धालुओं ने जैन मंदिरों में पहुंच कर अग्नि में धूप अर्पित कर अपने कर्मों की निर्जरा व आत्मकल्याण की प्रार्थना की। वहीं दिगम्बर जैन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत मंगलाचरण, जिनेन्द्र स्तुति, अभिषेक पाठ, महामंत्र णमोकार के उच्चारण के साथ हुआ। जैन श्रद्धालुओं ने प्रातः बेला भगवान का नित्य अभिषेक, चतुष्कोण कलशाभिषेक, शांतिधारा के पश्चात विशेष प्रकार की पूजा-अर्चना किया। जैन समाज से प्रवीण जैन ने बताया कि सुगंध दशमी पर श्रद्धालु अपने द्वारा हुए बुरे कर्मो के क्षय की भावना मन में लेकर मंदिरों में भगवान के समक्ष धूप और सुगंधित चंदन अर्पित की जाती है। हीं उत्तम संयम धर्म की जानकारी देते हुए बताया कि आत्मसौंदर्य एवं मानव का अनोखा आभूषण संयम धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है।

# सब डर्मल इम्प्लांट को और गति देने की है जरुरत: डॉ एके शाही

## नए गर्भनिरोधक साधन पर राज्यस्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

- राज्य स्वास्थ्य समिति एवं पी. एस.आई. इंडिया के तत्वावधान में कार्यशाला का हुआ आयोजन




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना- पटना स्थित एक निजी होटल में आज शुक्रवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत नए गर्भनिरोधक साधन सब डर्मल इम्प्लांट एवं एमपीए सबकुटेनियस के एक साल पूरे होने एवं इससे प्राप्त आंकड़ों को समझते हुए आगे की रणनीति तय करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति एवं पी. एस.आई. इंडिया के तत्वावधान में राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. ए.के.शाही, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, परिवार नियोजन कार्यक्रम तथा अन्य गणमान्य अधिकारीयों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. ए.के.शाही एवं पी.एस.आई. इंडिया के उपनिदेशक समरेन्द्र बेहरा द्वारा की गयी।

सब डर्मल इम्प्लांट के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने की जरुरतः

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. ए.के.शाही ने कहा कि सब डर्मल इम्प्लांट के लाभार्थियों की संख्या में इजाफा करने की जरुरत है. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अगले तीन वर्षों में इसे एक निश्चित संख्या पर लेकर जाना है जिसके लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने की जरुरत है. हमें केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना है और इसकी रणनीति बनाने की जरुरत है. निशांत कुमार, उपनिदेशक परिवार कल्याण द्वारा भारत सरकार से दो वर्षों के लिए प्राप्त राशि एवं अनोमोदित गतिविधियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। पी.एस.आई. इंडिया के स्टेट टीम लीड मनीष सक्सेना द्वारा पिछले वर्ष से लागू दोनों नवीन गर्भनिरोधक से संबंधित अद्यतन स्थिति एवं की जा रही गतिविधियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया. उन्होंने बताया कि अगस्त 2024 तक राज्य के दो जिलों पटना एवं भागलपुर में 1930 लाभार्थियों को इम्प्लांट लगाया गया जिसमे पटना में 1256 एवं भागलपुर में 674 लाभार्थी शामिल हैं।

मुंगेर एवं शेखपुरा में अगस्त 2024 तक 2216 लाभार्थियों ने एमपीए सबकुटेनियस का चुनाव किया. इसमें मुंगेर में 803 एवं शेखपुरा में 1413 लाभार्थियों को एमपीए सबकुटेनियस लगाया गया. मनीष सक्सेना ने बताया कि इम्प्लांट लगाने में बिहार देश के दस राज्यों में दूसरे स्थान पर है. आईसीआरडब्यू ( इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च ऑन वुमन ) के प्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रम से अच्छादित स्वास्थ्य संस्थान एवं क्षेत्र का भ्रमण कर सेवा प्रदाता एवं लाभार्थियों से प्राप्त जानकारी से मिली सीख के बारे में बताया गया। कार्यशाला में शामिल पटना, भागलपुर, मुंगेर एवं शेखपुरा जिलों से आये प्रतिभागियों द्वारा अपने जिले में नवीन गर्भनिरोधक के क्रियान्वयन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी. इसके बाद आगामी कार्ययोजना का निर्माण एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास करने तथा जिला एवं राज्य स्तर पर मासिक समीक्षा करने के लिए नोडल पदाधिकारी से अनुरोध किया गया। कार्यशाला में पटना सिविल सर्जन डॉ. मिथिलेश्वर कुमार, मुंगेर के सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा, पीएमसीएच से डॉ. रानू सिंह एवं डॉ. मीनू शरण, पटना डीपीएम डॉ. विवेक कुमार सिंह, शामिल जिलों के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डीसीएम, चिकित्सक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं पी. एस.आई. इंडिया के राज्य एवं जिला स्तरीय टीम के अधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे।

# शिक्षाविद पंकज किशोर को दुबई में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मान




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहटा : दुबई के होटल हयात में हो रहे प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के पाँच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के प्रथम दिन शुक्रवार को शिक्षाविद पंकज किशोर सिंह को शिक्षा जगत में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया` मौके पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद एवं काउंसेल जनरल ऑफ इंडिया टू दुबई सतीश कुमार गौरव ने द्वीप प्रज्वलित कर किए। कार्यक्रम में पटना से डॉन बॉस्को अकैडमी की प्राचार्या मैरी एल्फोन्सा एवं सर्वोदय इन्फेंट अकैडमी एवं प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के पटना महानगर अध्यक्ष पंकज किशोर सिंह को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि काउंसेल जनरल ऑफ इंडिया टू दुबई सतीश साहू ने बताया कि वे दुबई के छः भारतीय इंजीनियरिंग कॉलेज , कई स्कूल जो सीबीएसई को फॉलो करते हैं । सीबीएसई की ऑफिस , नीट कॉलेज एवं कई भारतीय ऑफिस खुल गई हैं ।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एसोसिएशन के विस्तार एवं सरकारी आदेशों को भी इनके आदेश से पूरे देश में सर्वसम्मति से माना जाता हैं ।पटना महानगर अध्यक्ष पंकज ने पासवा का आभार जताया एवं बच्चों में अनुशासन को सर्वोपरि बताया ।उन्होंने नई शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डाला ।

# स्वर्गवासी सेवादार इंदर सिंह के आत्मक कल्याण के लिए की गई अंतिम अरदास



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में स्वर्गवासी भाई इंदर सिंह की आत्मक कल्याण के लिए रखा गया श्री अखंड पाठ की समाप्ति अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में पूरा हुआ। इसके बाद कीर्तन रागी जत्था भाई विक्रम सिंह और श्रद्धांजलि के शब्द मुख्य कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह के मूल मंत्र के पाठ के बाद हुआ।अंतिम अरदास एडिशनल हेड ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने की। कार्यक्रम में पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन, प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, राजा सिंह, हरपाल सिंह जौहल, गुरुद्वारा बाललीला के प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष आरएस जीत, महाराजा सिंह सोनू, दमनजीत सिंह रानू, अमरजीत सिंह शम्मी, अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, हरजीत सिंह, लेखापाल देवेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, शेर सिंह, महाकांत राय, योगेश्वर सिंह, चंद्रभूषण, गौरी शंकर निषाद, ग्रंथी अजायब सिंह, रंजन सिंह, बिहार सिख फेडरेशन के संस्थापक सरदार त्रिलोक सिंह निषाद, प्रेम सुंदर, रजनी कौर, लक्ष्मी कुमारी, गायत्री देवी, कन्हैया सिंह, सेवादार कल्याण समिति के संरक्षक बलराम सिंह, अध्यक्ष तजिंदर सिंह बंटी, दीपक सिंह, अवधेश सिंह के अलावा बड़ी संख्या में ग्रंथी सिंह, सेवादार, पाठी और सेवादारनी शामिल हुईं। गुरु घर से आशीर्वाद स्वरूप श्रीमती राधा देवी, राम भजन सिंह और सरदार त्रिलोक सिंह निषाद को एडिशनल हेड ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने सिरोपा दिया।

# तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारे ने दरबार साहिब की मयार्दा को पदाधिकारियों को दिए निदेश



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सात सितंबर को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रसाद नड्डा के साथ बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, दो डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा एवं सांसद रविशंकर प्रसाद पहुंचे थे। उन सबों के दरबार साहिब में पहुंचने के बाद सरोपा और प्रसाद देने के साथ ही शस्त्र व खड़ाऊं आदि का दर्शन कराया जा रहा था। इस दौरान मीडिया के द्वारा फोटो खींचना और वीडियो बनाने के दौरान कीर्तन कर रहे रागी के ऊपर मीडिया के द्वारा लद जाया गया, जिस कारण से कीर्तन को बीच में रोकना पड़ा। ऐसी स्थिति में धार्मिक कार्यक्रम का लाइव प्रसारण चल रहा था। इसे देश दुनिया में देख रही संगतों को खासा दुख पहुंचा और उन सबों ने श्री अकाल तख्त साहेब से लेकर तख्तश्री पटना साहिब के सिंह साहिबान और तख्तश्री पटना साहिब की कमेटी को कड़ा ऐतराज जताते हुए पत्र भेजा और कॉल कर आपत्ति जताई। इसे लेकर गुरुवार को पंज प्यारे सिंह साहिबानों की बैठक हुई। इसमें जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, गुरदयाल सिंह, परशुराम सिंह व अमरजीत सिंह शामिल हुए। इसमें कहा गया कि कुछ बाहरी मीडिया कर्मियों के द्वारा दीवान में फोटो और वीडियोग्राफी करते समय चल रहे कीर्तन में रुकावट की गई। स्टाफ से बहस की गई और माहौल को अशांत किया गया। यह सब कुछ लाइव के दौरान रिकॉर्ड हुआ, जिस कारण संगत की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस घटना को देखते हुए विशेष निर्देश जारी किया गया है। अब वीआईपी लोगों को तख्तश्री परिसर में दस्तार नहीं सजाया जाएगा। उनके साथ आए सुरक्षा गार्ड को बड़े हथियार लेकर दरबार साहिब में नहीं जाना होगा। वीवीआईपी को शस्त्रों का दर्शन नहीं करा केवल खड़ाऊं का दर्शन कराया जाएगा और सामने की ओर से सरोपा नहीं दिया जाएगा। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री पटना साहिब के पदाधिकारियों के द्वारा मीडिया कर्मियों को सख्त निर्देश नोटिस जारी कर दरबार साहिब में जाने पर पाबंदी लगाया गया है। उस फैसले के साथ वह सब सहमति प्रकट करते हैं। कमेटी को आदेश दिया जाता है कि इस फैसले को सख्ती से पालन कराई जाए। दरबार साहिब के अंदर कोई भी राजनीतिक दल के प्रवक्ता, शख्सियत या सम्मानित व्यक्ति नतमस्तक होने के लिए आते हैं, तो उन्हें आगे खड़े होकर सरोपा नहीं दिया जाएगा। सतगुरु के पावन शस्त्रों को किसी को भी निजी तौर पर दर्शन नहीं कराया जाएगा। शस्त्र दर्शन केवल संगतों को ही कराया जाएगा। विशेष परिस्थिति में सिर्फ सतगुरु के पावन खड़ाऊं के दर्शन करने के लिए पांच प्यारे सिंह साहिबान से आज्ञा लेना जरूरी होगा। श्रद्धालु सम्मानित व्यक्ति मत्था टेकने के लिए आएंगे, उन्हें तख्त साहिब के परिसर में कहीं भी दस्तार नहीं सजाई जाए। सिर ढंकने के लिए रूमाला का ही प्रबंध किया जाए। किसी भी श्रद्धालुओं को सम्मान में सरोपा और प्रसाद केवल तख्त साहिब के अंदर ही दिया जाएगा। किसी भी सम्मानित व्यक्ति को दरबार साहिब में ले जाते समय कम से कम सहयोगियों को साथ लाया जाए और भीड़ बढ़ने से बचा जाए। गुरु घर में कोई भी सम्मानित राजनीतिक पार्टी के लोग श्रद्धालु बन कर आएंगे। कमेटी उन्हें सिर्फ स्वागत करे, न कि बुके से स्वागत करे और साथ आए सुरक्षा गार्ड को दरबार साहिब के अंदर बड़े हथियार लेकर जाने पर रोक लगाई जाए। दरबार साहिब के अंदर इस तरह की घटना दोबारा नहीं हो।

# युवती के साथ होटल में रहे दो युवकों ने मोबाइल छिना, फिर लौटाया



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब स्थित होटल से निकली युवती का मोबाइल छिन कर एक युवक भाग निकला। इसके बाद युवती के द्वारा शोर मचाया गया। साथ ही इसकी शिकायत डायल 112 को उसके द्वारा दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में होटल के मैनेजर को पूछताछ के लिए हिरासत में लेते हुए थाना ले गई। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि युवती के साथ दो युवक गुरुवार को एक कमरे में ठहरे थे। शुक्रवार की सुबह उक्त होटल से बाहर निकलने के दौरान आपस में विवाद हो गया। तभी दो में से एक युवक युवती का मोबाइल लेकर निकल गया। चौक थाना की पुलिस ने बताया कि आखिर जिस युवती को होटल में रूम दिया गया था, उसका डिटेल रजिस्टर में दर्ज किया गया है कि नहीं। इसके अलावा पुलिस यह भी पता कर रही है कि आखिर किस आधार पर एक युवती के साथ दो युवक को एक कमरे में ठहरने की इजाजत दी गई। उन सबों के बीच आपस में संबंध क्या था। इस दौरान शुक्रवार की सुबह युवती के द्वारा ओला उबर गाड़ी बुक किया गया था। उसने उसे 10 मिनट तक इंतजार कराया। इसके बाद युवती होटल से बाहर निकली, तो युवक उसके हाथ से मोबाइल लेकर फरार हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष का कहना था कि महिला खुशहाली कुमारी दो पुरुष के साथ होटल में गुरुवार की शाम रुकी थी। शुक्रवार की सुबह करीब 6.30 में तीनों में विवाद हो गया। दोनों लड़के युवती का मोबाइल लेकर चले गए। बाद में पता चला कि युवती को मोबाइल वापस मिल गया है। पुलिस उक्त होटल के आसपास और होटल में रहे सीसीटीवी का अवलोकन कर रही है। युवती या उसके साथ रहे दोनों युवक के द्वारा थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

# स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में बिहार प्रगति के पथ पर

## पीएमसीएच सहित दस जिला अस्पतालों को मिली डीएनबी की मान्यता

प्रात :किरण संवाददाता

पटना : पीएमसीएच (पटना मेडिकल कॉलज अस्पताल) सहित 10 जिला अस्पतालों को डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) की मान्यता मिल गई है । नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस की टीम की जांच रिपोर्ट के आधार पर मान्यता मिली है। दस जिला अस्पतालों में दो वर्षीय (डिप्लोमा) एवं तीन वर्षीय ( डिग्री ) कोर्स के लिए कुल तैंतीस नई सीटों की मान्यता मिली है. डीएनबी कार्यक्रम के राज्य सलाहकार प्रभाकर सिन्हा ने जानकारी दी है कि राज्य के सभी नौ मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में विभिन्न विभागों में डी एन बी तथा सुपर स्पेशियलिटी कोर्स में मान्यता के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं. पीएमसीएच सहित जिला अस्पतालों को डीएनबी की मान्यता मिलना बड़ी उपलब्धि है। पीएमसीएच में वर्तमान में न्यूरोलॉजी के लिए तीन तथा नेफ्रोलॉजी के लिए दो सीटे मिली हैं । स्वास्थ्य विभाग का राज्य के सभी अड़तीस जिलों के अस्पतालों को डीएनबी की मान्यता दिलाने का लक्ष्य है। लक्ष्य पूरा होने की स्थिति में चिकित्सा पीजी स्तर की सीटों की संख्या बढ़ कर एक सौ पचास हो जाने का अनुमान है । इन अस्पतालों में मिली है मान्यताः श्री सिन्हा ने बताया अब तक राज्य के दस जिला अस्पतालों को डीएनबी की मान्यता मिल चुकी है जिसमें बिहार मानसिक स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (बिम्हास) को मनोरोग विज्ञान में चार सीटें मिलीं। समस्तीपुर सदर अस्पताल को पेडियाट्रिक्स के लिए दो सीटों की मान्यता मिली है । मोतिहारी सदर अस्पताल को गायनोकॉलोजी में दो और पीडियाट्रिक्स में चार सीट , सीतामढ़ी को पीडियाट्रिक्स में दो और एलएनजेपी हड्डी रोग अस्पताल को चार सीट, रोहतास सदर अस्पताल को पेडियाट्रिक्स में दो, गोपालगंज को पेडियाट्रिक्स मे दो, आरा जिला अस्पताल को अनेस्थेसिआ मे दो, बेगूसराय सदर अस्पताल को भी एनेस्थीसिया मे दो, नालंदा सदर अस्पताल को पेडियाट्रिक्स मे दो, तथा पीएमसीएच को न्यूरोलॉजी में तीन तथा नेफ्रोलॉजी में दो सीटें मिली है. डीएनबी से फायदाः मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी के डॉक्टर मिलेंगे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे जिला अस्पतालों को लाभ होगा। अध्ययनरत चिकित्सक एमबीबीएस डिग्रीधारी होंगे, जो अस्पताल में अपनी सेवा देंगे। इससे मरीजों को सुविधा होगी। यहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आने वाले चिकित्सक नीट पास कर डीएनबी पाठ्यक्रम में नामांकन करवा सकेंगे। डीएनबी की पढ़ाई शुरू करने को लेकर क्लास-रूम, लाइब्रेरी आदि की व्यवस्था होगी। साथ ही अकाउंटेंट, डिपार्टमेंटल मैनेजर, डाटा ऑपरेटर, चतुर्थवर्गीय व सुरक्षा गार्ड आदि भी उपलब्ध कराए जाएंगे। क्या है डीएनबीः डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड ) में डिग्री तीन वर्ष का जबकि डिप्लोमा दो वर्ष का होता है। [illegible] बिहार तथा बिह[illegible]बीएस उत्तीर्ण छात्र जिला सदर अस्पतालों में पीजी की पढ़ाई करने आएंगे। उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ सरकार की ओर से हर महीने अतिरिक्त भत्ता दिया जायेगा। यही नहीं, बिहार राज्य के इन सर्विस मेडिकल ऑफिसर को डी एन बी करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बिहार सरकार ने विशेष प्रावधान करते हुए उन्हें पढाई की अवधि में पूर्ण वेतमान देने की घोषणा भी कर दी है. सरकार की इस घोषणा से बड़ी संख्या में चिकित्सक डी एन बी करने के लिए अग्रसर हो रहे हैं. धीरे धीरे बिहार उन अग्रणी राज्यों की सूची में शामिल हो रहा है जिन्होंने उच्च चिकित्सा शिक्षा को जिला स्तरीय अस्पतालों तक ले जाने में सफलता पायी ह। उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्णाटक, हरियाणा अदि राज्य इस श्रेणी में शामिल हैं।

# जीविका दीदियों के श्रम की लूट बंद हो, उचित मानदेय और पहचान पत्र दिया जाये : विधायक

प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज और दुल्हिनबाजार प्रखंड में जीविका दीदियों द्वारा एक बड़े आंदोलन का आयोजन किया गया। यह आंदोलन जीविका दीदियों की विभिन्न मांगों को लेकर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सम्माजनक वेतन, पहचान पत्र निर्गत करने, जीविका कार्यों में सामाजिक सुरक्षा और कामकाज की परिस्थितियों में सुधार जैसी मुद्दों को लेकर आवाज उठाई गई। इस आंदोलन में पालीगंज विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने भी सक्रिय भागीदारी की और जीविका दीदियों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने आंदोलन के दौरान अपने संबोधन में कहा कि जीविका दीदियों की मांगे पूरी तरह से जायज हैं और राज्य सरकार को इन मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ह्लजीविका दीदियाँ ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और उनके योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है दोलन में स्थानीय नेताओं और समाजसेवियों ने भी हिस्सा लिया और समर्थन व्यक्त किया। सभा के अंत में एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा गया, जिसमें जीविका दीदियों की मांगों को शीघ्रता से पूरा करने का आग्रह किया गया। पालीगंज और दुल्हिनबाजार में यह आंदोलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और भविष्य में इसे और बड़े स्तर पर ले जाने की योजना बनाई जा रही है।

# 5 लाख कीमत का 531 लीटर बीयर व विदेशी शराब बरामद




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने राजीव नगर के रोड नंबर 18 में छापेमारी कर बीयर और विदेशी शराब लगभग 531 लीटर बरामद किया है। इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। वहीं एक कार भी जब्त किया गया है, जिस पर डिलीवरी करने के लिए बीयर लदा हुआ था। वाहन से तीन अलग-अलग नंबर प्लेट भी पाया गया है। यह जानकारी सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने शुक्रवार को दी। बताया गया कि राजीव नगर थाना क्षेत्र के रोड नंबर 18 और वार्ड 6 में हरीश कुमार का परिसर है। वहीं गोदाम में शराब रख कर आपूर्ति किया जाता था। जब उत्पाद विभाग की टीम को इस संबंध में सूचना मिली, तो छह-सात दिनों तक इसकी रेकी कराई गई। अंततः उत्पादक निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में दल का गठन किया गया और पूर्वाह्न करीब 11 बजे धावा बोला गया। उक्त गोदाम से 500 एमएल का करीब 1008 पीस यानी कुल 504 लीटर बीयर बरामद किया गया। इसके अलावा 36 बोतल विदेशी शराब यानी 27 लीटर, दोनों मिलाकर कुल 531 लीटर बीयर और विदेशी शराब बरामद किया गया है। वहीं बीयर लदा फोर व्हीलर, जिस पर पंजीयन संख्या बीआर 01एफडी 2625, लिखा था, को जब्त कर लिया गया। इस वाहन से तीन अलग-अलग नंबर प्लेट भी बरामद किया गया है। उस नंबर प्लेट पर पंजीयन संख्या जेएच 05सीडब्ल्यू 2505, जेएच 05सीडब्ल्यू 1335 और एमएच 04एफजेड 1581 भी मिला है। छापेमारी टीम में उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार के अलावा एएसआई अजीत पटेल, जितेंद्र झा, सिंटू कुमारी, सिपाही अभिजीत, शशि ऋषि, बलवीर और राहुल शामिल थे।

# बिहार के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। बिहार के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर पोषण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही प्रति दिन कार्यक्रम आयोजित कर शिशुओं, किशोरियों और महिलाओं के स्वास्थ को लेकर विभिन्न तरह की गतिविधियां चलाई जा रही है। पटना के प्रखंड खुशरूपुर में पोषण माह 2024 अंतर्गत महादेव उच्च माध्यमिक विद्यालय खुशरूपुर में किशोरियों के एनीमिया जाँच हेतु विशेष कैम्प का आयोजन स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आईसीडीएस के समन्वय से किया गया। कुल 207 किशोरियों का एनीमिया जाँच कर आयरन फॉलिक एसिड टेबलेट का वितरण किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी खुशरूपुर ने एनीमिया के लक्षण और बचाव के बारे में विस्तार से समझाया। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा किशोरावस्था में स्वास्थ्य के प्रति सजगता और पोषण के साथ पढ़ाई पर चर्चा की गई एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा पोषण अभियान, महत्व और परिवार के सदस्यों को पोषण के प्रति जागरूक करने के बारे में किशोरियों से अपील की। औरंगाबाद जिले के देव परियोजना के बनुया पंचायत में पोषण मेला का आयोजन किया गया। पोषण मेला में इस सप्ताह ह्लपोषण भी पढ़ाई भीह्न थीम पर तीन वर्ष पूरा करने वाले बच्चे का नामांकन किया गया। सभी लाभुक को पोषण और पढ़ाई के महत्व को बलाया गया और बच्चों को प्रति दिन आंगनवाड़ी केन्द्र पर भेजने हेतु प्रोत्साहित किया गया। गर्भवती और किशोरी बालिकाओं को आयरन की गोली दी गई। जबकि किशनगंज जिले के पोठीया ब्लॉक के में बच्चों का वजन और हाइट लिया गया और कमजोरी/नाटापन/कम वजन के बारे में पहचान करते हुए अभिभावकों को सलाह दी गई। वहीं, सुपौल जिला में पोषण माह पर प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख, बीडीओ त्रिवेणीगंज, बीपीआरओ त्रिवेणीगंज आदि के उपस्थिति में सीडीपीओ त्रिवेणीगंज द्वारा स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा और मोटे अनाज से बना स्थानीय व्यंजन की प्रदर्शनी आयोजित की गई। मौके पर स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा गतिविधि के दौरान बच्चे और उनकी माता को उपहार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जमुई जिले के अलीगंज में पोषण अभियान के तहत आंगनवाड़ी केन्द्र पर एल्बेंडाजोल मोप अप राउंड के साथ साथ आईएफए सिरप एवं टेबलेट का वितरण, टीकाकरण के साथ हीमोग्लोबिन जांच, एनीमिया से बचाव पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# मृत्यु के बाद निर्मल अग्रवाल का कराया गया नेत्र का दान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दधीचि देहदान समिति के जागरुकता अभियान के फलस्वरूप राजेंद्रनगर के 81वर्षीया स्मृतिशेष निर्मला देवी अग्रवाल के निधन के बाद परिवार ने नेत्रदान कराया। ऐसा कर परिवार ने पीड़ित मानवता की सेवा में मिसाल कायम किया है। सुपुत्र पवन अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, पंकज अग्रवाल सहित परिवार की सहमति एवं समिति के वरीय सदस्य मुकेश हिसारिया एवं प्रदीप अग्रवाल की पहल से नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र अधिकोष की टीम ने मृतका की आंख से कॉर्निया निकाला। अब उनकी आंखों से दो-तीन नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। मृत्यु निश्चित है परन्तु इसके बाद भी अमर होने का श्रेष्ट तरीका है नेत्रदान। एनएमसीएच के नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कारक के निर्देश पर नेत्र अधिकोष की टीम डॉ सचिन कुमार (नोडल ऑफिसर), डॉ प्रियंका शर्मा, डॉ राजनंदनी, जगमोहन ने कॉर्निया लेने की प्रक्रिया को पूरा किया। दधीचि देहदान समिति, बिहार से जुड़े पद्मश्री बिमल जैन, गोविंद कानोड़िया, पारस जैन, संजीव यादव आदि ने दिवंगत आत्मा की सद्गति के लिए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है। समिति के अध्यक्ष, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने जागरूक नागरिकों से अनुरोध किया है कि मृत्यु को जीवन का अंत न बनाएं, संकल्प लेकर नेत्रदान, अंगदान व देहदान करने का संकल्प लें।

# अब हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी मिलेगा नियमित टीकाकरण का लाभ : मंगल

## स्वास्थ्य मंत्री 15 सितंबर को करेंगे प्रत्येक प्रखंड के टीकाकरण कॉर्नर का उद्घाटन

- समाज के वंचित वर्ग को भी आसानी से टीकाकरण सुविधा मुहैया कराने की पहल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय आगामी 15 सितंबर को फुलवारी शरीफ प्रखंड स्थित कुरकुरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर (वर्चुअल) टीकाकरण कॉर्नर का उद्घाटन करेंगे। राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक प्रखंड के दो-दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण कॉर्नर बनाया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने और गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उसी क्रम में यह टीकाकरण कॉर्नर बनाया गया है। राज्य में पूर्ण टीकाकरण का 95 प्रतिशत आच्छादन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार तीव्रता से कार्यरत है, ताकि प्रत्येक बच्चे और गर्भवती महिलाएं आवश्यक टीकाकरण सेवाओं से वंचित न रहें। चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण के लिए छूटे हुए लाभार्थियों को भी आशा या उत्प्रेरक कर्मियों के माध्यम से टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टीकाकरण सेवाओं से कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर अब सप्ताह में 3 दिन सोमवार, मंगलवार और गुरूवार को टीकाकरण होगा। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सरकार द्वारा दी जाने वाली नियमित टीकाकरण संबंधित सभी टीके उपलब्ध रहेंगे। टीकाकरण के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आशा कार्यकर्ता या निःशुल्क नम्बर 104 पर भी संपर्क किया जा सकता है। बिहार सरकार टीकाकरण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है और इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला और प्रखंड स्तर के अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहेंगे, जो इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर 15 सितंबर से टीकाकरण होगा। पूर्ण टीकाकरण के लक्ष्य की पहल का उद्देश्य पूर्ण टीकाकरण के 95 प्रतिशत आच्छादन लक्ष्य की प्राप्ति करना है। यह कदम टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत बनाने और गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के आखिरी पायदान के लाभुकों को संपूर्ण टीकाकरण के लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है, ताकि शून्य से पांच साल तक के बच्चों के साथ - साथ गर्भवती महिलाओं को संपूर्ण टीकाकृत किया जा सके।

# 2015 में नीतीश कुमार की वजह से राजद को फायदा हुआ : अशोक

## जमीन सर्वे का काम पूरा होने से जमीनी विवाद में आएगी कमी

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि चुनावी आंकड़ें इस बात की गवाही देते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आने पर किन-किन राजनीतिक दलों को अब तक फायदा हुआ है, वर्ष 2015 से पहले राजद की स्थिति किसी से भी छिपी हुई नहीं है। मंत्री शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मीडिया से मुखातिब हुए। श्री चौधरी ने कहा कि जमीन सर्वे संबंधित दुविधाओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। जमीन सर्वे का काम पूरा होने से जमीनी विवाद से जुड़े कानून-व्यवस्था की घटनाओं में भी काफी कमी आएगी। पत्रकारों द्वारा राहुल गांधी के विषय में पूछे जाने पर श्री चौधरी ने कहा कि विदेशी धरती पर भारत की आंतरिक राजनीति की चर्चा करना कहीं से भी उचित नहीं है, इससे देश की छवि को नुकसान होता है।

साथ ही उन्होंने कहा कि विदेशी सरजमीं पर हमेशा अपने देश के प्रति समग्रता और उन्नति का भाव प्रदर्शित करना चाहिए। इससे पहले मंत्री ने ग्रामीण कार्य मंत्री, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी एवं विज्ञान, प्रौद्योगिकी व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी मौजूद रहे।

# सशर्त जमानत पर बाहर आना केजरीवाल की कोई जीत नहीं : विजय

## भ्रष्टाचार उन्मूलन की नारेबाजी करने वाले खुद भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हैं

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि केजरीवाल जी को 6 महीने के बाद 10 लाख रुपए के दो मुचलके के साथ बेल मिला है। ये जमानत कुछ शर्तों के साथ उन्हें मिली है। जैसे अभी भी वे न तो फाइल पर साइन कर सकते हैं और न ही ऑफिस जा सकते हैं । वे ट्रायल को लेकर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दे सकते । किसी भी गवाह से किसी भी तरह की बातचीत नहीं कर सकते। और जरूरत पड़ने पर आगे उनको ट्रायल कोर्ट भी जाना होगा और जांच में सहयोग करना होगा। यानी अभी तक उनको ह्यक्लीनचिटह्ण नहीं मिला है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि माननीय न्यायाधीश ने अपनी टिप्पणी में सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी को सही ठहराया है। इसलिए आम आदमी पार्टी और इंडी गठबंधन के लोग जो आरोप लगा रहे थे कि राजनीति से प्रेरित होकर उनपर सीबीआई शिकंजा कस रही है। वह आरोप आज बेबुनियाद साबित हुआ है। आप सोचिये कितनी बड़ी विडंबना है कि जो व्यक्ति भ्रष्टाचार के खिलाफ हवा बना कर सत्ता में आया आज उसे ही भ्रष्टाचार के मामले में अदालत में खड़ा होना पड़ा है। आज ये आम आदमी और इंडी गठबंधन के लोग न्यायालय के निर्णय की तारीफ कर रहे हैं। जबकि समय-समय पर संवैधानिक संस्थाओं की पवित्रता को ये लोग चुनौती देते आए हैं। दरअसल इंडी जमघट के लोगों की फितरत ही है जब जब न्यायपालिका का निर्णय इनके खिलाफ जाता है तब ये शोर मचाते हैं और जब निर्णय इनके पक्ष में आता है तब ये लोग ढोल बजाते हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि केजरीवाल और उनके समर्थकों का नैतिक पतन हो चुका है। जेल में रहकर भी इन्होंने मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ा। आजतक देश के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ कि सलाखों के पीछे से कोई जबरन सत्ता चला रहा हो। इस दौरान यह भी सिद्ध हो गया कि ये परिवारवाद के भी पोषक हैं। जब जेल में गए तो अपनी पत्नी को आगे कर दिया। इस मामले में ये लालू प्रसाद के छोटे भाई निकले। जिस कांग्रेस को गाली दे दे कर ये सत्ता में आए आज उन्हीं की गोद में बैठे हैं। कहते हैं कि संगत से गुण आता भी है और जाता भी है। कांग्रेस की संगति में केजरीवाल जी में वो सारे दुर्गुण आज आ चुके हैं जिनका विरोध कर वे सत्ता की सीढ़ियों पर चढ़े थे। उनकी सरकार के 10 साल की सारी करतूतों का बदला दिल्ली की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में चुकाने जा रही है।

# साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई विद्यार्थियों के लिए कथा-लेखन-प्रतियोगिता



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कथा-लेखन से विद्यार्थियों में कल्पना-शक्ति और सृजन-शीलता का विकास होता है। रचनात्मक-प्रतिभा के विकास में इसका अत्यंत महत्त्वपूर्ण योगदान है। प्रत्येक विद्यार्थी को कथा-लेखन में रूचि रखनी चाहिए। इससे आंतरिक-प्रतिभा निखरती है। भाषा शुद्ध होती है और वाणी में शालीनता आती है। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में विगत १ सितम्बर से आयोजित हिन्दी पखवारा एवं पुस्तक चौदस मेला के १३वें दिन शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए आयोजित कथा-लेखन-प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का स्वागत करती हुई सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने ये बातें कहीं। प्रतियोगिता में, डॉन बास्को ऐकेडमी,दीघा, रवीन्द्र बालिका विद्यालय, राजेंद्र नगर, बाल्डविन ऐकेडमी, पटना, किलकारी बाल भवन विद्यालय, सैदपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेलौरी, सीवान के विद्यार्थियों राज आर्यन, आरती वर्मा, आयुषी कुमारी, गणपत हिमांशु, प्रियांशु कुमार आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक-मंडल के सदस्य और भारतीय प्रशासनिक सेवा से अवकाश प्राप्त अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार बच्चा ठाकुर, डा मधु वर्मा, आयोजन समिति के सदस्यगण ई अशोक कुमार, कृष्ण रंजन सिंह, वरिष्ठ लेखिका डा सीमा रानी, लेखक अरुण कुमार श्रीवास्तव, डा टी एन वर्मा, संतोष कुमार आदि शिक्षक गण उपस्थित थे। पखवारा के १४वें दिन १४ सितम्बर को हिन्दी-दिवस समारोह आयोजित होगा, जिसमें १४ हिन्दी-सेवियों को सम्मनित किया जाएगा और कवयित्री सुजाता मिश्र की दो पुस्तकों काव्य भारती एवं सती-विन्यास का लोकार्पण संपन्न होगा।

# 2025 में राजद का सूपड़ा साफ होना तय : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि उनको लगता है कि झूठ बोलकर ही राजनीति में उनका बेड़ा पार हो जाएगा। लेकिन, यह उनकी भारी भूल है। झूठ बोलकर वह ज्यादा दिनों तक टिक नहीं सकते। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने झूठ बोलने की सारी सीमाएं लांघ दी है। उनको स्मरण होना चाहिए कि बिहार की जनता ने 2010 में इनकी पार्टी को 22 सीटों पर समेट दिया था। माननीय मुख्यमंत्री जी की कृपा से तेजस्वी को राजनीति में नया जीवन मिला। उन्हें यह समझना चाहिए कि आज उनके साथ जो पूर्व उपमुख्यमंत्री का तमगा लगता है, वह नीतीश कुमार की देन है। अगर तेजस्वी यादव में हिम्मत है, तो वीडियो जारी करें कि कब मुख्यमंत्री पुनः राजद के साथ आने के लिए गिड़गिड़ाने गये थे। उनको यह झूठ बहुत भारी पड़ेगी। श्री मिश्र ने कहा कि झूठ बोलकर तेजस्वी बिहार की जनता को बरगला नहीं सकते। इस झूठ का हिसाब तेजस्वी को देना होगा। बिहार की जनता 2025 में राजद और उसके सहयोगियों को सबक सिखाने को तैयार है। आगामी विधानसभा चुनाव में राजद का सूपड़ा साफ होनेवाला है।

# शराबबंदी का महत्व जानने के लिए पीके को सामाजिक समझ विकसित करनी होगी : उमेश

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि शराबबंदी कानून से सबसे अधिक फायदा बिहार की माताओं-बहनों को हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी लागू कर प्रदेश के करोड़ों घरों में खुशियां बिखेरने का काम किया हैं, इसलिए प्रशांत किशोर द्वारा शराबबंदी हटाने की बात कहना उनके महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शराबबंदी कानून से महिलाओं के खिलाफ हो रहे घरेलू हिंसा में बड़े स्तर पर कमी दर्ज की गई है। गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार आया है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून को राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाए समाज सुधार की दिशा में इसके फायदे को समझने हेतु प्रशांत किशोर को अपनी सामाजिक समझ विकसित करनी होगी। शराबबंदी को बिहार की जनता ने हाथों हाथ स्वीकार किया है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार शराबबंदी लागू होने से यौन हिंसा के मामलों में 21 लाख (3.6 फीसदी) की कमी आई है। महिलाओं के खिलाफ अपराध दर में भी रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि शराबबंदी के विषय में किसी भी तरह का अनर्गल बयान देने से पहले प्रशांत किशोर को जमीनी हकीकत की जानकारी जरूर प्राप्त करनी चाहिए। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक सद्भाव को कायम रखने में भी शराबबंदी कानून का अद्भुत योगदान रहा है। इस कानून को समाप्त करने की ख्वाब देखने वालों का बिहार में कभी राजनीतिक उदय नहीं हो सकेगा। प्रदेश की महिलायें किसी भी किमत में ऐसे लोगों को स्वीकार नहीं करेगी।

# मुजफ्फरपुर बलात्कार और हत्या मामले की सीबीआई जांच हो : बसपा



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मुजफ्फरपुर के पारू प्रखंड में दलित बच्ची के साथ हुए बलात्कार और हत्या के मामले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बिहार सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने बिहार की बेटियों को न्याय न मिलने पर गहरा दुख व्यक्त किया और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। अनिल कुमार ने कहा, बिहार में गरीब, दलित, पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की बहन-बेटियों के साथ हो रहे अत्याचारों को सरकार कब तक ढकने का काम करेगी? मुजफ्फरपुर के तत्कालीन एसपी के अपराधियों से क्या संबंध हैं, जो दोषियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं? उन्होंने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होती है, तो बसपा बड़ा आंदोलन करेगी। राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने इस घटना को जंगलराज करार देते हुए कहा, मुजफ्फरपुर की घटना में बसपा की टीम ने 17 अगस्त को पीड़ित परिवार से मुलाकात की और शांतिपूर्ण मार्च निकाला, फिर भी 18 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष और उनके पुत्र पर झूठा एफआईआर दर्ज किया गया। यह सरकार अपराधियों को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने इस मामले में तथ्यों को छिपाने और पोस्टमार्टम में गलत जानकारी देने का आरोप भी लगाया। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो ने कहा, हमारी पार्टी दबे-कुचले समाज के हक और न्याय के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। जो निर्दोष फंसाए गए हैं, उन्हें दोषमुक्त किया जाए और जो पलायन कर गए हैं, उन्हें सुरक्षित उनके घर वापस लाया जाए। मौके पर केंद्रीय प्रदेश प्रभारी लालजी मेघांकर, एडवोकेट सुरेश राव, प्रदेश उपाध्यक्ष सकलदेव दास, प्रदेश महासचिव संजय मंडल समेत कई बसपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कानून व्यवस्था को लेकर तेजस्वी ने सरकार को घेरा



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सूबे में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर हमलावर बने हुए हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा है। नेता प्रतिपक्ष ने शुक्रवार को पूर्व विधायक अनंत सिंह का नाम लिए बिना उनके जरिए मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि जिस कथित अपराधी को पुलिस ने घर में एके-47 रखवाने के जुर्म में गिरफ्तार किया था, तीन से चार दिन पूर्व उसी से मिलने मुख्यमंत्री उसके घर गए थे। तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी के नेता अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री चलाते हैं फिर उन अवैध हथियारों को अपराधियों को बेचते हैं। शराबबंदी के बावजूद सत्ताधारी दल के नेता तस्करी से अपने घरों में शराब का भंडारण कर फिर पुलिस की मिलीभगत से उसे बेचते है।

# एनडीए सरकार कर रही रघुवंश बाबू की उपेक्षा : राजद

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने राज्य एवं केन्द्र सरकार पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह की उपेक्षा करने और उनके निधन के बाद किए गए घोषणा को कूड़ेदान में डाल देने का आरोप लगाया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि उनके निधन के बाद मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी कि रघुवंश बाबू द्वारा की गई मांगों को पुरा करने हेतु राज्य सरकार शीघ्र पहल करेगी। प्रधानमंत्री द्वारा भी कहा गया कि रघुवंश बाबू की माँगों को पुरा करने के लिए केन्द्र की सरकार राज्य सरकार को हर प्रकार की मदद करने के लिए तैयार है। पर चार साल हो गये अबतक उनकी एक भी मांग को पुरा नहीं किया गया है। उनकी मांगों को लेकर सरकार द्वारा अबतक कोई पहल नहीं किया जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण और असम्मान जनक है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि अपने जीवनकाल में कुछ कामों को पुरा नहीं करने का उन्हें मलाल रह गया था जिसे मृत्यु पूर्व मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री को पत्र लिखकर पुरा करने का आग्रह किया था। तत्कालिक राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री द्वारा उनके मांगों को पूरा करने की सार्वजनिक घोषणा की गई थी। पर चार साल गुजर गए अभी तक उस दिशा में कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह ने अपने मृत्यु पूर्व मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में माँग की थी कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष 15 अगस्त और 26 जनवरी को वैशाली गढ पर सरकारी आयोजन किया जाये और महामहिम राज्यपाल अथवा मुख्यमंत्री द्वारा झंडोतोलन किया जाये जैसे एकीकृत बिहार में पटना और राँची में झंडोतोलन की परम्परा थी। मुख्यमंत्री को लिखे एक दूसरे पत्र में उन्होंने भगवान बुद्ध का भिक्षा-पात्र अफगानिस्तान से वैशाली मंगवाने की माँग की थी। मुख्यमंत्री को लिखे एक अन्य पत्र में रघुवंश बाबू ने मनरेगा से आम किसानों को जोड़ने की माँग की थी। जिससे मजदूरों को काम भी मिलेगा और किसानों को मजदूर की उपलब्धता के साथ हीं आर्थिक बोझ भी हल्का होगा। सिंचाई मंत्री को सम्बोधित पत्र में रघुवंश बाबू द्वारा समाजवादी विचारक और साहित्यकार रामवृक्ष बेनीपुरी जी के घर की सुरक्षा के लिए मुजफ्फरपुर के कटौंझा धार को दोनों तटबंधों के बीच लाने, मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज, मोतीपुर और वैशाली में गंडक नहर पर छोटा पुल बनाने, वैशाली जिला के महनार प्रखंड में मलमला नहर के दाहिने बाँध का चैड़ीकरण कर सड़क बनाने और शाहपुर मे नहर में स्लूइस गेट लगवाने का आग्रह किया गया था। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जिन तत्वों के खिलाफ रघुवंश बाबू आजीवन लड़ते रहे। जिते जी तो वे तत्व उनका सामना नहीं कर सके पर उनके अचेत होने के बाद उन्हीं तत्वों ने सुनियोजित साजिश के तहत एक काल्पनिक कथानक के आधार पर उनके पुण्यात्मा के साथ अक्षम्य अपराध किया था साथ हीं उनके लिखे पत्रों की गलत व्याख्या कर राजनीतिक लाभ लेने का घटिया प्रयास किया था।

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी वार्डों में रहेगी स्वच्छता की धूम

## नगर निगम की गाड़ियों द्वारा निकाली जाएगी स्वच्छता रैली



- सभी 75 वार्डों में शुरू किया जा रहा स्वच्छता जागरूकता अभियान

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए पटना नगर निगम द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा थीम के तहत पटना नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ दिनांक 17-09-2024 से किया जाना है। इसके तहत पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छता की भागीदारी, श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता तथा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता की भागीदारीः पटना नगर निगम द्वारा दिनांक 17 सितंबर को सुबह 07 से 08 बजे तक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम वॉकथन का आयोजन विकास भवन से आर ब्लॉक स्थित स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स तक आयोजित किये जायेंगे। साथ ही सुबह 11 बजे प्रत्येक अंचल के 30 (तीस) छोटी-बड़ी वाहनों की रैली मोइनुलहक स्टेडियम से आयोजित किये जायेंगे। सुबह 11:30 बजे कंकड़बाग वर्कशॉप का उद्घाटन किये जायेंगे। श्रमदान के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता : पटना नगर निगम द्वारा 17 को सुबह 10 बजे बाजार समिति में स्थानीय श्रमदान एवं निगम कर्मियों के माध्यम से सफाई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर : 18 सितंबर से सभी 75 वार्ड में राज्य स्वास्थ्य समिति के सहयोग से स्वास्थय शिविर का आयोजन किये जायेंगे। श्रमदान से संपूर्ण स्वच्छता- प्रत्येक वार्ड में खाली पड़े निजी भूमि पर पहचान एवं सूचीकरण किया जायेगा। इसके साथ ही साफ किए गए कूड़ा स्थल का स्थानीय श्रमदान एवं निगम कर्मियों के माध्यम से सफाई कार्यक्रम के साथ-साथ साफ किये गये प्रत्येक स्थल पर निगरानी समिति का गठन एवं शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–36 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–24.09.2024 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–25.09.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–25.09.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी :

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of main building and PH work in G.O flat No - R/02 at Punaichak, Patna for the year 2024-25 | 996500.00 | 20000.00 | 1250.00 | 1 month |
| 2 | Renovation of campus development, roof treatment (APP) work of G.O. flat No -K Block at New Punaichak, patna for the year 2024-25. | 931700.00 | 19000.00 | 1250.00 | 1 month |
| 3 | S/R to flat No -63/84 of 84 set at New Punaichak, Patna for the year 2024-25 | 592500.00 | 12000.00 | 1250.00 | 1 month |

PR. No. 008085 (BCD ) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना

बिहार सरकार

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–22 वर्ष 2024–25

स्थानीय अभिकर्ता श्रेणी (iv) में निबंधित संवेदकों / ख्याति प्राप्त फार्मो / निबंधित दुकानदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 24.09.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 1:30 बजे अपराहन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :–

| क0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयाँ | मात्रा | इकाई | उद्वत की जानेवाली दर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of Work – Supply of printed forms, office Stationary and Computer accessories to Office of The Executive Engineer, Gardanibagh Building Division, Patna for the year 2024-25 (Part-B) | | | |

- कार्य समाप्ति की अवधि : 15 दिन
- विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

PR. No. 008092 (BCD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय

उच्च पथ योजना एवं अन्वेषण अंचल

केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

(400 सेट अराजपत्रित आवास सं०–321 एवं 322 राजवंशीनगर, पटना–800023, ई.मेल–pwdsehpi369@gmail.com)

नीलामी सूचना

1. नीलामी आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी :– अधीक्षण अभियंता, उच्च पथ योजना एवं अन्वेशण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. नीलामी की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.10.2024, समय 03:00 बजे अपराह्न।
3. नीलामी आयोजन स्थल :– अधीक्षण अभियंता का कार्यालय (400 सेट अराजपत्रित आवास संख्या–321 / 322, राजवंशीनगर)।
4. उच्च पथ योजना एवं अन्वेशण अंचल के कार्यालय में रखे बेकार एवं अनुपयोगी फर्नीचर / कम्प्यूटर एवं अन्य सामग्रियों की नीलामी।
5. नीलामी होने वाले सभी बेकार सामानों का निर्धारित मूल्य ₹15110.00 (पन्द्रह हजार एक सौ दस मात्र) है।
6. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति सामग्रियों का निरीक्षण (जहां है जिस स्थिति में है) कर सकते हैं।
7. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति ₹1000.00 (एक हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट, जो अधीक्षण अभियंता, उच्च पथ योजना एवं अन्वेशण अंचल, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना (Superintending Engineer, HPI Circle, RCD, Bihar, Patna) के पदनाम से निर्गत हो एवं पटना में भुगतेय हो, जमानत के रूप में जमा करने के पश्चात् हीं नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।
8. नीलामी प्रक्रिया के उपरांत अधिकतम डाकवक्ता द्वारा पूर्ण राशि e-challan के माध्यम से तीन कार्यदिवस के अंदर जमा करना होगा। तत्पश्चात् उनके द्वारा सामानों को उठाया जाएगा।
9. उच्चतम डाकवक्ता का बैंक ड्राफ्ट सफलता पूर्वक कार्य निष्पादन के उपरांत लौटाई जाएगी अन्यथा यह राशि जब्त कर ली जाएगी। नीलामी प्रक्रिया के समापन उपरांत शेष डाकवक्ता का जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट लौटा दिया जाएगा। भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति अपना पैन की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न करेंगे।
10. अधिकतम डाकवक्ता को नीलामी में दी गई सामग्रियों को अधीक्षण अभियंता, उच्च पथ योजना एवं अन्वेशण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात् जहां है, जैसे है, हस्तगत करा दिया जाएगा।
11. नीलामी के समय संबंधित प्रभारी पदाधिकारी, उच्च पथ योजना एवं अन्वेशण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना उपस्थित रहेंगे।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 008053 (RCD) 2024-25

अधीक्षण अभियंता

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने की 20 लोक शिकायत मामले की सुनवाई

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने आज समाहरणालय में लोक शिकायत से सम्बंधित द्वितीय अपील के 20 मामले की सुनवाई की।जनता की समस्याओं एवं शिकायतों के निवारण हेतु जिला पदाधिकारी मुजफ्फरपुर द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को नियमित रूप से लोक शिकायत के आवेदन की सुनवाई तथा निवारण हेतु अपेक्षित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाती है। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा आज समाहरणालय में लोक शिकायत के द्वितीय अपील के 20 मामले की सुनवाई एवं समाधान की अपेक्षित कार्रवाई की गई। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता एवं पदाधिकारी अर्थात दोनों का पक्ष लिया तथा नियमानुसार अपेक्षित अग्रेत्तर कार्रवाई की गई। अधिकांश शिकायत भूमि विवाद, अतिक्रमण,नल-जल, आपदा, पंचायत, रास्ता निकासी, आपूर्ति आदि से संबंधित मामले पाये गये। उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील होकर सीमित समय में समाधान करने का निदेश दिया। सुनवाई में जिलास्तारीय अधिकारीगण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रखंडों के अधिकारी संबद्ध थे।

### सीपीएम नेता के निधन पर जताया शोक

समसतीपुर कलयाणपुर कल्याणपुर वारिसनगर लोकल कमेटी की ओर से पार्टी के जनरल सेक्रेटरी सीताराम येचुरी के आकस्मिक निधन पर कार्यकताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। कार्यकताओं ने कहा कि उनके निधन से वामपंथी आंदोलन को काफी छति हुई है। जिला कमेटी के सदस्य भोला राय , लाल प्रसाद, राघवेंद्र यादव, उमेश शर्मा, वीरेंद्र प्रसाद मुन्ना मोहम्मद जहांगीर सुरेंद्र पासवान शिवनाथ महतो वासुदेव शर्मा प्रदीप झा आदि ने शोक जताया है।

### कुढ़नी प्रखंड मुख्यालय पर धरना -प्रदर्शन आयोजित

मुजफ्फरपुर । कुढ़नी प्रखंड मुख्यालय पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट के तत्वावधान में प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी के समक्ष सर्वे से उत्पन्न आम लोगों की समस्याओं, मनरेगा मजदूरों का भुगतान, दलित बस्ती में सड़कों का निर्माण, गरीबों को वास का जमीन, प्रखंड व अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार , बिजली स्मार्ट मीटर हटाने , बिजली का निजीकरण, शिक्षा का निजीकरण , बढ़ती मंहगी, कुढ़नी प्रखंड को सुखाग्रस्त कर उचित मुआवजा देने, बेरोजगारी के खिलाफ विशाल धरना -प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के जिला मंत्री कामरेड अर्जुन कुमार, राज्य कमेटी सदस्य लाल बाबू महतो, किसान नेता काशीनाथ सहनी, काली कांत झा, वैद्यनाथ पंडित, संजीत माझी, विजय राम, विरेंद्र ठाकुर, राम सेवक पासवान, प्रेमा देवी, युवा नेता शिव कुमार, नंद किशोर सहनी, व शशि कुमार सिंह सहित दर्जनों नेता ने संबोधित किया

### टीम बना कर प्रत्येक बूथ पर भाजपा की सदस्यता बनायें : डॉ मुरारी मोहन

दरभंगा।केवटी विधायक डॉ0मुरारी मोहन झा ने शुक्रवार को संगठन पर्व सदस्यता अभियान प्रवास कार्यक्रम के तहत केवटी विधानसभा क्षेत्र के पंचायत छतवन और बनसारा में विभिन्न बूथों पर पहुंच कर विशेष अभियान चलाया और वहा उपस्थित कार्यकताओं से आग्रह किया की 5 लोगों का टीम बना कर प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक संख्या में पार्टी द्वारा लॉन्च किए गए नंबर पर मिस्ड कॉल करके भाजपा की सदस्यता दिलाए और केंद्र सरकार द्वारा चल रहे जनहित योजनाओं के बारे में जानकारी साझा कर उन्हे लाभान्वित करें आगे डॉ0 झा ने कहा की प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा की जिनका भी उम्र 70 वर्ष या उससे अधिक हो उन सभी माता पिता को आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक का ईलाज फ्री में देश के किसी भी अस्पताल में जो आयुष्मान से निबंधित हैं किया जाएगा। इस दौरान केवटी पूर्वी के मंडल अध्यक्ष विनोदानंद झा,सतीश यादव,गुड्डू ,बसंत जी,विनोद गामी,उपेंद्र गामी,गणेश महतो, चिंटू,सचिदानंद,प्रमोद जी,बिंदे चौपाल,संभू मुखिया,रवि गामी,एवं विकल्प झा आदि लोग मौजूद रहें ।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमेहसी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक आर्म्स एक्ट के नामजद आरोपी को पुलिस ने नामापुर खेढी गांव से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नामापुर खेढी गांव निवासी लाल बाबू राय के पुत्र बबलू राय के रूप में की गयी। इस संबंध में थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की तलाश पुलिस को थी।जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# अगर हमारी सरकार बनी तो मिथिलांचल डेवलपमेन्ट का गठन किया जाएगा : तेजस्वी यादव

## सुप्रीम कोर्ट के द्वारा केजरीवाल के जमानत के फैसले का किया स्वागत योग्य

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कार्यकर्ता जन संवाद यात्रा के क्रम में चौथे दिन लहेरियसराय प्रेक्षागृह में विधान सभा के कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की। बैठक से पहले तेजस्वी यादव ने परिसदन में पत्रकारों से बात करते हुये कहा की सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जमानत देने के फैसले का स्वागत योग्य है।

वही तेजस्वी ने कहा कि कोर्ट का जो ऑब्जेरबेसन देखा जाय तो लगातार एजेंसियों को कड़े से कड़े शब्दों में फटकार लगाई जा रही है। एक बार नहीं सुप्रीम कोर्ट ने कई बार एजेंसियों को फटकार लगाई है। जिससे केंद्र की सरकार की किरकिरी हुई है। सीबीआई भाजपा जो लिस्ट उन्हें मुहैया कराती है। उसी लिस्ट के आधार पर ये एजेंसियां काम करती है।

वही तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तो चाहते है कि जो भी बात, साफ सुथरा जांच हो। लेकिन हमलोगों ने यह भी देखा है कि दूसरे पार्टी में रहते है तो उन्हें एजेंसियां शमन कर चार्जसीट करती है और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लेती है। अगले ही दिन वह व्यक्ति अगर भाजपा में शामिल हो जाते है तो चार्जसीट से उनका नाम ही गायब हो जाता है। कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जमानत के मामले में कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए फैसला सुनाया है। जिसका हम स्वागत करते है।

वही मिथिलांचल के विकास के सवाल पर तेजस्वी यादव ने अपना रुख साफ करते हुए कहा कि अगर हमारी सरकार बनी तो मिथिलांचल के विकास के लिए मिथिलांचल डेवलोपमेन्ट अथॉरिटी का गठन किया जाएगा। जिससे मिथिलांचल के विकास में कोई कोर कसर बाकी नही रह जायेगा। हमलोग जो कहते है, वही करते है। ताकि मिथिलांचल का जो इलाका है। वह काफी आगे बढ़े। यहाँ मछली, मखाना और पान है। जिसको लेकर यहां कई प्रकार के फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाया जा सकता है। जिससे यहां की पलायन, बेरोजगारी के साथ साथ गरीबी को भी दूर किया जा सकता है

## कुढ़नी सीएचसी के लिपिक का वेतन स्थगित, पूछा गया स्पष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान करने तथा जनहित के कार्यों का जवाबदेही से गुणवत्तापूर्ण संपादित कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड,अंचल कार्यालयों अस्पतालों एवं ,विद्यालयों के औचक निरीक्षण का कार्य नियमित रूप से जारी है। इस क्रम मे जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुढनी तथा कृषि विज्ञान केंद्र तुर्की का निरीक्षण किया। सीएचसी निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दवा वितरण केंद्र, इमरजेंसी, डेंगुवार्ड,आयुष्मान कार्ड निर्माण, पेसेन्टवार्ड, रजिस्टेशन सेंटर का निरीक्षण किया तथा पेशेंट से हालचाल पूछा और फीडबैक प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी एवं प्रधान लिपिक की उपस्थिति की भी जांच की। जांच के क्रम में प्रधान लिपिक अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने प्रधान लिपिक अनमोल कुमार सोनल का वेतन स्थगित करने तथा स्पष्टीकरण करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित इलाज तथा दवा की उपलब्धता एवं निःशुल्क वितरण की व्यवस्था के बारे में आम लोगों के बीच प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि रोगियों को स्थानीय स्तर पर ही इलाज एवं दवा की निःशुल्क सुविधा सुगम रूप में मिल जाय। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को रोस्टर के अनुरूप डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति नियमित रूप से सुनिश्चित करने तथा जिम्मेदारी से रोगियों का इलाज करने का निर्देश दिया। उन्होंने सिविल सर्जन को डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र तुर्की का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों एवं विधियों की जानकारी देने तथा किसानों की समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान करने का निर्देश दिया।

## तीसरे दिन घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन किया समाप्त




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर, भाकपा-माले जयनगर के द्वारा हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत और प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी जयनगर के वादा खिलाफी के विरोध में सैकड़ो आंदोलनकारियों के द्वारा प्रखंड सचिव भूषण सिंह के नेतृत्व में 21 सूत्री मांगो के समाधान हेतु प्रखंड-अंचल कार्यालय जयनगर के समक्ष घेरा डालो- डेरा डालो आंदोलन तीसरे दिन जारी रहा। जिलाधिकारी मधुबनी अरविन्द कुमार वर्मा एवं अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेद्र कुमार के पहल और वार्ता के बाद देर संध्या में अंचलाधिकारी कुमारी सुजाता के द्वारा आंदोलन स्थल पर पहुंच कर संतोष जनक वार्ता के उपरांत कल देर संध्या में तीसरे दिन घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन समाप्त किया गया।स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि भाकपा-माले के द्वारा जनता के स्थानीय जनसमस्याओ के निदान 9 मार्च 2024 से अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर एवं प्रखंड व अंचलाधिकारी के समक्ष तथा कोरहिया में अनशन सहित अन्य जनतांत्रिक तरीके से धरना प्रदर्शन व घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन के माध्यम से समस्याएं को समाधान करने कि मांग करते आए है, लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी जयनगर के द्वारा आश्वासन पर आश्वासन देते आ रहे है। जिसके कारण आम जनता दलित गरीब भूमिहीन परिवारो कि समस्याएं और जटिल होते जा रहा है। सरकार ने बसेरा योजना 2 के तहत भूमिहीन परिवारों को भूमि मुहैया और बास गीत पर्चा व पचाधारी परिवारों को भूमि पर दखल कब्जा दिलाना है और बिहार मे 95 लाख आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को 72 हजार से निचे आय प्रमाण -पत्र बनाने के शर्त पर परिवारों को उन्नति व रोजगार के लिये 2 लाख अनुदान देना है लेकिन अंचला धिकारी के द्वारा 1 लाख रुपये उपर का आय प्रमाण-पत्र बना रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रो में दर्जनों उप स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बंद है और उपाधीक्षक कुमार रौनित अनुमंडल अस्पताल जयनगर के द्वारा कागज पर ही चालू दिखा कर राशियों कि गोलमाल करते है जिसके कारण जयनगर मे दर्जनो अबैध नर्सिंग होम फल-फूल रहा और उपचार के दौरान प्रत्येक सप्ताह में कई मरीजो को मौत का शिकार होना पड़ रहा है। स्मार्ट विद्युत मीटर संवेदक के द्वारा जबरन लगाया जा रहा है और महिला समूहों से जबरन कर्ज वसूली करने के कारण आत्महत्या करने और घर छोड़ने पर मजबूर है। अपराधी घटनाएं में वृद्धि हो रहा है। भूमि कि सर्वे प्रत्येक गाव -मौजा के साथ साथ अंचल मुख्यालय में भी स्थाई रूप से करने की जरूरत है अंचल के हल्का कर्मचारियों को आवास व हल्का चलाने के लिए मुख्यालय में कार्यालय देने व शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में जल जमाव का स्थाई निदान करने सहित अन्य मांगो को लेकर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन दिन रात धुप-वर्षा भुख और प्यास के मुकाबला करते हुए तीन दिनों से आंदोलन जारी रहा और 72 हजार से निचे आय प्रमाण-पत्र बनाने के लिये 1780 आवेदन लोगो ने जमा किए और आंदोलन स्थल पर ढोल-ताशा बजा कर जनवादी गीत भी आंदोलनकारियो ने प्रस्तुत किया।

## जिलाधिकारी ने किया कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।जिलाधिकारी राजीव रौशन ने आज जनता के दरबार में 36 से अधिक मामलों की सुनवाई किया और दर्जनों से अधिक मामलों का निवारण भी। जिलाधिकारी अपने कार्यालय कक्ष में जनता के दरबार में परिवादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र निवारण करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।उन्होंने शिकायतों को त्वरित निवारण के लिए अधिकारियों को दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश। संबंधित पदाधिकारी को कहा कि शिकायतों को निवारण में सर्वोच्च प्राथमिकता देना सुनिश्चित करें।उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में एक बजे अपराह्न से आए हुए परिवादियों की शिकायतों को बड़े धैर्य के साथ सुनते हैं और उसके निवारण करने का हर संभव प्रयास करते हैं। आज 36 से अधिक परिवादी अपने आवेदन के साथ उपस्थित हुए जिसमें से कई आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला से आए परिवादियों से उनकी समस्यायों को सुना और 13 मामलों का औन स्पोट किया-समाधान एवं शेष, 23 आवेदन को संबधित पदाधिकारीयों को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश भी दिया।जनता दरबार में समाज कल्याण विभाग,पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग भूमि विवाद अतिक्रमण आदि के मामलों का निष्पादन किया। मामलों को शीघ्र निवारण के लिए अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, उप निदेशक जन संपर्क सत्येंद्र प्रसाद, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी संजय कुमार सहायक निदेशक ,पूजा कुमारी आईटी सहायक एवं अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अगले दो -तीन दिनों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मौसम अनुकूल होने के कारण उत्तर बिहार में अगले 2-3 दिनों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 33-36डिग्री और न्यूनतम तापमान 24से 26डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। अगले एक दिनों तक पछिया उसके बाद पुरवा हवा चल सकती है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 14 से 18 सितम्बर तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान में यह जानकारी दी है ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.4 एवं 25.7 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 93 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 72 प्रतिशत, हवा की औसत गति 8.4 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.0 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 6.2 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.9 एवं दोपहर में 36.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 24.4 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई ।किसानों को सलाह दी गई है कि धान की फसल जो गाभा निकलने की अवस्था में आ गयी हो, उसमें 30 किलोग्राम नेत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर उपरिवेशन करें। धान की फसल जो दुग्धाअवस्था में आ गयी हो उसमें गंधी बग कीट की नियमित रुप से निगरानी करें। इस कीट के एवं पौढ़ दोनों जब पौधों में बाली निकलती है तो यह बालियों का रस चुसना प्रारंभ कर देती हैं जिससे दाने खोखले एवं हल्के हो जाते तथा छिलका का रंग सफेद हो जाता है। धान की दुग्धावस्था में यह पौधों को अधिक क्षति पहुंचाती है जिससे उपज में काफी कमी होता इसके शरीर से विशेष प्रकार का बदबु निकलती है, जिसकी वजह से इसे खेतों में आसानी से पहचाना जा सकता है। इसकी संख्या अधिक हो जाती है तो एक-एक बाल पर कई कीट बैठे मिलते है।

## केनरा बैंक ने विद्यालय को वाटर प्यूरीफायर और वाटर कूलिंग मशीन किया समर्पित




प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कापन में केनरा बैंक के द्वारा वॉटर प्यूरीफायर और वाटर कूलिंग मशीन प्रदान किया गया। यह मशीन केनरा बैंक पूर्णिया के मंडल प्रबंधक सुचित रजक के सौजन्य से रोसड़ा शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक दुगानंद के द्वारा स्वच्छ पेयजल हेतु समर्पित किया गया। स्थापित मशीन का उद्घाटन मंडल प्रबंधक, शाखा प्रबंधक एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मंडल प्रबंधक ने कहा कि बच्चे इसे सुरक्षित रखकर सदुपयोग करें। समारोह को मनोरंजन प्रसाद मिश्र, किसान सलाहकार प्रेमचंद्र सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौधरी, शिक्षा समिति के सदस्य यशवंत कुमार झा आदि में संबोधित किया। मौके पर किसान सलाहकार वचन देव शर्मा, विद्यालय के शिक्षक कृष्ण कुमार सुधांशु, शंभू कुमार झा, दीनानाथ दिनकर, मो. शमशाद, शिक्षिका वीणा कुमारी, कुमारी अनिता, कुमारी नूतन, मीरा कुमारी, श्वेता कुमारी, मीनू कुमारी, सोना कुमारी सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल में आंख का आपरेशन एवं ओपीडी सेवा शुरू

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी की पहल पर सदर अस्पताल में सरकारी स्तर पर आंख के रोगियों के लिए ऑपरेशन थिएटर गुरुवार को शुरू हो गया। इसका शुभारंभ सदर अस्पताल के अधीक्षक डा. बी एस झा के द्वारा किया गया।ऑपरेशन थिएटर के शुरू हो जाने के उपरांत आज दो रोगियों की आंख का सफल आपरेशन किया गया। सदर अस्पताल के नेत्र भवन में ही रोगियों के लिए ओपीडी की सुविधा उपलब्ध है जहां उनका नियमित इलाज, दवा, चश्मा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन नेत्र रोगियों को ऑपरेशन की जरूरत है तो वैसे रोगियों को अब कहीं अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं है बल्कि जिला के सदर अस्पताल के योग्य एवं कुशल नेत्र शल्य चिकित्सक के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। यहां रोगियों के लिए प्रत्येक दिन ओपीडी की सेवाएं, पर्याप्त दवा, पर्याप्त प्रकार की जांच, ऑपरेशन तथा रहने की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके लिए जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल में नेत्र रोगियो के लिए ऑपरेशन की सुविधा का शुभारंभ करने तथा आज सफल ऑपरेशन सुनिश्चित करने हेतु अधीक्षक डॉ बीएस झा, डॉ नीतू कुमारी , डॉ वैदेही कुमारी, डॉ एन डी साहू, डॉ शिखा शालिनी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। हेल्थ वेलनेस सेंटर पर टीकाकरण की विशेष व्यवस्था की गई है। यहां सोमवार, मंगलवार एवं गुरुवार को टीकाकरण की सुविधा है जहां एएनएम एवं टीका उपलब्ध रहेगी। टीकाकरण से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल जायेगी। पोषक क्षेत्र में बुधवार एवं शुक्रवार को पूर्व की भांति टीकाकरण चलता रहेगा। हेल्थ वेलनेस सेंटर पर पूर्व से ही 14 प्रकार की जांच तथा हाइपरटेंशन सहित कई अन्य रोगों के इलाज की सुविधा है।

## प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खेल विभाग बिहार पटना बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्त्वावधान में राज्य स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता वॉलीबॉल बालक अंडर-19 की मेजबानी मधुबनी करेगा. प्रतियोगिता का आयोजन जिले के वाटसन उच्च विद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में 26 सितंबर से 30 सितंबर के बीच होगा. इस आयोजन में बिहार के 38 जिले से 456 खिलाड़ियों के साथ में 76 टीम प्रभारी के आने की संभावना है. वहीं इस पूरे आयोजन को संचालित करने के लिए राज्य स्तर से 16 तकनीकी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी.उक्त राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार की देर शाम बैठक आयोजित की गई. जिसमें निर्णय लिया गया कि पांच दिवसीय इस आयोजन में आने वाले खिलाड़ियों के आवासन की व्यवस्था खेल भवन और मध्य विद्यालय वाटसन में की जाएगी. वॉलीबॉल कोर्ट उच्च विद्यालय वॉटसन के क्रीड़ा मैदान में खेल विभाग के तकनीकी पदाधिकारियों के देखरेख में तैयार किया जाएगा. वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए ज़िलाधिकारी के द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को साफ-सफाई से लेकर विधि व्यवस्था के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश दिए गए. इस पूरे आयोजन की तैयारी के लिए जिला प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है और सभी पहलुओं पर चर्चा की गई और समय पूर्व तैयारी पूरा कर लिए जाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया. उक्त बैठक में डीडीसी दीपेश कुमार, नगर आयुक्त अनिल कुमार चौधरी, उप निदेशक सूचना जनसंपर्क परिमल कुमार, डीएसपी मुख्यालय रश्मि, जिला कला संस्कृति सह खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार, प्रशिक्षु डीपीआरओ अमन कुमार आकाश समेत खेल विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## जयानंद कॉलेज व डिग्री कॉलेज में अभाविप का सदस्यता अभियान चलाया गया

### सांगठनिक विस्तार एवं छात्रों के समस्याओं को लेकर परिषद का बैठक आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दरभंगा द्वारा जयानंद कॉलेज, नेहरा एवम अनुमंडलीय बेनीपुर डिग्री कॉलेज, बेनीपुर में संगठन का सदस्यता अभियान, इकाई गठन तथा आगामी सांगठनिक कार्ययोजना हेतु नव छात्रों से संपर्क किया गया। मौके पर प्रदेश सह मंत्री उत्सव पराशर ने कहा कि आज अभाविप की आवाज युवाओं की आवाज का प्रतिनिधित्व कर रही है तथा विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में कार्य कर रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक मात्र ऐसा छात्र संगठन है जो 365 दिन परिसर में आम छात्रों के लिए कार्य करता है। परिषद में पद नही यहां दायित्व दिया जाता है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र का पुनर्निमाण ही विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य है। जिला संयोजक वागीश झा ने कहा की नए छात्रों को संगठन से जोड़ना और उन्हें परिषद के माध्यम से समाज और राष्ट्र के लिए कुछ करना परिषद का मूल भाव है, उन्होंने कहा की विद्यार्थी परिषद द्वारा हर साल इकाई का पुनर्गठन किया जाता है, जिस संदर्भ में आगामी सप्ताह में इकाई पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया ।महाविद्यालय में उपस्थित छात्रों के बीच अभाविप का सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें दर्जनों छात्र, छात्राओं ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य से मिलकर कॉलेज के विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं छात्रहित में छात्रों के समस्याओं का समाधान करने को कहा गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र अभिषेक चौधरी, श्यामल चौधरी , अमित राय, रौशन झा ,राहुल यादव, सत्यम कुमार, दीपक कुमार, हर्ष झा,मुकेश शर्मा,सज्जन कुमार, रोहित कामती, जितेंद्र झा,राहुल कुमार साहू आदि कार्यकर्ता एवम छात्र उपस्थित रहे।

## डीएम ने की कुढ़नी प्रखंड में विकास कार्यों की समीक्षा



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय कुढ़नी का भ्रमण कर अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही कुढ़नी स्थित राजकीय मध्य विद्यालय कुढ़नी, कृष्णा विभूति प्रोजेक्ट बालिका माध्यमिक विद्यालय कुढ़नी तथा मध्य विद्यालय बलिया का निरीक्षण कर विद्यालयों में बच्चों के नामांकन तथा उनकी उपस्थिति के साथ ही विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति, तथा मध्याह्न भोजन योजना की स्थिति की जांच की। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने तथा मेनू के अनुसार भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया। प्रखंड कार्यालय कुढ़नी में जिलाधिकारी ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन मनरेगा योजना आंगनबाड़ी केदो का निर्माण वृक्षारोपण की स्थिति खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण शौचालय का निर्माण नल जल योजना आदि की समीक्षा की तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया। मनरेगा के द्वारा बने हुए आंगनबाड़ी केंद्रों को जल्द आईसीडीएस को सौंपने तथा नए आंगनबाड़ी केदो के भवन निर्माण हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया।

## विद्यालय में लगा सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन में 2 दिन में ही आई गड़बड़ी, एक चालू, एक बंद

प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर / समस्तीपुर कल्याणपुर उत्तर पंचायत द्वारा क्रियान्वित योजना के तहत किस पंचायत के दो विद्यालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाया गया है। मशीन के लगे मात्र दो दिन में ही एक विद्यालय में गड़बड़ी आना शुरू हो गया है यहां तक की दोनों विद्यालयों में इस मशीन को लगाने के लिए उचित जगह का उपयोग भी नहीं किया गया है। जैसे तैसे कर इसे लगाकर सिर्फ खानापूर्ति कर दी गई है ।एक ओर जहां उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में स्मार्ट क्लास में ही इस मशीन को लगा दिया गया है। जो चालू अवस्था में तो है। इससे वेंडिंग करके पैड तो निकाल सकती है लेकिन यहां इसका उपयोग करना व डिस्पोजल करना असंभव सा लगता है। क्योंकि स्मार्ट क्लास के साथ-साथ उस कक्ष में वर्ग का भी संचालन होता है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक सुरेश राय ने बताया की छात्रा कॉमन रूम नहीं होने के कारण इसे स्मार्ट क्लास में ही संबंधित कंपनी के लोग लगाकर चले गए हैं। फिलहाल चालू है। वहीं मध्य विद्यालय भूमिहार टोल में इस मशीन को शौचालय रूम में लगा दिया गया है। जो कि बिना उपयोग किए ही मशीन में गड़बड़ी आ गई। मशीन बंद पड़ा है। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा चालू करने का प्रयास किया गया लेकिन तत्काल वह चालू नहीं हो पाया। प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने इसकी सूचना संबंधित को देखकर इसको चालू करने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### एक शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के चंदनिया गांव निवासी सोनू कुमार को शराब के नशे में शोर शराबा करते हुए गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिसे ब्रेथ एनालाइजर से जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष रुबिकांत कच्छप ने बताया कि गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है।

### घर से अज्ञात चोरों ने नगद रूपए सहित जेवर कि किया चोरी

जमुई [ झाझा ] अज्ञात चोरो ने एक घर में घुसकर नगदी सहित जेवर की चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना थानाक्षेत्र के अलगजरा गांव की है। इस संदर्भ में पीड़ित नागेश्वर यादव ने बताया कि घर निर्माण कार्य को लेकर बैंक से 1 लाख 70 हजार रूपए निकाला था जो घर के बक्से में रखा था। रात्रि में चोरो ने घर की खिड़की ओर से घुसकर घर में रखे बक्से से नगद रूपए और जेवर की चोरी कर ली। जब सुबह देखा तो बक्सा खुला हुआ था और नगर रूपए और जेवर गायब था। गृहस्वामी ने बताया कि बैंक में जमापूंजी का निकालकर मकान बना रहा था। चोरी हो जाने के बाद घर का निर्माण कार्य कर पाना अब मुश्किल हो गया। इधर गृहस्वामी के द्वारा चोरी की घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया गया जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### महिला के साथ ससुराल वालों ने मारपीट कर किया घायल

जमुई [ झाझा ] एक माह पूर्व जिस महिला को पुलिस की मदद से उसे ससुराल में बसाया गया उसी महिला के साथ उसके ससुराल वालों के द्वारा शुक्रवार को बेरहमी से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घटना थानाक्षेत्र के बाराजोर गांव की है। घायल महिला की पहचान प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है। घायल महिला को मायके वालों के द्वारा रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां घायल महिला का इलाज डॉक्टर की देखरेख में किया जा रहा है। घायल महिला के पिता अंबा गांव निवासी दिनेश यादव ने बताया कि मेरा दामाद दो लाख रूपए और एक बोलेरो की मांग करता है और उसको लेकर मेरी बेटी के साथ हमेशा मारपीट करते रहता है और दामाद दूसरी शादी भी कर लिया है जिसका मुकदमा न्यायलय में चल रहा है।

# जन जागरूकता लाना है ताकि एक स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर (बिहार)। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के संचालन हेतु शुक्रवार को संग्रहालय सभा कक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान पर बिंदु वार चर्चा हुई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सदर, तारापुर एवं हवेली खड़गपुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत वर्ष 2014 में हुई थी, दस साल पूर्ण होने पर इस अभियान को विशेष रूप से प्रारंभ किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जिला स्तर से लेकर अनुमंडल, प्रखंड और पंचायत स्तर पर स्वच्छता पर विशेष बल दिया जाएगा। 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के नगर निकायों द्वारा भी संबंधित क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। 17 सितंबर को जिले में इसकी विधिवत शुरूआत होगी। इसके अलावा प्रत्येक दिन निर्धारित कार्यक्रम के तहत अभियान का संचालन किया जायेगा। आम लोगों में भी सफाई एवं स्वच्छता को लेकर जन जागरूकता लाना है, ताकि एक स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके। स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ समाज की परिकल्पना की जा सकती है। इस अभियान में नगर निकाय की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस लिए सभी नगर निकाय द्वारा संबंधित वार्डों एवं पंचायतों में सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। स्वच्छता कर्मचारियों के कार्यों का नियमित अवलोकन करें और बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को चिन्हित कर उन्हें भी सम्मानित करें। इससे जहां ऐसे कर्मियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा वहीं जो वार्ड सबसे ज्यादा साफ और स्वच्छ हो उस वार्ड के लोगों को भी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शुभकामनाएं दें ताकि अन्य वार्ड के लोग भी अपने वार्ड को स्वच्छ रखें। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर लगे महापुरुषों की प्रतिमाओं को भी साफ एवं स्वच्छ रखने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। उन्होंने सभी नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ विशेष अवसर पर ही चौक चौराहों की सफाई न करें, प्रत्येक सप्ताह साफ सफाई हो इसका ध्यान रखें।

# विकास मित्रों के साथ साप्ताहिक बैठक का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। अम्बेडकर भवन के सभागार में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भौपेन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे विकाश मित्रों के साथ सप्ताहीक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महा दलित गाँव से सरकार के योजनाओं पर पैनी रखने का आदेश पारित किया गया। उन्होंने बताया दलित टोला मे जो कार्यान्वयन किया जा रहा है। उस पर पैनी नजर रखनी होगी जिससे दलित समाज के लाभ मिल सके।इस कार्य के लिए विकाश मित्र,टोला सेवक को आदेशों का पालन करना अनिवार्य है। जहां राशन दुकानों द्वारा कम खाद्यान्न बितरण किया जा रहा है। आप राशन दुकानदारों को शक्त हिदायत करेंगे किसी प्रकार के बिचौलियों से हमारे महादलित परिवारों को योजना, पर हमारे विकाश मित्र,टोला सेवक पैनी नजर रखेंगे अगर आप से स्थिति नही संभल रही है तो हमें सुचित करेंगें।यह प्रत्येक जिला मुख्यालय, अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय निगरानी कमिटी गठित कर दिया गया है।

# निर्माण हो रहे सम्राट अशोक भवन की छत से पानी का हो रहा रिसाव, चिंता



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] 2 सितंबर 2022 को चरघरा उलाय नदी किनारे 1 करोड 53 लाख रूपए की लागत से जिस सम्राट अशोक भवन के निर्माण का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक दामोदर रावत के द्वारा किया गया वह अब स्थानीय लोगों के द्वारा चिंता का विषय बन चुका है। भवन की ढलाई के बाद भवन की छत से पानी का रिसाव होने पर लोग इसपर चिंता जता रहे और लोग गुणवतापूर्ण कार्य न होने की बात कह रहे है। स्थानीय गौरव कुमार, उमेश साव, महादेव साव, सुनील कुमार, शशि कुमार, नवोद कुमार, बिपीन साव, नीतीश कुमार आदि ने कहा कि लंबे समय की मांग के बाद सम्राट अशोक भवन की बनने की नींव 2022 में किया गया उसके बाद यह कार्य धीरे धीरे गति पर चलते हुए निर्माण हुआ जो अभी पूर्ण रूप से नही बन सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि अशोक सम्राट भवन की ढलाई दो माह पूर्व पूरा किया गया लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि भवन के छत से बारिश होने पर पानी की बूंद का रिसाव हो रहा है। अगर भवन निर्माण में गुणवतापूर्ण कार्य होता तो यह स्थिति उत्पन्न नही होती। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर वर्तमान समय में भवन की स्थिति में सुधार नही हुआ तो जब यह पूरा बनकर आमलोगों के लिए चालू किया जाएगा तो उस समय भी लोग वर्तमान स्थिति की समस्या से परेशान रहेगे। लोगों ने इस संदर्भ में क्षेत्रीय विधायक से इस दिशा में सकरात्मक पहल करने की मांग भी किया।

# चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/लक्ष्मीपुर प्रखंड के नामचीन प्राईवेट स्कूल एस एस वी एम के प्रांगण में शुक्रवार 13 सितम्बर को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एस एस वी एम लक्ष्मीपुर में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। वैसे इस प्रखंड में दर्जनों प्राईवेट स्कूल संचालित हो रहे हैं। लेकिन अन्य से हटकर एस एस वी एम लक्ष्मीपुर है। जहां योग्य शिक्षक के द्वारा छात्र छात्राओं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। वहीं एस एस वी एम लक्ष्मीपुर के निदेशक अमर साह के सफल निर्देशन में वरिष्ठ शिक्षक सदानंद सिंह और सपना जी के देखरेख में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया।इस प्रतियोगिता में वर्ग पंचम से वर्ग आठवीं तक के छात्रों ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता में वर्ग पंचम से अदिति कुमारी,वर्ग षष्ठी से शिवम्‌ कुमार,वर्ग सप्तम से गौरव कुमार एवं वर्ग अष्टम से प्रिंस प्रकाश ने परचम लहराया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं वर्ग पंचम से सुप्रिया,वर्ग षष्ठी से आयुष भारती,वर्ग सप्तम से आकाश कुमार एवं वर्ग अष्टम से राधिका कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अभियान का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक सदानंद सिंह और सपना जी ने किया।

# मध्याह्न भोजन उप निदेशक ने किया दर्जनों विद्यालयों का औचक निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता




गिद्धौर। शिक्षा विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को मध्याह्न भोजन डिप्टी डायरेक्टर बिहार बालेश्वर यादव ने प्रखंड के मौरा व पतसंडा पंचायत अवस्थित दर्जनों स्कूलों का औचक निरक्षण किया।मौरा पंचायत के पीएस दुल्लमपुर,मध्य विद्यालय मौरा,पीएस कन्या मौरा,पीएस गरमजरूआ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंधौरा एवं पतसंडा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनझुलिया का औचक निरीक्षण करते हुए शिक्षा का स्तर व मध्याह्न भोजन का जायजा लिया और विधि व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल का समुचित व्यवस्था,मध्याह्न भोजन,एफ.एल.एन.किट एवं टीएलएम का नियमित उपयोग,वर्ग कक्ष,उपस्थित पंजी,शिक्षक उपस्थिति पंजी,चावल का स्टॉक,रंग-रोगन की जाँच की गई और कड़े निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पाठशाला में मध्याह्न भोजन के साप्ताहिक पोषण चार्ट की जांच की गई। उन्होंने मध्याह्न भोजन डिप्टी डायरेक्टर नही एक शिक्षक के भांति बच्चों को हिन्दी व गणित से आरोही-अवरोही के बारे में बताया एवं उससे संबंधित प्रश्न पूछे जिसका जवाब बच्चों ने बखूबी दिया।मध्याह्न भोजन डिप्टी डायरेक्टर बालेश्वर यादव ने भविष्य के कल्पना को साकार करने के लिए बच्चों को कई गुरुमंत्र दिए।डिप्टी डायरेक्टर बालेश्वर यादव ने स्कूली बच्चों से कहा कि यदि ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित किया जाए एवं अभी से ही नियमित पढ़ाई की जाए तो निश्चित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई में दिक्कत हो तो बेहिचक अपने शिक्षकों से जानकारी लेनी चाहिए। मौके पर डिप्टी डायरेक्टर ने शिक्षको को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मध्याह्न भोजन मेन्यु अनुसार संचालन करने तथा विद्यालय परिसर को साफ सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिये। इस मौके पर जमुई ऑफिस के लेखापाल संजय कुमार,गिद्धौर प्रखंड साधन सेवी मध्याह्न भोजन अमीर दास,झाझा प्रखंड साधन सेवी मध्याह्न भोजन संतोष मंडल स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत शर्मा,धर्मेन्द्र पासवान,रंजीत राम,हेमलता सिन्हा उपस्थित थे।

# कुष्ठ रोग खोजी अभियान को लेकर आशा के साथ बैठक का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय स्थित दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार को कुष्ठ रोगी खोजी अभियान को सफल क्रियान्वयन को लेकर दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अजीमा निशांत के नेतृत्व में आशा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वास्थ्य प्रबंधक प्रियंका राव,बीसीएम निधी कुमार,एसटीएस मनोज ठाकुर,स्वास्थ्य कर्मी के अलावे प्रखंड क्षेत्र की आशा मौजूद रही।दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अजीमा निशांत ने बताया कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य कुष्ठ रोगियों की पहचान कर स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार प्रदान किया जाना है,जिससे समाज को कुष्ठ के प्रचार एवं कुष्ठ से होने वाली विकृतियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान आगामी 19 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिसमें आशा घर-घर जाकर बच्चे,पुरूष एवं महिलाओं की जांच करेंगे,जबकि दो वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को जांच से बाहर रखा गया है। साथ ही बताया कि कुष्ठ रोग जीवाणु से होने वाले रोग है,जो नसों और त्वचा को प्रभावित करता है। यदि समय पर इसका इलाज नहीं किया जाए तो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है एवं कुष्ठ रोग के कारण विकलांगता भी हो सकती है।उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग का फैलाव महिला एवं पुरुष दोनों में से किसी से किसी भी उम्र में हो सकती है।हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि 20 से 30 वर्ष आयु वर्ग के लोगों में कुष्ठ रोग अधिकांशतः प्रभावित होते हैं।उन्होंने बताया कि त्वचा पर धब्बे,सपाट और हल्के फीके रंग,त्वचा पर धब्बे वाले स्थान में दर्द की अनुभूति नहीं होना,त्वचा का मोटा होना एवं तैलीय होना कुष्ठ रोग के प्रमुख पहचान है।दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अजीमा निशांत ने बताया कि कुष्ठ लोग किसी धर्म, जाति या विशेष समुदाय में नहीं होता है और ना ही पूर्व जन्म के कारण या रोग होता है। साथ ही कहा कि कुष्ठ रोग के पूर्ण रूप से उपचार के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग की दवाइयां स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई कुष्ठ रोगी है,तो उन्हें स्वास्थ्य केंद्र जरूर भेजें।

# बेटिकट 45 रेलयात्रियों से वसूला गया 22 हजार 50 रूपए जुमार्ना



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बिना टिकट यात्रा करने वाले रेलयात्रियों की धड़ पकड़ को लेकर शुक्रवार को झाझा रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न गाड़ियों में मेगा चेकिंग अभियान सीआइटी यशंवत रावत की देखरेख में चलाया गया। इस दौरान विभिन्न गाड़ियों से झाझा रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले बेटिकट रेलयात्रियों को पकड़ा गया तो वही अप एवं डाउन में आने वाली विभिन्न गाड़ियों में भी अभियान चलाते हुए कई लोगों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया। सीआईटी ने बताया कि वरीय रेलवे अधिकारी सीआइटी के दिशा निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। मेगा चेकिंग अभियान के दौरान कई रेलयात्री विभिन्न गाड़ियों में बिना टिकट लिए यात्रा कर रहे थे तो वही प्लेटफार्म पर भी कई यात्री बिना टिकट के पकड़ाया। पकड़े गए सभी बेटिकट रेलयात्रियों पर कार्रवाई करते हुए उनके उपर जुमार्ना लगाया गया। सीआइटी ने बताया कि मेगा चेकिंग अभियान में कुल 45 बेटिकट रेलयात्री पकड़ा गया जिससे कुल 22 हजार 50 रूपए जुमार्ना राशि वसूला गया। रेलवे स्टेशन पर चलाए गए मेगा चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले रेलयात्रियों के बीच हड़कंप मचा रहा।

# भाजपा जिला मंत्री द्वारा सदस्यता अभियान को किया गया तेज

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई संवाददाता। सदस्यता अभियान 2024 के तहत भाजपा के जमुई जिला मंत्री सह महेश्वरी मण्डल प्रभारी मनोज पोद्दार का दो दिवसीय प्रवास आज समाप्त हुआ । बताते चलें कि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह के दिशानिर्देश पर मनोज पोद्दार प्रवास पर चल रहे थे , जिसका नेतृत्व महेश्वरी मंडल संयोजक नरेश गुप्ता ने किया । सदस्यता अभियान के दौरान मनोज पोद्दार ने बताया कि चकाई विधानसभा छेत्र अंतर्गत सोनो प्रखंड के कैशोफरका एवं कन्हाय फरका सहित विभिन्न गावों के सभी घरों मे डोर टू डोर जाकर दर्जनों लोगों को ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कराते हुए उनके घरों में बैठकर संगठन की मजबुती पर गहराई से विचार विमर्श किया गया । साथ ही उनके परिजनों से मुलाकात कर ना सिर्फ हाल चाल जाना बल्कि उनकी समस्याओं का निदान करने का भरोसा दिया गया । इस दौरान श्री पोद्दार ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से देते हुए उसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया ।

सदस्यता अभियान में महामंत्री राजमणि सिंह , कोषाध्यक्ष गोपाल रजक , उपाध्यक्ष रणधीर चौधरी , किसान मोर्चा अध्यक्ष पंचानंद सिंह , बोलबम राय , किशोर मंडल , योगेंद्र शाह , उमेश चौधरी , बिपिन मण्डल तथा बिनोद पासवान आदि दर्जनों लोग शामिल थे ।

# दो बच्ची की तालाब में डुबने से मोत, एक की बची जान

सोनो जमुई संवाददाता। बटिया थाना क्षेत्र के दहियारी पंचायत अंतर्गत बेलाटांड गाँव के समिप स्थित प्रसिद्ध बेलाटांड डैम पर फुल तोड़ने गई दो आदिवासी बच्ची की मौत हो गई है जबकि एक बच्ची अपनी जान बचाने मे सफल रही । मृतक दहियारी पंचायत के जिरहोलिया गाँव निवासी नरेश मुरमु की 12 वर्षिय पुत्री मुन्नी मुरमु एवं मन्नु हांशदा की 14 वर्षिय पुत्री ललीता हांशदा शामिल हे । वहीं इसी गाँव के सुरेश मुरमु की 13 वर्षिय पुत्री पुजा मुरमु अपनी जान बचाने मे सफल रही । परिजनों ने बताया कि तीनों बच्ची एक साथ कर्मा पुजा को लेकर तालाब में फुल तोड़ने गई थी , तभी अचानक गहरे पानी मे चली गई और उसकी मौत हो गई । घटना की सुचना पाकर शव को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी । इसकी सुचना स्थानीय पुलिस को दी गई । सुचना मिलते ही बटिया थाना एस आई लक्ष्मण कुमार अपने सहयोगियों के साथ पहुंच शव का शिनाख्त कर आगे की कार्यवाई कर रही है ।



# हिंदी हिंदुस्तान की विविधता में एकता का प्रतीक: डॉ. गौरी शंकर

प्रात : किरण संवाददाता




● भारत के इतिहास, साहित्य संगीत और लोककथाओं को जन-जन तक पहुंचाने सबसे सरल भाषा है हिंदी

जमुईः-हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर देर शाम राष्ट्रभाषा हिंदी की दशा और दिशा पर चिंता जाहिर करते हुए अपने उद्बोधन केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि हिंदी हिंदुस्तान की विविधता में एकता का प्रतीक है। हिंदी को सम्मान देना और उसका संरक्षण करना हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। नई पीढ़ी के युवाओं को राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति जागरूक करना एवं इसके महत्व को समझाना भी हमारा दायित्व है। हिंदी भारत के इतिहास, साहित्य, संगीत, कला और लोककथाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सबसे सरल भाषा है। हिंदी दिवस अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति गर्व महसूस करने का अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि हमारे विचारों व भावनाओं की अभिव्यक्ति का सबसे बेहतर और सरल भाषा है। हम भारतवासियों को हिंदी के प्रचार-प्रसार, संवर्धन और संरक्षण के लिए दृढ़ संकल्पित रहना चाहिए और आने वाली पीढ़ी तक इसे पहुंचने का प्रयत्न करना चाहिए। उन्होने कहा कि "हिंदी हैं हम, वतन हैं हिंदोस्तां हमारा" प्रसिद्ध पंक्ति मातृभूमि राष्ट्रभाषा के प्रति प्रेम और गर्व का सूचक है। यह पंक्ति भाईचारा, देश की अस्मिता के भावों को ही प्रकट करती है। हिंदी प्रगति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा औपनिवेशिक भाषा अंग्रेजी और अंग्रेजियत है। भारत से अंग्रेजों को सात समुंदर पार कर वापस ब्रिटेन गए 77 वर्ष हो गए लेकिन गुलामी का प्रतीक अंग्रेजी और अंग्रेजियत हिंदुस्तान से नहीं गया है। आज भी लोग हिंदी रूपी देसी मुंह में अंग्रेजी रूपी जीभ लगाकर अंग्रेजी बोलने में गर्व महसूस करते हैं। 14 सितंबर 1949 को भारत ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में अंगीकार किया था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 (1) में हिंदी को संघ की भाषा व राजभाषा के रूप में मान्यता दी गई। हिंदी के साथ दुर्भिसंधि यह हुई कि अनुच्छेद 343 (2) में अंग्रेजी को 15 वर्षों के लिए सहचरी भाषा के रूप में संवैधानिक मान्यता दे दी गई। अंग्रेज तो भारत से चले गए लेकिन अंग्रेजी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 (2) में रहने की अपनी जगह बना ली। 15 वर्षों की अवधि मुकर्रर की गई। लेकिन अंग्रेजी 74 साल से हिंदी के सीने पर मूंग दर रही है। आज तक किसी सरकार ने अंग्रेजी को संविधान के अनुच्छेद 343 (2) से बाहर करने की राजनीतिक साहस नहीं जुटा सकी। यह बहुत ही शर्म की बात है। प्रो.पासवान ने आगे कहा कि हिंदी राष्ट्रीय एकता की निशानी है। इसमें भारतीय कल्चर और सभ्यता की झलक मिलती है। यह भाषा केवल भारत में ही नहीं, बल्कि संसार के अधिकांश देशों में बोली और समझी जाती है। यह हिंदी साहित्य और संस्कृति को समृद्ध बनाती है। हिंदी साहित्य में तुलसीदास, सूरदास, कबीर दास, रैदास,प्रेमचंद, दिनकर और सुमित्रानंदन पंत जैसे अनेक कवियों एवं लेखकों ने अमूल योगदान दिया है। अतः भारतीय संस्कृति और सभ्यता की की वाहक हिंदी को हर भारतीय नागरिकों को सम्मान करना चाहिए। केवल हिंदी के प्रति सम्मान प्रकट करना ही नहीं वल्कि इसे भविष्य में और भी सशक्त तथा समृद्ध बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिंदी वर्तमान परिपेक्ष में दुनिया में अपने पहचान और स्थान बना ली है फिर भी इसके समकक्ष की समस्याएं और चुनौतियां खड़ी हैं। विदेशी भाषा अंग्रेजी हिंदी के प्रचार प्रसार और उन्नति के मार्ग में सबसे बड़ी समस्या है। ऐसा देखा गया है की राष्ट्रभाषा होने के बावजूद भी हिंदी को शिक्षा और प्रशासनिक कार्यों में प्राथमिकता नहीं मिलती है। कई शिक्षण संस्थानों में कभी कदा बच्चों द्वारा हिंदी का उच्चारण करने पर उन्हें नैतिक के साथ-साथ फिजिकल पनिशमेंट भी दिया जाता है। कुछ अंग्रेजीपरस्त जनप्रतिनिधि भी हिंदी को अपमानित करते हैं। यह तो हिंद में ही हिंदी का सरासर अपमान एवं देशद्रोह है। ऐसे लोगों एवं संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। हिंदी की इस स्थिति के लिए हम हिंदुस्तानी ही अधिक दोषी हैं।

# अभाचंक्षम के संस्थापक का जयंती धूमधाम से मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/लक्ष्मीपुर संवाददाता। लक्ष्मीपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित जन प्रतिनिधि भवन में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के संस्थापक कुलभूषण स्वर्गीय बाबा नथुनी सिंह चंद्रवंशी की जयंती भव्य रूप से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के उपाध्यक्ष राम लखन राम ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा नथुनी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महासभा के संस्थापक की जीवनी पर प्रकाश महासभा के दक्षिण बिहार प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में स्वर्गीय नथुनी सिंह चंद्रवंशी के जीवन और उनके संघर्षों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि बाबा नथुनी ने 1906 में महासभा की स्थापना की थी और 1912 में इसका पंजीकरण कलकत्ता में कराया गया। समाज की भलाई और संगठित करने के उद्देश्य से उन्होंने इस संगठन की नींव रखी, जो आज भी पूरे देश में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि बाबा नथुनी की मेहनत और संघर्ष हमें अपने हक और अधिकारों के लिए लड़ने की प्रेरणा देते हैं। प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन इस अवसर पर लक्ष्मीपुर प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन भी किया गया। राजकिशोर चंद्रवंशी को प्रखंड अध्यक्ष और संतोष कुमार चन्द्रवंशी को महामंत्री नियुक्त किया गया, जबकि दशरथ राम को प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया। संगठन को गांव स्तर तक ले जाने की आवश्यकता राम लखन राम ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में बाबा नथुनी सिंह चंद्रवंशी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि संगठन को गांव स्तर तक फैलाया जाए। उन्होंने महासभा की गतिविधियों को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने पर जोर दिया।

# निजी क्षेत्र के कंपनी ने 10 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। जिला नियोजनालय मुंगेर के द्वारा एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन शुक्रवार के दिन किया गया। इस कैंप में निजी क्षेत्र की कंपनी शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड के द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव पद के लिए साक्षात्कार लिया गया इस साक्षात्कार में 24 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। साक्षात्कार के उपरांत शनिवार को 10 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया जाएगा।इस मौके पर कनीय सांख्यिकी सहायक अजय कुमार वर्मा जिला कौशल प्रबंधक कृष्ण कुमार पांडेय शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड के भारतेंदु सहित अन्य गण्यमान लोग उपस्थित थे।

# हिंदी एक भाषा नहीं बल्कि एक भावना

-संजय गोस्वामी-

हिंदी, भारत की मातृभाषा है। यह सबसे अधिक बोली जाने वाली और सम्मानित भाषाओं में से एक है। भारतीयों के लिए हिंदी एक भाषा नहीं बल्कि एक भावना है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। इस दिन को इसलिए चुना गया क्योंकि यह ब्योहर राजेंद्र सिम्हा की जन्मतिथि है। वह एक प्रमुख हिंदी विद्वान थे और हिंदी को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते थे। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी लिपि देवनागरी है। यह भाषा विविध भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य को एक साथ जोड़ने में एकीकृत भूमिका निभाती है। एक भाषा के रूप में हिंदी संचार के माध्यम के रूप में कार्य करती है जो लोगों और क्षेत्रों को जोड़ती




है, राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देती है। हिंदी दिवस का उत्सव भाषाई और सांस्कृतिक बहुलवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हिंदी दिवस पर, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भारत कई क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के साथ भाषाई विविधता का देश है। हिंदी दिवस राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में हिंदी को कायम रखते हुए इस विविधता को संरक्षित और सम्मान करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी लिपि देवनागरी है। यह भाषा विविध भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य को एक साथ जोड़ने में एकीकृत भूमिका निभाती है। एक भाषा के रूप में हिंदी संचार के माध्यम के रूप में कार्य करती है जो लोगों और क्षेत्रों को जोड़ती है, राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देती है। हिंदी दिवस 2024 के अवसर पर हमें अपनी भाषा का सम्मान करने और इसके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने की शपथ ले। हिंदी दिवस का उत्सव भाषाई और सांस्कृतिक बहुलवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। 26 जनवरी, 1950 को हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाया गया था, उसी दिन जब भारतीय संविधान लागू हुआ था। इस निर्णय को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया, जिसने अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी को भारत सरकार की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी, जिसका उपयोग एक संक्रमणकालीन अवधि के लिए किया जाना था। 14 सितंबर वह दिन है जब भारतीय हर साल हिंदी दिवस मनाते हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जो हिंदी भाषा के महत्व और योगदान को उजागर करता है। हिंदी दिवस का पहली बार मनाया जाना 1949 में हुआ था। उस समय, भारत की संविधान सभा ने हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। हिंदी दिवस को मनाने का निर्णय इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए लिया गया था। हिंदी भाषा भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह देश की विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को जोड़ने में मदद करती है। हिंदी भाषा का व्यापक रूप से भारत में और दुनिया भर में उपयोग किया जाता है। यह शिक्षा, व्यापार, और सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में कविता पाठ, नाटक, गायन, और भाषण शामिल होते हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को हिंदी भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हिंदी दिवस का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। यह हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। हिंदी भाषा का उपयोग बढ़ने से देश की एकता और राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करने में मदद मिली है।

हिंदी दिवस पर विशेष

# आर्थिक उदारीकरण के बाद वैश्विक फलक पर आकार लेती हिन्दी



ब्रह्मानन्द ठाकुर
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

हिन्दी आज दुनिया के विकसित देशों की जरूरत बन गई है। यह स्थिति अनायास नहीं बनी है। यह आर्थिक उदारीकरण का ही परिणाम है कि विश्व के बड़े देश अपने यहां हिन्दी के पठन झ पाठन पर विशेष बल दे रहे हैंः आर्थिक उदारीकरण के बाद भारत एक बडे बाजार के रूप में उभरा है। परिणाम स्वरूप , बहुराष्ट्रीय देशों की कम्पनियों ने अपने झ अपने देश की सरकारों पर यह दबाव डालना शुरू कर दिया है कि वहां हिन्दी का प्रचार झ प्रसार तेजी से बढे ताकि वे भारत समेत हिन्दी भाषी एशियाई देशों मे अपना कारोबार वहां की भाषा में सरलता पूर्वक कर सकें। अमेरिका ,ब्रिटेन, जर्मनी,फ्रांस और चीन जैसे देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार को इसी नजरिए से देखने की जरूरत है। वेब विज्ञापन, सिनेमा और बाजार के क्षेत्र में हिंदी की मांग इन दिनों काफी तेजी से बढ़ी है विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे बड़े शिक्षा केंद्रों में स्नातकोत्तर से लेकर शोध स्तर तक हिंदी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों में फिलहाल 3 दर्जन से अधिक पत्र-पत्रिकाए नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। जिनमें न्यूजीलैंड से प्रकाशित भारत दर्शन,कनाडा से सरस्वती, संयुक्त अरब अमीरात से प्रकाशित अभिव्यक्ति और यू एस ए से प्रकाशित पत्रिका कर्मभूमि काफी लोकप्रिय है। फ्रांस के पेरिस शहर में सौरवेन यूनिवर्सिटी में हिंदी के 3 वर्ष के पाठ्यक्रम के अलावा पीएचडी के लिए शोध की भी व्यवस्था है। जापान के टोक्यो और ओसाका विश्वविद्यालयों में हिंदी का 6 वर्षीय कोर्स कराया जाता है। यहां के अन्य विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में हिंदी वैकल्पिक विषय के रूप में द्वितीय एवं तृतीय भाषा के रूप में पढ़ाई जाती है। कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया में हिंदी का 2 वर्षीय पाठ्यक्रम है । संयुक्त राज्य अमेरिका के 30 विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। चीन के बीजिंग विश्वविद्यालय में हिंदी की पढ़ाई होती है। ब्रिटेन ने भी अपने यहां हिंदी शिक्षण पर विशेष जोर दिया है। अन्य भाषाओं की अपेक्षा यदि देखा जाए तो हिंदी भाषा अपनी लिपि और उच्चारण के लिहाज से सबसे शुद्ध और विज्ञान सम्मत भाषा है। इसमें एक अक्षर से एक ही ध्वनि निकलती है और एक बिंदु का भी अपना महत्व होता है दूसरी भाषाओं में यह बात नहीं पाई जाती है। आर्थिक उदारीकरण के बाद अब तक विश्व के देशों में जितने हिंदी सम्मेलन हुए हैं वे यह साबित करते हैं कि हिंदी आज विश्व के देशों की जरूरत बन चुकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की प्रगति यदि इसी तरह होती रही तो निकट भविष्य में हिंदी संयुक्त राष्ट्र संघ में एक आधिकारिक भाषा का स्थान निश्चित रूप से हासिल कर लेगी।

# गृह मंत्री अमित शाह ने बढ़ाया हिंदी का मान

**हिन्दी ने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी एक संवाद भाषा के तौर पर समाज को पुनजार्गृत करने में एक उल्लेखनीय भूमिका निभायी। इतिहास साक्षी है कि हमारे देश में स्वराज प्राप्ति और स्वभाषा के आन्दोलन एकसाथ चले। हालांकि, हिन्दी के प्रति सम्मान और इसके प्रसार को बढ़ावा कुछ लोगों को रास नहीं आता है। उन्हें लगता है कि हम आधुनिकता केवल अंग्रेज़ियत से हासिल कर सकते हैं। लेकिन, हमें यह समझना होगा कि किसी भी समाज में मौलिक और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को केवल और केवल अपनी भाषा के माध्यम से ही विकसित किया जा सकता है। यह एक शाश्वत सत्य है कि हमारी अपनी मातृभाषा में भी हमारी उन्नति का मूल छिपा हुआ है।**






डॉ. विपिन कुमार
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

आज पूरे देश में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिवस को हम हर वर्ष एक भाषा के तौर पर हिन्दी के महत्व और अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए मनाते हैं। यह हमें अपने देश के भाषाई विविधता को बढ़ावा देने और उत्सव मनाने का भी एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है। गौरतलब है कि हमारे संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को एक मत होकर हिन्दी को भारत की राजभाषा के तौर पर अंगीकार किया था। इस अवसर पर राष्ट्र की राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम के भव्य प्रांगण में चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह हिन्दी की समृद्धता और भविष्य के संकल्पों के प्रति अपने विचारों को साझा करेंगे। मैं इस अवसर पर खासकर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय सचिव श्रीमती अंशुली आर्या एवं विभागीय अधिकारियों को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने अथक प्रयास कर इस राजभाषा सम्मेलन को सफल एवं सार्थक बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

हाल ही में, नई सरकार के गठन के पश्चात, संसदीय राजभाषा समिति के पुनर्गठन के लिए दिल्ली में एक बैठक का आयोजन हुआ था, जिसमें अमित शाह को सर्वसम्मति से एक फिर से समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री बनने के बाद विगत 10 वर्षों में समिति ने लगातार यह प्रयास किया है कि हिन्दी सभी स्थानीय भाषाओं की सहेली बने और इसकी किसी से कोई स्पर्धा न हो। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि किसी भी स्थानीय भाषा के बोलने वालों के मन में हीनभावना न आए और हिंदी सामान्य रूप से सर्वसम्मति व सहमति से कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकृत हो।

यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, हिन्दी की यात्रा अत्यंत कठिन रही है। राजनीतिक कारणों के कारण हमारी प्यारी हिन्दी, राष्ट्रभाषा की स्वीकृति हासिल नहीं कर पायी।

परंतु, बीते एक दशक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में हिन्दी ने वैश्विक स्तर पर एक नई ऊँचाई को हासिल किया है। आज के समय में हिन्दी का दायरा 132 से भी अधिक देशों में फैला हुआ है और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जब से अपने कार्यों और अनिवार्य संदेशों को हिन्दी में प्रेषित करने की घोषणा की, हम हिन्दी भाषियों के आत्मविश्वास ने एक नया आसमान छूना शुरू कर दिया।

आज के समय में हिन्दी को सामान्य जनामानस के अलावा, सरकारी विभागों, मण्डलों और समितियों में भी बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग द्वारा अथक प्रयास किये जा रहे हैं और इन प्रयासों के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय के साथ ही, विश्व हिंदी परिषद के सभी साथियों एवं पदाधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित करता हूँ। यदि आपने हिन्दी की चिन्ता न की होती। हिन्दी समेत सभी भारतीय भाषाओं को हमारे विचार-विमर्श का हिस्सा नहीं बनता। इसे हमारे गर्व और स्वाभिमान से न जोड़ा होता, तो शायद आज हिन्दी उस स्थिति में न होती, जहाँ आज है।

बहरहाल, भारत प्राचीन काल से ही विविध भाषाओं का देश रहा है और आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। हिन्दी ने हमारे इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को एकसूत्र में पिरोने का महान कार्य किया है। इसने हमारे विविध क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के अलावा, कई वैश्विक भाषाओं के साथ घुल-मिल कर पूरे विश्व में अपनी एक अनूठी पहचान बनाई है।

हिन्दी ने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी एक संवाद भाषा के तौर पर समाज को पुनजार्गृत करने में एक उल्लेखनीय भूमिका निभायी। इतिहास साक्षी है कि हमारे देश में स्वराज प्राप्ति और स्वभाषा के आन्दोलन एकसाथ चले। हालांकि, हिन्दी के प्रति सम्मान और इसके प्रसार को बढ़ावा कुछ लोगों को रास नहीं आता है। उन्हें लगता है कि हम आधुनिकता केवल अंग्रेज़ियत से हासिल कर सकते हैं। लेकिन, हमें यह समझना होगा कि किसी भी समाज में मौलिक और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को केवल और केवल अपनी भाषा के माध्यम से ही विकसित किया जा सकता है। यह एक शाश्वत सत्य है कि हमारी अपनी मातृभाषा में भी हमारी उन्नति का मूल छिपा हुआ है।

हमारी भाषाएँ, हमारी बोलियाँ, हमारी अमूल्य विरासत हैं। यदि हमें आगे बढ़ना है, तो इसे हमें साथ लेकर चलना ही होगा। इसी संकल्प के साथ बीते 10 वर्षों के दौरान भारत सरकार ने हिन्दी समेत सभी भारतीय भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए आधुनिक तकनीक के माध्यम से सार्वजनिक, प्रशासन, शिक्षा और वैज्ञानिक प्रयोग के अनुकूल उपयोगी बनाने का प्रयास किया है।

गौरतलब है कि इस दिशा में हुए प्रगति की समीक्षा करने के लिए संसदीय राजभाषा समिति का भी गठन किया गया था। आँकड़े बताते हैं कि स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर वर्ष 2014 तक राष्ट्रपति के समक्ष इसके केवल 9 रिपोर्ट पेश किये गये थे। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में अब तक 12 खंड पेश किये जा चुके हैं। 2019 से सभी 59 मंत्रालयों में हिंदी सलाहकार समितियों का गठन किया जा चुका है तथा इनकी बैठकें भी नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं।

ध्यातव्य है कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने की दृष्टि से अब तक कुल 528 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन भी किया जा चुका है। विदेशों में भी लंदन, सिंगापुर, फिजी, दुबई और पोर्ट-लुई में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है।

राजभाषा विभाग द्वारा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए ह्यअखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलनह्ल, स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली ह्यकंठस्थह्ल, ह्यहिंदी शब्द सिंधुह्ल शब्दकोष का भी निर्माण किया है। इस शब्दकोष में संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल कर इसे निरंतर समृद्ध किया जा रहा है। विभाग ने कुल 90 हजार शब्द का एक ह्यई-महाशब्दकोषह्ल मोबाइल एप और लगभग 9 हजार वाक्य का ह्यई-सरलह्ल वाक्य कोष भी तैयार किया है। दूसरी ओर, सरकार द्वारा अनुवाद को आसान बनाने के लिए ह्यभाषिणी ऐपह्ल का भी शुभारंभ किया गया। शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए देश में तीन संस्कृत विश्वविद्यालय भी स्थापित किये जा चुके हैं और राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन में ऐतिहासिक रूप से कार्य हो रहा है।

मुझे पूर्णतः विश्वास है कि भारत सरकार द्वारा किये जा रहे इन प्रयासों से हमारी सभी मातृभाषाओं की संपन्नता को एक नया आयाम हासिल होगा। इसके लिए यह अनिवार्य है कि यह विज्ञान-सम्मत हो, तकनीक सम्मत हो।

# सहकारी क्षेत्र में नई जान फूँकेंगे PACS

**भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालाँकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी।**





श्री शाजी के वी
अध्यक्ष, नाबार्ड

दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025 के स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये PACS अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालाँकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी।

गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (NCUI) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की।

सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में PACS के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने PACS के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। PACS की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे - बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, ढअठ कार्ड और IRCTC/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक PACS ने ग्रामीण नागरिकों को उरउ सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (PMKSK), जल समितियों, LPG वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (FPO) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। PACS अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (PMBJAK) के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास PACS की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 PACS का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक PACS को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ERP) सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। PACS के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (CAS) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (MIS) से संचालन में एकरूपता आएगी। इससे PACS संचालन में जनता का विश्वास बढ़ेगा।

सहकारिता क्षेत्र में हुई अनूठी पहलों से यह क्षेत्र अब नए आत्मविश्वास के साथ पूरे देश में संगठित रूप में काम कर रहा है, जो इसके लिए बहुत फायदेमंद है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार, सहकारी समितियों के बीच सहयोग (Cooperation amongst Cooperatives) एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए जरूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी।

सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम है। इस योजना का उद्देश्य PACS स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयाँ और अन्य कृषि अवसंरचनाएँ बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (AIF), कृषि विपणन अवसंरचना (AMI), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (SMAM), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (PMFME) आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। इससे खाद्यान्न की बबार्दी और परिवहन लागत में कमी आएगी, किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे और विभिन्न कृषि जरूरतों को PACS स्तर पर ही पूरा किया जा सकेगा।

चूंकि PACS ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। PACS से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है, वहीं इससे करीब 1 लाख PACS से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

# तेजी से पांव पसार रही है हिन्दी

-मुकेश तिवारी-

विश्व भर में हिन्दी बोलने वालों की संख्या सौ करोड़ अधिक बताई जाती है। भारत में पांच दर्जन से अधिक क्षेत्रीय बोली एक चौथाई आबादी द्वारा बोली जाती हैं। बीते कुछ सालों में हिन्दी ने भाषा के रूप में अपना दबदबा बनाया है। देश के प्रत्येक क्षेत्र में हिन्दी पहले से कहीं ज्यादा गाहय हो चुकी है। सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में हिन्दी इंटरनेट की दुनिया में अपना परचम लहराने के साथ ही हिन्दी मीडिया ने कुल विज्ञापन बाजार के 70प्रतिशत हिस्से पर अपना दबदबा कायम कर लिया है। हिन्दी दिवस फिर करीब है और एक बार पुनः हिन्दी भाषा के विकास। स्थिति और उसके बढ़ते राष्ट्रव्यापी प्रभाव पर चर्चा की सालाना परंपरा का सिलसिला शुरू होने वाला है। इसकी अहम वजह है 14सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया था। तभी से हम साल दर साल 14सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। विश्व भर में तकरीबन 65करोड लोग हिन्दी बोलते हैं। एक अनुमान के मुताबिक विश्व में हिंदी भाषा जानने समझने वालों की कुल संख्या तकरीबन 90 करोड़ है। हिन्दी भारत की संपर्क भाषा होने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय भाषा भी है। जो फि जी, मारीशस, सूरीनाम, त्रिनिडाड, आदि लगभग 10 देशों में व्यापक स्तर पर बोली जाती है। वर्तमान में भारत के बाहर 33 देशों में विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी पढ़ाई जा रही है। ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों की संख्या 150 से अधिक है। जहां हिन्दी के पठन-पाठन और अनुसंधान की समुचित व्यवस्था है। हिन्दी के समक्ष भले ही अनेक प्रकार की चुनौतियां हो, खास बात यह है कि हिन्दी की ताकत को भारत के सत्ता प्रतिष्ठान के साथ ही कारपोरेट जगत ने भी बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया है। शासकीय कार्यालयों, बैंकों, रेलवे के साथ ही अनेक संस्थाओं में तमाम सारे काम हिन्दी में होने लगे हैं। हिन्दी अधिकारियों अनुवादको एवं आशुलिपिको के पदों पर नियुक्तियो के बहुतेरे अवसर हिन्दी स्नातको हेतु उपलब्ध है। इतिहास, संस्कृति एवं दर्शन की स्तरीय पुस्तके हिन्दी में सहज उपलब्ध है। विदेशों से आकर लोग हिन्दी सीख रहे हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में हिन्दी जानने वालों की संख्या सौ करोड़ के पारबेहतरीन एक और भारत की विशाल हिन्दी भाषी पट्टी के गरीब गुरबों से उन्हीं की हिंदी में वोट मांगना देश के राजनीतिक दलों के कर्ताधताओं की मजबूरी है। दूसरी ओर आज के दौर में कोई भी बहुराष्ट्रीय कंपनी ऐसी नहीं है। जो हिन्दी में इस्तेहार किए बिना भारत में अपना उत्पादन बाजार में बेच सकें। हम देख सकते हैं कि जरूरत के इस्तेहार हिन्दी में आ रहें हैं। घड़ी का इस्तेहार हो या मर्सिडीज। बीएमडब्ल्यू, आड़ी आदि कार का या अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस का सभी के इस्तेहार की भाषा में हिन्दी तेजी से पांव पसार रही है। हिन्दी देश की सर्वाधिक बोली समझी जाने वाली भाषा है। तात्पर्य यह है कि भाषा का सीधा संबंध आजीविका से जुड़ा है। जो भाषा आजीविका प्राप्त कराने में जितनी अधिक सक्षम होगी उसका प्रसार उतना ही अधिक होगा। हकीकत यह है कि अंग्रेजी में इस्तेहार बमुश्किल चार से पांच प्रतिशत ग्राहक तक ही पहुंचते हैं। जिनके भरोसे बाजार नहीं चल सकता। आज हिन्दी मीडिया कुल इस्तेहार बाजार के 70प्रतिशत हिस्से पर कब्जा जमाएं हुए हैं। आज सर्वाधिक टी आर पी वाले कार्यक्रम हिन्दी में है। देश में सबसे बड़ी संख्या में प्रसार वाले समाचार पत्र हिन्दी के है। भारत में उत्तर से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक के कारोबारी आपसी बातचीत और सौदा करने के लिए हिन्दी भाषा का ही प्रयोग कर रहे हैं। वैसे भी हिन्दी देश के विकास की भाषा तो है ही। राजनीति की प्रमुख भाषा के तौर पर भी स्थापित है। क्यों कि 65प्रतिशत से अधिक सांसद हिन्दी भाषी क्षेत्र से चुनकर आते हैं। इसलिए संसद में हिन्दी का उपयोग बढ़ा है। पांच साल पहले राज्य सभा के अहिदी भाषी सदस्यों ने उपसभापति से अनुरोध किया था कि उनके लिए हिन्दी सीखने की व्यवस्था की जाये। उक्त घटना क्रम दशार्ता है कि दक्षिण सहित भारत के अनेक अहिदी भाषी क्षेत्रों में रहने वालों के विचार हिन्दी को लेकर बदल गए हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, शनिवार, 14 सितंबर 2024



# संक्षिप्त खबरें

## किसान पर मगरमच्छ ने हमला कर किया घायल, सीएचसी में भर्ती

बगहा बगहा के वाल्मीकिनगर में पशु ( चारा घास )काटने गए किसान पर मगरमच्छ ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया है। यह लगातार दूसरी घटना हुई है जब कोई किसान मगरमच्छ के हमले में घायल हुआ है।बतादें दो दिन पूर्व कनघुसरी गांव के एक किसान पर भी मगरमच्छ ने हमलाकर घायल कर दिया था। पीड़ित किसान रामाधार बिन बगहा स्थित कैलाश नगर के वार्ड नम्बर 4 के निवासी है जो वाल्मीकिनगर स्थित पिपरा कुट्टी वार्ड नम्बर 5 निवासी अपने दामाद के घर आए हुए है। पीड़ित रामाधार बिन ने बताया कि गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर धनहिया रेता में मवेशियों के लिए चारा ( घास )काटने गया था।जब चारा लेकर घर वापस आ रहा था तो रास्ते मे पड़े नाले को पार करने लगा इसी दौरान कमर भर पानी में घुसते ही मगरमच्छ ने दोनों पैर को पकड़ लिया।किसी तरह से मगरमच्छ के चंगुल से खुद को बचाते हुए पानी से बाहर निकल आया जिससे मेरी जान बच गई। घटना की जानकारी मिलते ही वाल्मीकिनगर स्थित सीएचसी के एम्बुलेंस से तत्काल पीड़ित को अस्पताल लाया गया है।जहां पीड़ित का इलाज किया जा रहा है। मौके पर तैनात डॉ विकास कुमार ने बताया कि पीड़ित का एक पैर ज्यादा जख्मी हुए है हालांकि की पीड़ित के दोनों पैरों में जख्म आई है। एक पैर में कई टांके लगे हैं। बहरहाल पीड़ित खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

## जीवन स्तर में सुधार के लिए है कबीर अंत्येष्टि योजना : गरिमा

बेतिया। बिहार सरकार अपने समाज कल्याण विभाग के द्वारा समाज कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का संचालन करता है। इन योजनाओं में शामिल बिहार कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना भी शामिल है। जिसका उद्देश्य राज्य के बीपीएल परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए बीपीएल राशन कार्ड धारकों के परिवार के लिए बिहार कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना दी गयी है। बीपीएल राशन कार्ड धारक परिवार के किसी भी सदस्य की मृत्यु होने पर इस योजना के तहत तीन तीन हजार रुपए की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है। चाहे मृतक की उम्र कुछ भी हो। इस योजना से उन्हें लाभ मिलेगा। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित इस योजना की देखरेख नगर विकास एवं आवास विभाग करता है। नगर निगम कार्यालय में मौके पर उपनगर आयुक्त गोपाल कुमार, अनुराग बरनवाल, साहेब अली की उपस्थिति में वार्ड संख्या 9 के सात मृतक के परिवार वालों को तीन-तीन हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।

## 09 लाभुकों के विरुद्ध नीलाम वाद दायर

बेतिया। मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत (09) नौ लाभुकों पर पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट के तहत निलामवाद दायर किया गया है। सभी लाभुक बिहार सरकार के उद्योग विभाग से ऋण लिये हैं, किन्तु उनके द्वारा स्थल पर इकाई कार्यरत नहीं किया गया है और न ही स्थल पर मशीन पाया गया है। उक्त लाभुकों के द्वारा इकाई को चालू नहीं करने के कारण निलामवाद दायर किया गया है। पूर्व में भी 17 लाभुकों पर निलामवाद दायर किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल 26 लाभुकों पर निलामवाद दायर किया जा चुका है।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी 23 को, जुटेंगे कई प्रख्यात विद्वान

छपरा कार्यालय। पाटलिपुत्र इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस रिसर्च और बिहार समाज विज्ञान अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 23 सितम्बर को छपरा स्थित सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के सभागार, दहियावां में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय भारत में जाति जनगणना और सामाजिक परिवर्तन रखा गया है। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, शिक्षकों, समाजशास्त्रियों, सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्तओं एवं शोधार्थियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## बीजेपी ने चलाया सदस्यता अभियान

लहलादपुर। बीजेपी के सदस्यों ने जनता बाजार में सदस्यता अभियान चलाया. जिसमें बहुत सारे लोग सदस्य बनें. मौके पर मौजूद महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने सिर्फ बिहार में एक करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य बताया. उन्होंने बताया कि बूथ स्तर पर बैठक कर यदि सदस्यता अभियान चलाया जाय तो सदस्यता बनाने में आसानी होंगी. इस अभियान मैं परसुराम प्रसाद कुशवाहा, ब्रजेश रमण, अजय राय, मानस मधुकर संदीपचार्य, कमल रस्तोगी, डॉ जीतेन्द्र कुमार सिंह, हरिशंकर सिंह सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया.

## कविवर कन्हैया जन्मशती पर समारोह का आयोजन

छपरा कार्यालय। लोकगायिका विंध्यवासिनी देवी नगर, रामजंगल सिंह कॉलेज परिसर, दिघवारा में तीनों दिन शाम 6 बजे से संतराज सिंह रागेश मंच पर राष्ट्रीय सांस्कृतिक लोक उत्सव में भारत के विभिन्न लोक कला रुपों की यादगार महफिल सजेगी। तीन दिन में पाँच नाटक पटना इप्टा द्वारा नौटंकी शैली में असगर वजाहत लिखित एवं तनवीर अख्तर निर्देशित वीरगति, छपरा इप्टा द्वारा नौटंकी शैली में बिपिन बिहारी श्रीवास्तव लिखित एवं डॉ अमित रंजन निर्देशित नौटंकी ऊर्फ कमलनाथ मजदूर परिवर्तन रंग मंडली द्वारा आशुतोष मिश्रा लिखित व निर्देशित दगा हो गए बालम, दिघवारा इप्टा द्वारा भिखारी ठाकुर लिखित एवं प्रो० अखिलेश निर्देशित बिदेशिया और भेल्दी इप्टा द्वारा भिखारी ठाकुर लिखित एवं डॉ० नागेन्द्र शर्मा निर्देशित पुत्र बध का मंचन होगा।

## 19 सितंबर को उर्दू वाद विवाद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

छपरा कार्यालय। जीला पदाधिकारी अमन समीर के निर्देश के आलोक में प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सारण, छपरा के सभागार में उर्दू वाद विवाद प्रतियोगिता का अयोजन किया जायेगा। उर्दू निदेशालय, मंत्रीमंडल सचिवालय विभाग, बिहार के तत्वाधान में मैट्रिक/ समकक्ष, इंटर / समकक्ष, स्नातक/ समकक्ष स्तर के उर्दू भाषी छात्र छात्राओं के लिये उर्दू वाद विवाद प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया गया है। विजेता प्रतिभागियों को निर्धारित राशि, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

## न्याय के साथ सबका विकास के प्रति संकल्पित है मुख्यमंत्री: राजू

छपरा कार्यालय। जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने जिला जदयू कार्यालय छपरा में प्रेस वार्ता कर कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अपने पूर्व के घोषणा के तहत न्याय के साथ सबका विकास जिसमें उन्होंने सार्वजनिक सभा में से लेकर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इस बात को बार-बार दोहराया है कि सरकार न किसी को बचाती है ना ही किसी को फंसाती है। प्रेसवार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि इसी कड़ी में सारण जिला पुलिस प्रशासन द्वारा मढ़ौरा के सीमावर्ती गांव रूप रहीमपुर में ईट भट्ठा फैक्ट्री में छापामारी की गई जहां अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया इसमें मुख्य अभियुक्त के रूप में अखिलेश कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया ।

## लूट की योजना बना रहे अपराधी को हथियार के साथ पुलिस ने दबोचा

बनियापुर ।बनियापुर थाना क्षेत्र के सरेया पुल के समीप लूट की योजना बना रहे अपराधी को पुलिस ने हथियार के दबोच लिया है ।साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत आरोपित करते जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष द्वारा दर्ज प्राथमिकी मे बताया गया है कि सूचना मिली थी कि सरेया पुल के समीप तीन अपराधी हथियार के साथ लूट की योजना बना रहे है,जहा सत्यापन के लिए पहुंची पुलिस ने एक अभियुक्त जनता बजार थाना के लौवा खुद गाव निवासी दीपक कुमार के 1 कट्टा 1 जिंदा कारतूस 1 मोबाइल 1 बाईक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# संतुलित उर्वरक उपयोग और मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखना बेहद जरूरी : डीएम

प्रात: काल संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कृषि विज्ञान केन्द्र, माधोपुर में 15 दिवसीय समेकित पोषक तत्व प्रबंधन पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर का दौरा किया और मशरूम स्पॉन उत्पादन इकाई, फसल कैफेटेरिया, कम लागत वाले शेड नेट संरचना और केंद्र द्वारा विकसित एकीकृत कृषि प्रणाली (आइएफएस) मॉडल का अवलोकन किया। मशरूम स्पॉन उत्पादन इकाई को देखते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की उन्नत तकनीकें न केवल स्थानीय किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगी। मशरूम उत्पादन के लिए गुणवत्तापूर्ण स्पॉन की उपलब्धता किसानों के लिए महत्वपूर्ण है और इस




दिशा में कृषि विज्ञान केन्द्र, माधोपुर का प्रयास सराहनीय है ।फसल कैफेटेरिया में विभिन्न फसल किस्मों और उनके प्रबंधन पर चर्चा की। उन्होंने फसल विविधता और उत्पादन के प्रदर्शन को किसानों के लिए ज्ञानवर्धक बताया। इसके साथ ही केंद्र द्वारा विकसित आईएफएस (इन्ट्रीगेटेड फार्मिंग सिस्टम) मॉडल का अवलोकन किया, जो एकीकृत कृषि पद्धति के अंतर्गत विभिन्न कृषि घटकों (फसल, पशुपालन, मछली पालन, बागवानी आदि) का उपयोग कर अधिकतम लाभ सुनिश्चित करता है।

### जिलाधिकारी का किसानों से संवाद:

जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले किसानों से संवाद किया और उन्हें संतुलित उर्वरक उपयोग और मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इनपुट डीलरों द्वारा उर्वरकों की सिफारिश मृदा परीक्षण के आधार पर होनी चाहिए, ताकि खाद के संतुलित और सही उपयोग से कृषि उत्पादकता बढ़ सके। साथ ही उन्होंने किसानों को जैविक विधियों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

बेतिया। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत जिला कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिला उद्योग केंद्र, बेतिया द्वारा विभिन्न प्रखंडों एवं नगर निकायों को प्रेषित कुल 8750 आवेदनों पर प्रखंडवार चर्चा की गई। इसके साथ स्वीकृत, अस्वीकृत तथा लंबित आवेदनों पर भी चर्चा की गई। आज की बैठक में कुल 4197 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई जबकि विभिन कारणों से कुल 1364 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया।




जिला पदाधिकारी द्वारा लंबित पड़े आवेदनों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई तथा उसके अविलब निष्पादन हेतु निदेशित किया गया। उन्होंने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, बेतिया को निर्देश दिया कि अविलब स्वीकृत और अस्वीकृत आवेदनों को पोर्टल पर से निष्पादित करना सुनिश्चित करे। बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार आदि उपस्थित रहें।

## ओपीएस के लिए पीआरकेएस ने निकाला मशाल जुलूस

प्रात: काल संवाददाता

छपरा कार्यालय। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ वाराणसी मंडल के मंडल अध्यक्ष डॉ ए एच अंसारी ने बताया कि गत कल गुरुवार को ओपीएस लागू करने और यूपीएस के विरोध में संघ कार्यालय से रेलवे कॉलोनी होते हुए वाराणसी रेल मंडल प्रबंधक कार्यालय तक संध्या 5 बजे विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। इस विशाल मशाल जुलूस में छपरा से लेकर पूरे वाराणसी मंडल के रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। मशाल जुलूस का नेतृत्व पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के मंडल मंत्री मुरारी लाल मिश्रा ने किया। मशाल जुलूस बाद में एक सभा में तब्दील हो गया। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह जोनल सेक्रेटरी रमेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे कर्मचारियों में केंद्र सरकार के प्रति घोर आक्रोश है। रेलवे कर्मचारियों की मांग ओपीएस है। केंद्र सरकार कर्मचारियों को गुमराह कर रही है। उसने यूपीएस लागू किया है जिसका अभी तक गजट जारी नहीं हुआ। यूपीएस में बहुत सी खामियाँ हैं। केंद्रीय और रेलवे कर्मचारियों को ओपीएस की सारी सुविधाएँ चाहिए।

हमारा फेडरेशन एनएफआईआर ने प्रधानमंत्री और कमिटी के सेक्रेटरी को यूपीएस की कमियों को प्वाइंट आउट कर ओपीएस की सारी सुविधाएँ लागू करने की माँग की है। केंद्र सरकार को किसी भी हाल में रेलवे कर्मचारियों को ओपीएस देना होगा। इसके लिए हमें आंदोलन करना पड़ेगा तो हम करेंगे और कर्मचारियों के हक के लिए लड़ेंगे। जबतक रेलवे कर्मचारियों को ओपीएस की सारी सुविधाएँ नहीं मिलेंगी , तब तक लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारी मुख्य माँग ओपीएस है।

केंद्र सरकार यूपीएस में सुधार कर ओपीएस की सारी सुविधाएँ कर्मचारियों को दे। जिसमें सेवानिवृत्ति के समय कर्मचारी का अंशदान ब्याज सहित लौटाया जाय। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति होते ही पेंशन शुरू किया

## भाजपा नेताओं ने पवन जायसवाल को दी बधाई

प्रात: काल संवाददाता

छपरा कार्यालय। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन बिहार प्रदेश के अध्यक्ष व ढाका के विधायक पवन जायसवाल ने अखिल भारतीय वैश्य बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार साह एवं ज़िला अध्यक्ष रमेश प्रसाद ज़िला महिला मोर्चा के अध्यक्ष गायत्री देवी,युवा मोर्चा के अध्यक्ष संस्कार कुमार को दायित्व दिया है ।नए दायित्व मिलने पर धर्मेंद्र कुमार साह एवं रमेश प्रसाद ने प्रदेश अध्यक्ष व ढाका विधायक पवन जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र से स्वागत किया। इससे जिला के वैश्य समाज में उत्साह का माहौल है। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष व ढाका विधायक पवन जायसवाल ने कहा वैश्य समाज को आबादी के अनुसार राजनीतिक भागीदारी दिलाने तथा व्यावसायिक वर्ग के साथ घटित घटनाओं को संकलित कर सरकार



एवं वरीय पदाधिकारी तक पहुँचाने हेतु कार्यालय से सड़क एवं सदन तक आवाज बुलंद करने का कार्य करेगा।

श्री पवन जायसवाल ने वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कमिटी की प्रथम एवं ज़िला अध्यक्षों द्वितीय सूची जारी करते हुए कहा कि वैश्य समाज के सभी 56 उपजातियों को सम्माहित कर प्रदेश एवं ज़िला स्तरीय कमिटी में भागीदारी दिया जा रहा है। शीघ्र ही राज्य के सभी 9 प्रमंडलों एवं 38 जिलो में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का विशाल वैश्य समागम का आयोजन कर अपनी एकता को प्रदर्शित करने का कार्य किया जायेगा तथा आबादी के अनुसार राजनीतिक भागीदारी कि माँग सहित व्यावसायिक को सुरक्षा , शस्त्र का लाइसेंस देने हेतु राज्य सरकार से माँग की जाएगी।

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष बनने पर रमेश प्रसाद ने कहा जिला स्तर पर वैश्य समुदाय के 56 उपजातियों को संगठित करने का काम करेंगे जिला में यह संगठन जिला, प्रखंड एवं पंचायत से वार्ड स्तर तक समाज को संगठित कर सामाजिक एवं राजनैतिक पहचान को और सशक्त एवं समाजोपयोगी बनाया जाएगा। यह संगठन युवा वर्ग एवं आधी आबादी की मालकिन महिलाओं को भी सक्रिय रूप से जोड़ने का काम तेजी से करेगा। धर्मेन्द्र कुमार साह ने कहा शीघ्र ही छपरा,सिवान,गोपालगंज तीनों जिला को संगठन मजबूत कर प्रमंडलीय बैठक कर एकता को प्रदर्शित करने के लिए एक बड़ा सभा का आयोजन किया जायेगा।

## मढ़ौरा में कर की ठोकर से किशोरी की हुई मौत

मढ़ौरा। उजड़ी सेंदुआरी में गुरुवार को देर शाम को एक तेज रफ्तार कार ने एक बच्ची को कुचल डाला। आनन फानन में आस पास के ग्रामीणों ने बच्ची को लेकर रेफरल अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका रमेश राय की 16 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मनीषा गुरु वार को देर शाम को दूध लेकर घर के पास वाले रोड को पार कर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गई जिससे कुचलने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई ग्रामीणों के द्वारा अस्पताल ले जाने के क्रम में है मनीषा की मौत हो गई।

## वृद्ध को मारपीट कर किया जख्मी

बनियापुर। थाना क्षेत्र के दरगाही टोला गाव मे पुश्तैनी मकान तोड़ने का विरोध करने पर वृद्ध को मारपीट कर जख्मी किए जाने का मसमला दर्ज कराया गया है। दर्ज प्राथमिकी मे पीड़ित मो मुस्तकीम ने बताया है कि सुबह उठा तो देखा कि झुन्नू मिया सबीना खातून अमन मिया चमन मिया मेरा पुश्तैनी मकान तोड़ रहे है।

## जेपीयू में मनाया गया हिंदी दिवस

छपरा सदर। शुक्रवार को जे पी यू के हिंदी विभाग और आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के द्वारा हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गोरखपुर विश्वविद्यालय वरीय प्रोफेसर डॉक्टर नित्यानंद श्रीवास्तव ने कहा कि हिंदी विश्वपटल पर तेजी से उभरती और ताकतवर बनती भाषा है, जरूरत है हिंदी को अपना आत्म-स्वरूप स्मरण रखने और भाषा के संदर्भ में चले आ रहे औपनिवेशिक धारणाओं से मुक्त होने की. बताते चले कि हिंदी विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता और गोरखपुर विश्वविद्यालय के वरीय प्रोफेसर डॉक्टर नित्यानंद श्रीवास्तव थे। हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिनों और चार सत्रों में बंटी संगोष्ठी के पहले सत्र में भविष्य की हिंदी पर विचार व्यक्त करते हुए अंग्रेजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर गजेन्द्र कुमार ने कहा कि हिंदी को ताकतवर भाषा बनाने के लिए उसके भीतर सांस्कृतिक अभिजन का बनना जरूरी है।

## सैफुल आजम बने रक्सौल विधानसभा प्रभारी

प्रात: काल संवाददाता

रक्सौल। राजद प्रधान कार्यालय ढाका मे राजद जिला अध्यक्ष नूरआलम खान के द्वारा सैफुल आजम को रक्सौल विधानसभा के विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया, जिससे रक्सौल विधानसभा के राजद कार्यकर्ताओ मे हर्ष है सैफुल आजम के मनोनयन पर रक्सौल प्रखण्ड अध्यक्ष सौरंजन यादव ने बधाई देते हुए कहा कि सैफुल आजम के मनोनयन से रक्सौल एंव आदापुर राजद को मजबूती मिलेगा। संगठन धारदार होगा बिहार प्रदेश राजद संगठन का एक ही लक्ष्य है 2025 चुनाव मे अपने नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री के कुर्सी पर बैठना मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास इस लक्ष्य मे सैफुल आजम के द्वारा पूरा सहयोग मिलेगा। जिला मुख्य प्रवक्ता रवि मस्करा ने कहा सैफुल आजम के विधानसभा प्रभारी बनने से रक्सौल विधानसभा में बहुत मजबूती मिलेगी। वही सैफुल आजम ने राजद सुप्रीमो लालू यादव,पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगता नन्द सिंह जी आभार व्यक्त करते हुए कहा जिला अध्यक्ष जो विश्वास कर-के मुझे यह नई जिम्मेवारी दिए हैं, उस मै खरा उतरूंगा।

सैफुल आजम के विधानसभा प्रभारी मनोनीत होने पर पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव,सुरेश यादव, प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन आलम,राजद जिला मुख्य प्रवक्ता रवि मस्करा, जिला अध्यक्ष व्यावासिक प्रसोष्ठ सुनील कुशवाहा, युवा राजद जिला महासचिव रवि भारती, प्रदीप प्रेम, युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष अरमान आलम, राजद नगर अध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता, प्रखण्ड अध्यक्ष अनु.जाती प्रकोष्ठ दिनेश राम, प्रखण्ड अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ संजय यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हसीबुर रहमान, नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ट मूसा आलम,प्रखण्ड अध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ नीतेश कुमार गुप्ता, युवा राजद नगर अध्यक्ष दुर्गेश साह, छात्र राजद अध्यक्ष सोनू साह,बिकु यादव,कुणाल राय, मनोहर राय, मुन्ना यादव, शमीम अंसारी,एजाजुल हक सहित अन्य राजद कार्यकर्ताओ ने बधाई एंव शुभकामनाएं दी।।

## कालाजार उन्मूलन को ले आशा कार्यकताओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

● प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकताओं को कालाजार के लक्षणों की पहचान व उससे बचाव के उपाय बताए जा रहें है

प्रात: काल संवाददाता

बेतिया। कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के सिकटा,लौरिया, बैरिया , गौनाहा, भीतहाँ, मधुबनी, ठकरहाँ, नौतन के चयनित आशा कार्यकताओं को लगातार 10 सितंबर से उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है ।इस प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकताओं को कालाजार के लक्षणों की पहचान व उससे बचाव के उपाय बताए जा रहें है ।प्रशिक्षक श्याम सुन्दर कुमार, पीओसीडी, पीरामल एवं प्रकाश कुमार भीभीडीएस ने कहा कि बालू मक्खी के काटने से कालाजार होता है। उन्होंने बताया की जागरूकता ही कालाजार से बचाव के बेहतर उपाय है। इसलिए आशा घर- घर जाकर कालाजार के मरीजों को खोज करने के साथ आमजनों को भी इसके लक्षणों की पहचान व उससे बचाव के उपाय बताए।

### बचाव के लिए जागरूकता है बेहतर उपाय

वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ हरेन्द्र कुमार ने बताया कि कालाजार के संपूर्ण उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी है। इसके लिए सरकार की तरफ से आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 100 रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। आशा कार्यकर्ता छिड़काव होने से पहले घर-घर जाकर लोगों को इसकी जानकारियां देंगी। उन्होंने बताया कि छिड़काव चक्र के दौरान चयनित गांवों के सभी घरों एवम गौशाला के अंदर पूरी दीवार पर दवा का छिड़काव किया जाना चाहिए। अगर एक भी घर छिडकाव से वंचित रह गया, तो बालू मक्खी के पनपने का खतरा बना रहेगा।

### कालाजार के मरीजों को सरकार द्वारा दी जाती है 7100 रुपये की राशि:

भीबीडीएस प्रकाश कुमार ने बताया कि बालू मक्खी के काटने से कालाजार होता है। उन्होंने बताया कि यह मक्खी कम रोशनी वाली और नम जगहों जैसे कि मिट्टी की दीवारों की दरारों, चूहे के बिलों तथा नम मिट्टी में रहती है। इसलिए दवा का छिड़काव घरों, गौशालाओं की दीवार पर छह फीट तक किया जाता है। वहीं उन्होंने बताया कि क्षतिपूर्ति के रूप में कालाजार के मरीजों को सरकार द्वारा 7100 रुपये की राशि दी जाती है।

### कालाजार के लक्षण:

रुक-रुक कर बुखार आना, भूख कम लगना, शरीर में पीलापन और वजन घटना, तिल्ली और लिवर का आकार बढ़ना, त्वचा-सूखी, पतली और होना और बाल झड़ना कालाजार के मुख्य लक्षण हैं। इससे पीड़ित होने पर शरीर में तेजी से खून की कमी होने लगती है।

## धूमधाम से मनाया गया श्री बलभद्र पूजनोत्सव



प्रात: काल संवाददाता

रक्सौल। कलवार कल्याण समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को रक्सौल के फल मंडी रोड स्थित जितेन्द्र किशोर, सुमेन्द्र किशोर एवं बप्पी साह की भूमि पर बलभद्र पूजनोत्सव का आयोजन किया गया. कलवार कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित पूजनोत्सव कार्यक्रम में रक्सौल व इसके आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में कलवार समाज के लोग शामिल हुए। बलभद्र पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पश्चिमी चंपारण लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि सामाजिक एकता बहुत जरूरी है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने-अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दें ताकि वे सभ्य नागरिक बन सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साल कुल देवता बलभद्र भगवान के पूजा के बहाने से ही एकजूट होने का अवसर मिलता है। वहीं स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने भी शुभकामना देते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि इस तरह के सामाजिक आयोजन के माध्यम से सामाजिक एकता को मजबूत करने का काम किया जा रहा है. इधर, बलभद्र पूजा के दौरान मुख्य यजमान के रूप में अनिल कुमार गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी लवली गुप्ता के द्वारा आचार्य पप्पू पंडित जी के वैदिक मंत्रोचारण के बीच पूजा को संपन्न कराया गया. पूजा के मध्य में कलवार समाज के द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जो पूजा पंडाल से निकलकर हड़ी बाजार, पोस्ट ऑफिस रोड, बैंक रोड, एक्सचेंज रोड के रास्ते पुनः पूजा पंडाल में पहुंची, जहां पूजा के बाद भगवान बलभद्र का पट खोला गया और आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया. पूजनोत्सव कार्यक्रम के दौरान यूपीएससी की परीक्षा पास कर आइपीएस बने रानू गुप्ता के पिता संजय कुमार गुप्ता के अलावे शिक्षण व जॉब के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले समाज के बच्चों को सम्मानित किया गया। पूजनोत्सव कार्यक्रम को पूर्व मंत्री स्व. बृजबिहारी प्रसाद की पुत्री रागिनी गुप्ता, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, ढाका विधायक पवन जायसवाल, भाजपा नेता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सभापति प्रतिनिधि सुरेश कुमार यादव आदि ने संबोधित किया. मंच का संचालन चंदन कुमार कर रहे थे, जबकि पूजन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष प्रदीप भारती, ध्रुव प्रसाद, अनिल कुमार गुप्ता, धीरज कुमार गुप्ता, चंदन गुप्ता, सुनिल कुमार, कुमार मंगलम, वार्ड पार्षद सोनू गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता, अजय कुमार उर्फ बाबल जी, दीपक जायसवाल, अखिलेश कुमार गुप्ता, सनोज कुमार के साथ-साथ कलवार कल्याण समिति के सभी सदस्य व कलवार महिला मंच के सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही. मौके पर मंच के संरक्षक जगदीश प्रसाद गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ. प्रहस्त कुमार, डॉ. उमेश प्रसाद, डॉ. हजारी प्रसाद, सुभाषचंद्र प्रसाद सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इसकी जानकारी कलवार कल्याण समिति के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने दी है।

## सभी योजनाओं की निविदा प्रक्रिया को अविलंब पूरा कर कार्य प्रारंभ करें : डीएम

छपरा कार्यालय। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्राथमिकता के आधार पर सभी सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। इस उद्देश्य से सारण जिला के विद्यालयों में अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण, शौचालयों का निर्माण एवं मरम्मती, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिये लगभग 2500 योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

इन योजनाओं का कार्य तेजी से पूरा हो इसके लिये विभिन्न तकनीकी विभागों के सहयोग से इनका क्रियान्वयन कराया जा रहा है। भवन प्रमण्डल, एलएईओ-1 एवं 2, पीएचईडी तथा बिहार शिक्षा परियोजना के बीच योजनाओं का बंटवारा कर क्रियान्वित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं संबंधित तकनीकी विभाग के अभियंताओं के साथ बैठक किया। पेयजलापूर्ति से संबंधित सभी 476 योजनाओं का क्रियान्वयन पीएचईडी द्वारा किया जाना है। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को अविलंब सभी योजनाओं की निविदा प्रकाशित कराकर क्रियान्वित कराने को कहा गया।

## आज हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित होंगी सम्मान समारोह

एकमा। स्थानीय ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल के प्रांगण में हिंदी दिवस के अवसर पर स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के द्वारा एकमा और मांझी प्रखंड के हिंदी साहित्य से जुड़े शिक्षकों व वरिष्ठ लोगों को के बीच पुस्तक वितरण सह सामान समारोह आयोजित की गई है ।जिसमें मुख्य रूप से संसद के अलावा राज्य के प्रतिष्ठित साहित्यकार जाने-माने मोटिवेशनल लेखक रविंद्र नाथ प्रसाद सिंह की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित होगी। तथा 16 सितंबर को मांझी प्रखंड के नंदलाल सिंह महाविद्यालय जैतपुर में आयोजित होगी जिनमें एकमा व मांझी प्रखंड के 108- 108 शैक्षणिक संस्थाओं को हिंदी साहित्य से संबंधित हिंदी के महान लेखकों की रचनाओं से समृद्ध एक मिनी लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी ।

# संक्षिप्त खबरें

## उप विकास आयुक्त को किया गया सम्मानित

आरा।भोजपुर जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष के संजीव कुमार सिंह उर्फ मिया भाई के नेतृत्व में भोजपुर जिला अधिकारी एवं उप विकास आयुक्त भोजपुर को बुके एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया वही अपने अपने पंचायत के बारे में पंचायत के मुखिया गण ने भोजपुर जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त के सामने अपनी बात रखी सम्मानित करने में वीरेंद्र कुमार शाह उमेश कुमार उमेश चौधरी राकेश कुमार सिंह अभय कुमार सिंह पंकज कुमार सिंह पवन पंडित रितेश सिंह राजेश सिंह विनय कुमार यादव सभी उदवंत नगर प्रखंड के सभी मुखिया गण स्वागत करने में सामिल थे।

## बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ ने श्रम मंत्री को सौंपा मांग पत्र



काराकाट (रोहतास) जीविका दीदीयों ने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर बिहार सरकार श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ज्ञापन सौंपा। जिस ज्ञापन को पढ़ते हुए मंत्री ने जीविका संघ सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। दस सूत्री मांगों में जीविका दीदियों ने सभी कैडरों को जीविका की ओर से नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र दिलाने की बात कही। अवसर पर मंत्री ने जीविका दीदी को सदस्यता अभियान के तहत भाजपा का सदस्य भी बनाया। वही श्रम मंत्री का कहना है कि गांव-गांव तक जब तक सदस्य नहीं बना लिए जाते हैं। तब तक यह अभियान चलता रहेगा। अपने देश और प्रदेश को बचाने के लिए लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिये प्रेरित करना हम लोगों का दायित्व है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस तरह से विकास कर रहा है। मौके पर विनोद पासवान, विनेश कांत तिवारी,नवीन चंद साह, गोपेश गुप्ता, राजेश कुशवाहा, रजनीश कांत पांडे, संतोष तिवारी, सतीश कुशवाहा, पप्पू पासवान, चितरंजन प्रसाद सहित सैकड़ों जीविका दीदी उपस्थित थें।

## मॉक ड्रिल आयोजित कर अग्निशमनकर्मियों ने आग से बचाव की दी जानकारी



तिलौथू (रोहतास) तिलौथू क्षेत्र के राधा शांता महाविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं एनसीसी के छात्र-छात्राओं के बीच शुक्रवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने आग से बचाव की जानकारी मॉक ड्रिल द्वारा दी। अग्निशामालय डेहरी के पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी के अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही अग्निक अजित कुमार, शैलेन्द्र कुमार,रूपेश कुमार, पिंकी कुमारी चालक करण कुमार , चंदन राम ने बताया कि छात्राएं घरों में गैस चूल्हे का उपयोग करती है। कई बार गैस के रिसाव की स्थिति बनी रहती है। ऐसी स्थिति से निपटने की जानकारी उन्होंने छात्राओं को दी। गैस रिसाव के चलते सिलेंडर व चूल्हे के समीप लगने वाले आग को बुझाने की तकनीक उन्होंने बताई। उन्होंने बताया कि यदि सिलेंडर से गैस रिस रहा हो और आग लग जाती हो तो तत्काल गीले सूती कपड़े से लपेटकर आग बुझाया जा सकता है। यह भी बताया कि खाली बाल्टी सिलेंडर के ऊपर उलटकर रखने से भी सिलेंडर की आग बुझ सकती है। उन्होंने उक्त दोनों विधियों से आग बुझाकर दिखाया। यह भी सलाह दी कि खाना बनाते समय सूती कपड़ा पहनें। खाना बनाने की जगह पर बाल्टी में बालू और पानी अवश्य रखें ताकि आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग किया जा सके। यह भी कहा कि रसोई खोलने के कुछ देर बाद ही गैस का चूल्हा जलाएं। सबसे पहले रसोई के खिड़की, दरवाजे खोल कर कुछ मिनट इंतजार करें फिर चूल्हा जलाएं। शॉर्ट सर्किट से लगी आग को बुझाने के लिए उन्होंने एमसीबी स्विच का उपयोग करने को कहा। यह भी कहा कि यदि एमसीबी बोर्ड में ही आग लग जाए तो पोल से या पावर सबस्टेशन से बिजली कटवाने का प्रयास करना चाहिए। विभिन्न प्रकार की अगलगी से जुड़े अन्य एहतियात भी उन्होंने बताए। उन्होंने कहा कि आग यदि तेज हो गई हो तो सिर्फ उसे फैलने से रोके और तत्काल फायर ब्रिगेड टीम को इसकी सूचना तत्काल दें।

## 11 सूत्री मांग को लेकर बीपीएम को सौंपा ज्ञापन, सीएलएफ कार्यालय में जड़ा ताला

नुआंव(कैमूर)- रामलीला मैदान नुआंव में जीविका कैडर संघ कैमूर के बैनर तले 11 सूत्री मांग को लेकर दिया एक दिवसीय धरना, सभी जीविका दीदी ने धरना स्थल से जीविका प्रखंड कार्यालय व सीएफएल कार्यालय तक निकाली पैदल मार्च सीएफएल कार्यालय में जडी. ताला।

जीविका कैडर संघ नुआंव के जीविका दीदी अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर रामलीला मैदान नुआंव में दिया एक दिवसीय धरना धरने के पश्चात जीविका कार्यालय नुआंव व सीएलएफ कार्यालय नुआंव तक विरोध मार्च निकाल नारे बाजी करते हुए जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक नुआंव को 11 सूत्री मांग का सौपी ज्ञापन, बिहार सरकार के खिलाफ लगे नारे प्रखंड अंतर्गत तीन सीएलएफ आते हैं हरियाली ,दीप और उज्जवल तीनो में जड़ी ताला शिवकुमारी दीदी ने कहा कि जब तक सरकार मेरी 11 सूत्री मांगे 20000 वेतन, 60 साल के लिए परमानेंट नौकरी, आई कार्ड वह पोशाक, 5 लाख का बीमा, सहित अन्य मांगे सरकार नहीं मानती है तब तक सभी जीविका दीदी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे ।

शीला देवी ने कहा कि सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं में जीविका कैडर से अतिरिक्त कार्य करवाया जाता है।

जब सरकार के काम में हम लोग अपने तन मन लगाकर करते हैं तो सरकार हम लोगों के कार्य समान वेतन क्यों नहीं देती, जीविका कैडर के साथ क्यों करती है भेदभाव। धरना प्रदर्शन में सैकड़ो की संख्या में जीविका कैडर उपस्थित रहीं।

## वारदात : पुरानी रंजिश में चाकू से गोदकर वृद्ध की हत्या, आरोपी फरार

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मागत परासी गांव में शुक्रवार की अहले सुबह 6 बजे सरेआम एक 60 वर्षीय वृद्ध की चाकू से गोदकर हत्या की खबर सुनते ही अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार धर्मागत परासी गांव निवासी स्वर्गीय नगीना यादव के 60 वर्षीय पुत्र लोरिक सिंह शुक्रवार की सुबह सब्जी खरीद कर अपने घर के समीप जैसे ही पहुंचे वहा पहले से ही मौजूद पप्पू यादव ने उनपर धारदार हथियार से हमला कर चाकू से गोदकर हत्या कर भाग निकला। घटना में लोरीक सिंह के 32 वर्षीय बहू डीनकी देवी भी घायल बताई जा रही है। जिसका प्राथमिक इलाज अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बिक्रमगंज पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह यादव भी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच घटना की जानकारी लिया। साथ ही उक्त मामले को लेकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों के समक्ष कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम हेतु सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया ।इस संदर्भ में मृतक की बड़ी बेटी ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व में पप्पू यादव उनके घर में घुसकर उनकी भाभी के साथ छेड़खानी कर रहा था ।जिस मामले में वो जेल भी गया था ।जेल से बाहर निकलने के बाद से पप्पू यादव दिल्ली में ड्राइवरी का काम करता था ।पूर्व के केस को मैनेज करने के लिए पप्पू यादव फोन से पिछले कई दिनों से दबिश बना रहा था ।

पप्पू यादव शुक्रवार को अहले सुबह पांच बजे अपने गांव धर्मागत परासी पहुंचा और करीब छह बजे के आसपास घटना को अंजाम दे दिया मृतक के एक 34 वर्षीय पुत्र इंदल कुमार है, जो दिल्ली में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है। घटना के समय घर पर मृतक लोरीक सिंह के अलावे बहु और एक 10 वर्ष की नतिनी मौजूद थी। दूसरी तरफ प्रभारी थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि परिजनों के फर्द बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में पुलिस जुट गई है । फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही हैं।

# डीएम तनय सुल्तानिया ने जनता दरबार में फरियादियों की सुनी फरियाद, विवादों का ऑन द स्पॉट किया निष्पादन



- भोजपुर जिलाधिकारी ने धावा दल का किया गठन
- हर सरकारी कार्यालय में करेगी धावा दल निरीक्षण, समय पर नहीं आने पर होगी कार्रवाई
- अब सरकारी कर्मचारियों को आना होगा समय पर कार्यालय

प्रातः काल संवाददाता

आरा। जिलाधिकारी, भोजपुर,तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवम संवेदनशील बनाए रखने हेतु गठित धावा दल के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड/ अनुमंडल/ जिला स्तर पर स्थित सभी कार्यालयों में कर्मियों की ससमय उपस्थिति हेतु औचक निरीक्षण किया गया, जिला अधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा लोक शिकायत के 7 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इसमें 3 गृह विभाग एवम 4 राजस्व एवम भूमि सुधार विभाग से संबंधित मामले रहे।सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवायी हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी, तनय सुल्तानिया द्वारा समाहरणालय में आयोजित जिला जनता दरबार मे 25 लोगों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके समस्यायों के अविलंब निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## जिलाधिकारी के द्वारा सदर अस्पताल, एवं निमार्णाधीन सरकारी मेडिकल कॉलेज कैम्पस का किया गया निरीक्षण

आरा। जिलाधिकारी, भोजपुर, तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से.) के द्वारा सदर अस्पताल, आरा एवं निमार्णाधीन सरकारी मेडिकल कॉलेज कैम्पस का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने मुख्यतः आकस्मिक कक्ष, वार्ड, वाह्य कक्ष, शल्य कक्ष, दीदी की रसोई, अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल में मरीजो की बढती संख्या को ध्यान में रखते हुए निबंधन केंद्र की संख्या 2 से बढ़ाकर 5 करने को आदेश दिया गया। साथ ही निमार्णाधीन कमांड एण्ड कंट्रोल रूम को अविलंब चालू करने का निदेश दिया गया। अस्पताल परिसर में जल जमाव की समस्या को लेकर बुडकों के पदाधिकारी को जल्द ठीक करने हेतु निदेशित किया गया। दीदी की रसोई के निरीक्षण के क्रम में मरीजों एवं उनके अभिभावकों को बैठ कर खाने की व्यवस्था करने को कहा गया। साथ ही निमार्णाधीन एम०सी०एच० भवन का कार्य दिसम्बर 2024 तक पुर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। निमार्णाधीन सरकारी मेडिकल कॉलेज कैम्पस एवं वहां ड्रेनेज संबंधित समस्या को लेकर पदाधिकारी को ससमय पूर्ण करने हेतु निदेश दिया गया।

निरीक्षण के क्रम में भोजपुर के सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक उपस्थित थे।

## पड़रिया विद्यालय में 48 छात्र-छात्राओं को दी गई एफएलएन किट

गड़हनी। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया में शुक्रवार को क्लास 6,7 व 8 वर्ग के 48 छात्र- छात्राओं के बीच एफ एल एन कीट का बितरण किया गया। किट का बितरण विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमनारायण साह के देख रेख में की गई। बितरण करने के बाद सभी को ई शिक्षा कोष पर फोटो सहित अपलोड किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि जितने छात्रों का आधार ई शिक्षा पोर्टल पर लोड था उतने किट उपलब्ध कराया गया। कई छात्र- छात्राओं को पहले भी बितरण किया जा चुका है, कुछ छात्र- छात्राओं का अभी आधार कार्ड नही बना है, आधार बनने को ले सभी अभिभावकों को बोल दिया गया है।आधार आने के बाद बाकी छात्रों को ई शिक्षा पोर्टल पर लोड किया जाएगा तब जाकर किट दिया जाएगा। इस कीट में स्टूमेंट्स बॉक्स, पानी बोतल, जी के बुक, ग्रामर बुक, कॉपी सहित कई शिक्षण सामग्री है। किट बितरण से सरकार का उदेश्य है की आर्थिक स्थिति से कमजोर सभी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री मिल सके जिनसे उनका शैक्षणिक स्थिति में सुधार हो।

# सदस्यता अभियान में मंत्री संतोष सिंह ने लोगों को बनाया भाजपा का सदस्य

प्रातः काल संवाददाता



काराकाट (रोहतास) भाजपा पार्टी के कार्यकताओं ने शुक्रवार को काराकाट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सदस्यता अभियान चलाया। अवसर पर बिहार सरकार श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने भी अभियान में भाग लिया। जिनको कार्यकताओं ने फूला माला पहना व बुके अंगवस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री ने लोगो का अभिनंदन करते स्वयं भी लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। वही मंत्री संतोष ने लोगों के बीच संगठन पर चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिए लोगों से आग्रह किया। साथ ही काराकाट विधानसभा के गोड़ारी मंडल में सैकड़ों महिलाओं ने 8800002024 मिस कॉल देकर सदस्यता ग्रहण किया। जिनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं से दूर लोगों को इसकी जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेश्वर कुशवाहा एवं संचालन सुदर्शन प्रसाद वैश्य ने की। मौके पर जिला माहामंत्री विजय सिंह,ओबीसी मोर्चा के संजोजक नवीनचंद्र साह ने प्रधानमंत्री के उपलब्धियों को बताते हुए लोगों से भाजपा सदस्य बनने के लिए अपील की। उक्त अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पिंटू सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूबी देवी, उत्तम कुमार सिंह, रजनीश पांडे, आनंद गुप्ता, काशीनाथ पासवान,संजय सिंह, सतीश कुशवाह, बूथ अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर,पंकज कुमार,मुखिया वीरेंद्र सिंह, मुखिया योगेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## 13 बकाएदार उपभोक्ताओं को भेजी गई लीगल नोटिस

दिनारा(रोहतास) : विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित उपभोक्ताओं के परिसर में लीगल नोटिस भेजी जा रही है। पूर्व में जो बकायेदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया था एवं अब तक बकाए राशि का भुगतान एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा नहीं किया गया है उन पर विभाग नीलामवाद दायर करने हेतु लीगल नोटिस भेज रही है।

सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि प्रखंड दिनारा के उपभोक्ताओं पर नीलामवाद दायर करने हेतु 13 लीगल नोटिस भेजी गई है।

निबंधित डाक से भेजी गई नोटिस में ग्राम-बकरा के विश्वनाथ मिश्रा, कौवाखोच के भरत सिंह, खनिता के गीता देवी, प्रदीप साह, सरोज सिंह, भरत मुनि पाण्डेय, बलिया के ललन सेठ, हीरालाल साह, करहँसी के रामावतार सिंह, जय प्रकाश राय, समहुति बुजुर्ग के निर्मल कुमार पाण्डेय, सहुआरी के ललन सिंह एवं कृष्णा सिंह का नाम शामिल है।

## दुबई की धरती पर पहली बार अवॉर्ड लेने पहुंची स्मिता सिंह

प्रातः काल संवाददाता




आरा। प्राइवेट स्कूल एण्ड चिल्ड्रन वेल्फेर एसोसिएशन का प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जो 12 से 16 सितंबर तक दुबई मे शुरू हो चुका है` इसका उद्घाटन दुबई और उत्तरी अमीरात मे भारत के महा वाणिज्यदूत सतीश कुमार सीवन ने किया` इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सय्यद शमायल अहमद ने किया` उन्होंने कहा की 11 सितंबर को 28 राज्यों से 100 से अधिक प्रतिनिधि जिसमे अलग अलग विद्यालयों के निर्देशक और प्राचार्य दिल्ली से दुबई के लिए रवाना हुऐ राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ भोजपुर की प्राइवेट स्कूल एण्ड चिल्ड्रन वेल्फेर एसोसिएशन की अध्यक्ष स्मिता सिंह जो एस एन मेमोरियल स्कूल, गाउसगंज की प्रबंधिका भी है वो पूरी तरह से भारतीय परंपरागत पोशाक यानि की साड़ी मे नजर आई ` दुबई की धरती पहली बार वहा मौजूद अतिथि और राष्ट्रीय अध्यक्ष से स्मिता सिंह ने सम्मान प्राप्त किया ` प्राइवेट स्कूल एण्ड चिल्ड्रन वेल्फेर एसोसिएशन का विस्तार अब राष्ट्रीय स्तर पर नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का कार्य हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सय्यद शमायल अहमद जी बखूबी कर रहे है` इस सम्मेलन में विद्यार्थियों की गुणवतापूर्ण शिक्षा व्यवस्था प्रणाली व न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण चर्चा हुई इस कार्यक्रम मे हिमांशु सिंह, फौजिया खान, संजय कुमार सिंह, शाहबाज अहमद, अमर कुमार इत्यादि सभी शामिल हुऐ

## 142 बच्चों के बीच एफएलएन कीट का हुआ वितरण, छात्र-छात्राओं में खुशी

गडहनी। सरकारी विद्यालयों में बीआरसी के माध्यम से उपलब्ध कराये गये एफएलएन कीट का वितरण प्रखण्डाधीन उत्क्रमित मध्य विद्यालय चइंयाचक मे प्रधानाध्यापक मुरारी यादव के द्वारा किया गया।श्री यादव ने बताया कि कक्षा छः, सात एवं आठ तक के 94 नियमित रुप से उपस्थित होने वाले तथा ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड विवरण वाले बच्चों के उपयोग हेतु वर्तमान सत्र 2024-25 में एफएलएन, एलईपी. कीट का वितरण किया गया। वहीं कीट बैग वितरण से स्कूली बच्चों में खुशी है तथा बच्चों में विद्यालय आने के प्रति उत्सुकता बढ़ी है साथ ही अभिभावकों में भी बच्चों को विद्यालय भेजने की उत्सुकता देखी जा रही है।वितरण करने वालों मे संगीता रानी, कुमारी अभिलाषा, फुरकान अहमद, अशोक कुमार सिंह शामिल रहे। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडरिया मे कक्षा छः से आठ तक के 48 छात्र-छात्राओं के बीच एफएलएन कीट बैग का वितरण किया गया।

## गड़हनी प्रखंड मुख्यालय पर हिन्दी पखवाड़ा दिवस पर कार्यक्रम

प्रातः काल संवाददाता



गड़हनी। प्रखंड मुख्यालय गड़हनी के प्रांगण में शुक्रवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजित की गई।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख विनोद यादव,बीडीओ अर्चना कुमारी, एमईओ मेघा कुमारी व उप प्रमुख पुष्पा देवी,संजीत चंद्रवंशी,नपं प्रतिनिधि गुड्डु मुखिया,मोहन राम समेत कई लोगो ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया।संचालन अधिवक्ता भाई अरुणेश सिंह ने की। हिन्दी दिवस पर प्रखण्ड मुख्यालय पर यह कार्यक्रम रखा गया था जिसका 2 बजे उद्घाटन का समय निर्धारित था। उद्घाटन करता डीएम व डीडीसी व विशिष्ट अतिथि सांसद सुदामा प्रसाद ,विधान पार्षद राधाचरण सेठ,अगिआंव विधायक शिव प्रकाश रंजन थे।उद्घाटनकर्ता का इन्तेजार शाम चार बजे तक कि गई। जब उद्घाटनकर्ता नही आए तो सवा चार बजे प्रखंड प्रमुख व बीडीओ के द्वारा की गई।उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने हिन्दी दिवस पखवारा के अवसर पर दो दो शब्द अपना विचार रखा।समारोह में साम में कवि सम्मेलन भी रखा गया है जो देर रात तक चलेगा। इसके लिये कैमूर से कवि शंकर प्रसाद कैमुरी, कारी साहेब, नन्हे सर सहित कई कवि आये है। इस मौके पर पूर्व समिति सदस्य संजित कुमार, कॉंग्रेस अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, समिति सदस्य मोहन राम, मुखिया मनीषा देवी, शिक्षक कमोद कुमार,सामाजिक कार्यकर्ता इमरान अहमद उर्फ सोनू, रामबचन सिंह, अमजद हुसैन, रामनाथ सिंह, आत्मा अध्यक्ष सुरेंद्र यादव सहित कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिक्षकों के साथ बढ़ती हिंसात्मक घटनाओं की पुनरावृत्ति चिंताजनक: डॉ चिंटू

प्रातः काल संवाददाता

आरा। बिहार प्रोग्रेसिव यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत महाराजा कॉलेज के हिंदी विभाग की शिक्षिका डॉ. शुचि स्नेहा के साथ परीक्षा के दौरान वीक्षण कार्य के समय हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा की गई। यह घटना केवल एक शिक्षिका पर हमला नहीं है, बल्कि बिहार के समूचे शैक्षणिक तंत्र पर एक गंभीर हमला है, जो हमारे शिक्षकों के मान-सम्मान और सुरक्षा की पूर्ण अनदेखी का प्रतीक है।

संघ की सचिव डॉ. चिंटू कुमारी ने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे शिक्षण वर्ग पर संकट का समय है, और इस घड़ी में संघ पूरी ताकत से डॉ. स्नेहा के साथ खड़ा है। बिहार में हाल के वर्षों में शिक्षकों के साथ बढ़ती हिंसात्मक घटनाओं की पुनरावृत्ति चिंताजनक है, जो कि राज्य सरकार की नीतिगत विफलता को उजागर करती है। उन्होंने सरकार से यह सवाल किया कि क्या शिक्षक अब अपनी कक्षाओं और परीक्षा केंद्रों में भी सुरक्षित नहीं हैं? संघ ने इस कठिन समय में शिक्षकों की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष डॉ. हेमंत कुमार झा ने कहा कि यह स्थिति शिक्षण प्रणाली के प्रति सरकार और प्रशासन की उदासीनता को दशार्ती है। जो छात्र कभी शिक्षकों की ढाल बनते थे, आज वही छात्र शिक्षकों को आतंकित कर रहे हैं। सरकार ने अगर जल्द ही इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो इसका दूरगामी असर न केवल शैक्षणिक व्यवस्था पर बल्कि राज्य के सामाजिक ढांचे पर भी पड़ेगा।

संयुक्त सचिव डॉ. अभिषेक कुंदन ने भी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि आज शिक्षकों को चारों तरफ से उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है—चाहे वह विश्वविद्यालय हो, सरकार हो, या फिर छात्र। यह राज्य के शैक्षणिक और सामाजिक भविष्य के लिए खतरे की घंटी है। सरकार और प्रशासन शिक्षकों को केवल परीक्षा के लिए इस्तेमाल करने वाले यंत्र के रूप में देख रहे हैं, जबकि उनके मान-सम्मान और सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है।उपाध्यक्ष डॉ. आतिफ रब्बानी ने कहा कि कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा केवल तभी संभव है जब शिक्षकों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था हो।

कोषाध्यक्ष डॉ. शोभन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि पहले भी भागलपुर, छपरा और सीतामढ़ी में शिक्षकों के साथ इसी प्रकार की घटनाएं घटित हुई हैं।

संघ ने सर्वसम्मति से इस घटना की निंदा करते हुए सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, अन्यथा संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# जनता दरबार में जिले के लोग बेहिचक करें अपनी शिकायत : डीएम

## जिलाधिकारी ने 60 फरियादियों की सुनी शिकायत

- पीड़ित लोगों के शिकायत का त्वरित निष्पादन करने का दिया निर्देश

प्रातः काल संवाददाता



सासाराम (रोहतास) जिला मुख्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले दैनिक जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी फरियाद लेकर जनता दरबार में पहुंचे। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने सभी फरियादियों की फरियाद सुनी और उनकी समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दीं। मौके पर उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे व अपर समाहर्ता चंद्रशेखर प्रसाद सिंह भी मौजूद थे। लगभग 60 फरियादी जनता दरबार में आए थे। सासाराम थाना अंतर्गत मुरादाबाद गांव की निवासी सरिता देवी ने बताया कि उनके पति स्वर्गीय चंद्रशेखर सिंह ने पेट्रोल पंप के संचालन के लिए बैंक ऑफ इंडिया, सासाराम शाखा से 50 लाख रुपए का सीसी लोन लिया था। इस लोन के लिए पति के नाम के तीन जमीन के दस्तावेज बैंक में जमा किया गया था। लेकिन बैंक में लोन की पूरी राशि जमा करने के बाद भी जमीन के कागज बैंक के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उक्त मामले के संबंध में लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सासाराम थाना अंतर्गत करवंदिया के अमरी टोला के निवासी ममता कुमारी ने बताया कि 1995 में सरकार द्वारा निर्मित इंदिरा आवास में वर्षों से रह रही हैं, जिसका खाता संख्या 201, प्लॉट संख्या 708/709 रकबा 4 डिसमिल भूमि है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के द्वारा अभी तक उन्हें आवासीय भूमि बंदोबस्ती पर्चा नहीं मिला है। बंदोबस्ती पर्चा नहीं मिलने से दबंग लोगों द्वारा जमीन छोड़ने की धमकी दी जा रही है। जिलाधिकारी ने लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को मामले की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। दिनारा थाना के रेही गांव के निवासी धुरभारी सिंह ने बताया कि वे बाप-दादा के जमाने से बिहार सरकार की जमीन में मकान बनाकर रह रहे थे। लेकिन 22 अगस्त को अचानक अंचलाधिकारी के द्वारा उनके मकान को तोड़ दिया गया। अब उनके पास कोई दूसरा मकान नहीं है, जहां वे आसरा ले सकें। जिलाधिकारी ने बिक्रमगंज डीसीएलआर को उक्त घटना के संबंध में स्वयं जांच-पड़ताल कर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। चुटिया थाना अंतर्गत तिउरा गांव के निवासी राजेश मेहता ने बताया कि 2022 में उनके घर में आग लगने के कारण घर का सारा सामान जलकर राख हो गया था। उन्होंने इस संबंध में अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन दिया था। लेकिन आज तक आपदा का मुआवजा उन्हें नहीं मिला है। जिलाधिकारी ने डेहरी अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को मामले की सुनवाई का निर्देश दिया है।

## कोइलवर में बीजेपी ने चलाया सदस्यता अभियान



आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान 200 से 250 लोगों को बीजेपी का सदस्य बनाया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा देश से सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा को विश्व की सबसे बडी पार्टी बनाने से उद्देश्य से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश को मजबूत करना है तो भाजपा का सदस्य बनिये और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत कीजिए।सदस्यता अभियान में पहुँचे बीजेपी के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,राम दिनेश, श्याम प्रकाश बिंद, श्रवण कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## समाहरणालय सभाकक्ष में भू अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई

आरा। जिलाधिकारी, भोजपुर, तनय सुल्तानिया द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में भू अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्यतःजिले में चल रही बड़ी परियोजनाएं जैसे ठक्119अ(आरा- सासाराम) के कार्यों को उच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्पादित करने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में कायम नगर से धरहरा पथ निर्माण में आ रही विभिन्न बाधाओं का निरीक्षण एवं स्थल जांच 24 घंटा के अंदर पूर्ण करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं पथ निर्माण विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया।

इस समीक्षा बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक,आरा एवं सासाराम के प्रतिनिधि , उप समाहर्ता भूमि सुधार, जगदीशपुर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,भोजपुर, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, शाहाबाद, अंचलाधिकारी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉमरेड सीताराम येचुरी का अपूरणीय निधन: राकेश

अरवल। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी का दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया है। जिला सचिव राकेश कुमार राही ने कहा की पुरे मजदूर आंदोलन के लिये एक अपूरणीय क्षति है। वो राज्यसभा के पूर्व सदस्य भी थे। तथा छात्र जीवन से हीं वाम विचारधारा से जुड़े थे। वो एक बड़े मार्क्सवादी विचारक एवं कुशल वक्ता व नेतृत्वकर्ता भी थे। उनके निधन से देश के मजदूर आंदोलन एव लोकतांत्रिक आंदोलन को गहरी और अपूरणीय क्षति हुई। अखिल भारतीय छात्र संघ अरवल ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। ऐआईएसफ जिलाध्यक्ष कुमार वैभव शर्मा ने कहा कि माकपा राष्ट्रीय महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी का निधन वाम व प्रगतिशील आंदोलन के लिए गहरा क्षती उनका जाना इस दौर में जब देश में लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे पर लगातार हमले हो रहे हो बड़ा दुखदाई है। उन्होंने कहा कि कामरेड येचुरी पीनिमोनिया से पीड़ित थे उनका इलाज दिल्ली एम्स में चल रहा था

### डीएम ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित बैठक किया

अरवल। समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग की सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जाँचॉपरांत जिस प्रखण्ड का कार्य संतोषजनक नहीं था, उन प्रखण्ड के प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक को निदेशित किया गया कि अपने कार्य की समीक्षा करें तथा कमियों को दूर करने हेतु निदेशित किया गया। 22 सितम्बर से चलने वाली प्लस पोलियों अभियान कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने हेतु निदेशित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर घुमकर 0 से 05 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाने हेतु निदेशित किया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री गया से मिलकर किसान भवन का माँग किया : राहुल रंजन

गया। बिहार सरकार के पर्यटन एवं उद्योग मंत्री गया के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा से गया जिला मे किसान भवन निर्माण हेतु जिला कार्यानवयन कार्यक्रम पदाधिकारी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल रंजन ने मुलाकात कर ज्ञापन सौपा है। जिसमें जिला मे किसान भवन निर्माण हेतु आग्रह किया एवं कहा की हमारा देश एवं राज्य कृषि प्रधान राज्य है। जहाँ किसान को मूल - भुत सुविधा आवश्यक चाहिए। सभी जिला मुख्यालय पर किसान अपने फसलों को बेचने आते है लेकिन किसानों को रहने का समुचित व्यवस्था नहीं है एवं जो हमारे अन्नदाता है उनको जिला मुख्यालय पर समुचित भोजन का भी व्यवस्था नहीं हो पाता है। इसलिए इस किसान भवन मे भोजनालय का उत्तम प्रबंध हो, किसान सभागार की व्यवस्था हो। किसानों के लिए बैठने के साथ दुर दराज से आने वाले किसानों के लिए जिले में ठहरने और खाने की व्यवस्था कि जाए।

### एनसीसी गया ग्रुप मुख्यालय में टी पार्टी का आयोजन

गया। एनसीसी गया ग्रुप मुख्यालय में टी पार्टी का आयोजन किया गया है। इस मौके पर गया ग्रुप मुख्यालय के कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश ने पूरे ग्रुप के परिवारों से मिलकर हाल-चाल जाना। इस कार्यक्रम को लेकर ग्रुप मुख्यालय के लोगों में काफी हर्ष का माहौल दिखा। इस मौके पर डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल जी एस नंदा, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज कुमार(कीर्ति चक्र), एडम अधिकारी कर्नल एमके शुक्ला, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमर पारकर, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनु तिवारी, टीओ कर्नल जेबी छत्री, सुबेदार मेजर अमलेंदु मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

### गया और हावड़ा के मध्य वंदे भारत ट्रेन का परिचालन होगा शुरू

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गया और हावड़ा के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को छः वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ करेंगे। इसी क्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा गया और हावड़ा के मध्य चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 02304 गया-हावड़ा वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल (वल्लं४४१' रस्त्रीं') को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 15 सितंबर को गाड़ी सं. 02304 गया-हावड़ा वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल गया से 11.00 बजे खुलकर 12.05 बजे कोडरमा, 13.25 बजे पारसनाथ, 14.30 बजे धनबाद, 15.40 बजे आसनसोल, 16.25 बजे दुर्गापुर रुकते हुए 19.00 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

# बाल श्रम उन्मूलन हेतु धावा दल की कार्यवाई, 2 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



गया। श्रम अधीक्षक महेश चंद्र झा के निदेर्शानुसार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी परैया सुजीत कुमार के नेतृत्व में परैया थाना क्षेत्र अंतर्गत धावा दल के द्वारा सघन जांच की गई जिसके क्रम मे परैया बाजार स्थित मां अम्बे फास्ट फूड कॉर्नर से दो बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। सुजीत कुमार ने बताया कि जिले के हरेक क्षेत्र में धावा दल द्वारा बाल श्रमिकों को मुक्त करवाने का कार्य नियमित रूप से चलाया जाता है ताकि बच्चो से मजदूरी ना करवाई जाए।

बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के तहत प्रतिष्ठान के नियोजक पप्पू प्रसाद के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु धावा दल द्वारा आवेदन दे दी गई है जबकि विमुक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति, गया के समक्ष उपस्थापित कर समिति के आदेश से उसे बाल गृह में रखा गया है। इस मौके पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी टेकारी रोहित कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कोंच राजेश कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गुरारू रेणु कुमारी और प्रयास संस्था गया से देवेन्द्र कुमार मिश्रा एवं परैया थाना से पुलिस कर्मी की टीम शामिल थी। प्रयास संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि श्रम विभाग एवं संस्था द्वारा नियमित रूप से बाल श्रम ना करवाने हेतु नियोजकों को जागरूक किया जाता है एवम ऐसा ना होने पर विभाग द्वारा बाल श्रमिकों को विमुक्त करवाकर उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाता है ताकि उनका विकास बाधित ना हो एवम नियोजकों पर मुकदमा दायर किया जाता है। उन्होंने बताया की बाल मजदूरी करवाना कानूनन जुर्म तो है हीं, यह हमारे समाज को भी कलंकित करती है। श्रम विभाग एवम संस्था द्वारा निरंतर लोगो को जागरुक किया जाता है पर माता पिता भी अपनी जिम्मेदारी से मुकर कर पैसो के लालच में बच्चो का बचपन मजदूरी में बिताने हेतु भेज देते है।

# सेव ग्रुप द्वारा एमबीए के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




गया। कॉलेज के मैनेजमेंट विभाग में सेव गुरुप द्वारा एमबीए के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत छात्रों को रिलेशनशिप ऑफिसर एवं रिलेशनशिप मैनेजर के आठ पदों एचआर, लीगल तथा सेल्स के लिए चुना गया, जिससे उन्हें उनके करियर की नई उड़ान भरने का अवसर महाविद्यालय की भूमि पर ही प्राप्त हुआ है।

विभागाध्यक्ष, डॉ. अम्बरीष नारायण ने इस कार्यक्रम पर खुशी जताते हुए कहा, हमारे विद्यार्थी उद्योग जगत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, और इस चयन प्रक्रिया में उनकी सफलता इसका प्रमाण है। प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने मैनेजमेंट विभाग तथा सेव गुरुप के कॉरपोरेट ऑफिस, नई दिल्ली से आयी श्रद्धा मिश्र, हेड ऑफिस, गया की मनीषा बंसल और सुभाष कुमार का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को व्यावसायिक दुनिया से जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें अपने कौशल और ज्ञान को सही दिशा में उपयोग करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। जनसंपर्क पधाधिकारी डा धनंजय धीरज ने कहा की आगे बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भी महाविद्यालय पल्लीमेंट के लिए लाने हेतु संपर्क किया जा राज है। विधार्थियों के चेहरे पर उत्साह एवं आत्मविश्वास की झलक साफ दिख रही थी। आयोजन को सफल बनाने में कॉलेज प्लेसमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर अमरजीत कुमार, मेनेजमेंट विभाग के शिक्षक डॉ. सुशांत मुखर्जी, अमृता सिन्हा, अजीत राज का योगदान रहा है।

## साहेब उद्दीन अंसारी को एआईएमआईएम का प्रभारी नियुक्त करने का किया ऐलान



गया। साहेब उद्दीन अंसारी को एआईएमआईएम का प्रभारी नियुक्त करने का भी ऐलान किया गया. साहेब बोधगया निवासी हैं और मगध के एक पार्टी के संस्थापक रहे हैं. वैचारिक मतभेद के कारण उन्होंने नवगठित पार्टी को छोड़ दिया था. उनकी राजनीतिक क्षमता को देखते हुए एआईएमआईएम ने न सिर्फ अपने साथ जोड़ा बल्कि मगध का प्रभारी बना उन्हें बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी है.गया के साहेब के नाम से प्रसिद्ध साहेब उद्दीन अंसारी ने समय मंथन से कहा कि मगध में अब मजलिस की चलेगी.पूरा मगध में असद उद्दीन ओवैसी साहब की पार्टी फले फूलेगी. अख़्तरुल ईमान, आफताब इंजीनियर और आदिल हसन आजाद की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा और अपनी जवाबदही का ईमानदारी से निर्वाह करुंगा.

## गया विधानसभा क्षेत्र में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया गया

गया। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा सदस्यता अभियान को गति देने और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए भाजपा किसान मोर्चा बागवानी प्रकोस्ट के सह संयोजक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा गया घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गो तक पहुंच कर भाजपा की विचारधारा को फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना था। इसी वजह से लेकर डॉ. मनीष पंकज . मिश्रा ने गया है विधानसभा में व्यापक संपर्क अभियान चलाकर सदस्य बनने के क्रम में आम जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित किया है। इस दौरान उन्होंने भाजपा की नीतियों, विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। खासकर, मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान आदि के फायदों पर जोर दिया, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भाजपा की सदस्यता में भारी इजाफा हुआ।

## बिहार प्रदेश जनता दल यू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी मनोनीत किये गए

प्रात : किरण संवाददाता



गया जिला अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को आभार प्रकट किया। चंद्रवंशी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

कुमार ने कहा कि पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के नेतृत्व में पहले संगठन काफी मजबूत था, फिर से अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का संगठन मजबूत होगी। चंद्रवंशी के कार्यकाल में नीतीश सरकार के कल्याणकारी व विकासात्मक योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाई गई है। चंद्रवंशी के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाई देने वालों में श्रवण केवट, अंजू देवी, जवाहरलाल, नरेश चौहान, राजकुमार अकेला, मोहम्मद आरिफ हुसैन, अरविंद कुमार, वीरेंद्र शर्मा, संजीत कुमार, विद्यानंद प्रसाद, दयानंद विश्वकर्मा, मोहम्मद इमरान अंसारी, बैजनाथ शर्मा, राकेश रौशन, मनदीप प्रजापति, जनार्दन प्रसाद, सुरेश ठाकुर, सुरेंद्र चंद्रवंशी, राकेश कुमार दांगी, भरत चंद्रवंशी, हरेन्द्र दांगी, कैलाश सिंह चंद्रवंशी, शिवपूजन प्रसाद, मो शकील अंसारी, सीमा गुप्ता, रामविलास शर्मा, इंद्र ठाकुर, शम्भू शर्मा, सूरज चंद्रवंशी, रामा चंद्रवंशी, विष्णुदेव प्रजापति, सरस्वती देवी, कुमारी ममता, कुमारी अर्चना, नीरज कुमार राय, जितेंद्र चंद्रवंशी, राज नंदन कुमार, रणविजय ठाकुर व अन्य है।

# पितृ पक्ष मेला 2024 की तैयारी को लेकर मंत्री ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



गया। विश्व प्रसिद्ध पितृ पक्ष मेला 2024 तैयारी को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता बिहार सरकार के सहकारिता सह वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने देवघाट का निरीक्षण किया है। डॉ प्रेम कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एन एच 82 से मुक्ति धाम तक घाट एवं सड़क निर्माण जो कराया गया है उससे आने वाले पितृपक्ष मेले में लाखों तीर्थ यात्रियों को आने जाने में सुविधा प्रदान होगी इसके साथ में मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी गया एवं वन विभाग के पदाधिकारी को मंत्री ने निर्देश दिया कि एन एच 82 से गायत्री धाम तक खाली स्थान में लोहे के गैबियन के साथ पौधारोपण पितृ पक्ष मेला शुरू होने से पूर्व ही कराया जाए साथ ही देवघाट पर माननीय मंत्री के अनुशंसा से निर्माण किए गए सेड में लाइट पंखा एवं गमले में पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है। इस निरीक्षण के क्रम में नाई समाज के प्रतिनिधिमंडल माननीय मंत्री से मिला और जानकारी दी की नाई समाज के लोगों को मुंडन करने का स्थान जो चिन्हित है वहां सेड बनाने की मांग की गई ताकि वर्षा के समय में नाई समाज के लोगों को अपने कार्य करने में सहूलियत हो सके साथ ही पंचमुखी हनुमान के निकट मंत्री के अनुशंसा पर 23 लाख के लागत से बन रहे सेड का भी निरीक्षण किया गया जिसमें ढलाई कार्य पूर्ण हो चुका है कार्य को तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। घाट पर मिथिला पेंटिंग कर रहे कारीगरों को निर्देशित किया गया कि जो पेंटिंग हो रहा है उसमें गया जी के प्रमुख स्थान का उल्लेख अवश्य करें एवं गया शहर के प्राचीन चारों दरवाजा को भी रांगोगन करने का आदेश दिया गया है। घाट के निर्माण से स्थानीय नागरिकों एवं तीर्थ यात्रियों ने काफी प्रसन्नता जाहिर की है। मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन एवं सरकार के संबंधित विभागों को माननीय मंत्री ने बधाई दी है। इसके साथ ही साथ विष्णु पद घाट के निकट बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से आए तीर्थ यात्रियों से मिलकर उनके कुशल क्षेम जाना एवं हर संभव मदद के लिए जिला प्रशासन तैयार है उन्हें बताया है। तीर्थ यात्रियों में नेपाल, आंध्र प्रदेश, बंगाल एवं अन्य राज्यों के तीर्थ यात्री दिखे। वहीं ब्राह्मणों के द्वारा बंगाली भाषा, आंध्रा उड़ियाभाषा में मंत्री से बात कराई गई तीर्थ यात्रियों को गया जी के रबड़ डैम के निर्माण साफ सफाई एवं मेले की तैयारी से काफी खुश दिखे। मंत्री के काफिले में अनुमंडल पदाधिकारी सदर गया, रेंजर वन विभाग एवं भाजपा नेता संतोष सिंह, प्रेम सागर, देवानंद पासवान, विकास कुमार, धीरू जी, जितेंद्र कुमार, मुकेश चंद्रवंशी, सुरेंद्र यादव, मुन्ना पाठक, गाजू पाठक आदि मौजूद रहे हैं।

# रोशनी से जगमगाएगा मेला परिसर: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



गया। रोशनी से जगमग होगा मेला परिसर, गया में एक पखवाड़े तक चलने वाले पितृ पक्ष मेले के दौरान इस क्षेत्र में कोई अंधेरा स्थान नहीं होना चाहिए। डीएम त्यागराजन एस.एम. ये बातें गुरुवार की रात विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में प्रकाश निरीक्षण दौरे के दौरान कहीं। उन्होंने नगर निगम गया के कार्यान्वयन एजेंसियों को रेलवे स्टेशन से विष्णुपद मंदिर क्षेत्र तक प्रत्येक सड़क और सड़क पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

इस दौरान उन्होंने देवघाट समेत अन्य घाटों पर बन रहे पंडालों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में किसी भी बिजली तार का कनेक्शन ढीला या खुला नहीं होना चाहिए। इस हेतु उन्होंने एडीएम राजस्व को जांच कमेटी गठित करने का आदेश दिया तथा कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग गया से विद्युत फिट प्रमाण पत्र लेने का निर्देश दिया है। अधीक्षण अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल गया को पूरे मेला अवधि के लिए नियंत्रण कक्ष, संगत घाट एवं सीता कुंड पर कनीय अभियंताओं को तैनात करने का निर्देश दिया गया है। इन्हें शामिल करते हुए डीएम ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग को सीता पथ घाट, संगत घाट, देव घाट और नवनिर्मित विष्णु पथ घाट जैसे विभिन्न स्थानों पर अग्निशमन वाहन तैनात रखने का आदेश दिया है। इसके अलावा उन्होंने गया जी बांध से मोहनपुर पुल के पास नये विष्णु पथ घाट तक लगातार पंडाल लगाने का भी निर्देश दिया गया है। इस निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि कई टाइल्स व स्लैब जगह-जगह टूटे हुए हैं। नगर निगम को मेला शुरू होने से पहले इन्हें ठीक करने और बदलने के निर्देश दिए हैं। दर्शनीय स्थलों पर बड़े आकार में पेयजल, शौचालय एवं अन्य चीजों के साइनेज लगाने का भी निर्देश दिया है।

इसके अलावा उन्होंने एडीएम आपदा प्रबंधन को फल्गु नदी के दोनों किनारों पर ब्रेकेटिंग लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस साल बड़ी संख्या में आने वाले तीर्थयात्रियों को देखते हुए मजबूत ब्रेकेटिंग की जरूरत है। इस निरीक्षण में नगर आयुक्त अनुराग कुमार, डीडीसी नवीन कुमार, एडीएम राजस्व पारितोष कुमार, एडीएम आपदा प्रबंधन पंकज कुमार, नोडल पदाधिकारी मेला रवींद्र कुमार दिवाकर, एसडीओ सदर किसलय श्रीवास्तव, पर्यटन पदाधिकारी मनीष कुमार, एनडीसी राजीव रंजन समेत , एसडीसी आदित्य श्रीवास्तव एवं स्थानीय पंडागण उपस्थित थे।

## छठी बार प्रदेश मुख्यालय स्थापना प्रभारी बनने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया

गया। देव घाट निवासी जनता दल (यू0) प्रदेश महासचिव सह राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य चंदन कुमार सिंह को छठी बार प्रदेश मुख्यालय स्थापना प्रभारी बनने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया। इसका अधि घोषणा प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने जारी किया है। जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ने कहा कि बहुत खुशी की बात है की गया जिला के निवासी पार्टी के समर्पित साथी को मुख्यालय प्रभारी बनाया गया है। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा की चंदन कुमार सिंह कुशल संगठनकर्ता एवं पार्टी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति वफादार नेता हैं, पार्टी का काम पूरी ईमानदारी और तन्मयता से करते हैं उसी का नतीजा है की छठी बार इनको मुख्यालय प्रभारी का जिम्मेवारी दिया गया है। आज चंदन सिंह का जन्मदिन भी है और शुभ अवसर पर पुनः मुख्यालय प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में बहुत ज्यादा उल्लास एवं खुशी का माहौल है। बधाई देने वाले पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, धनंजय शर्मा, अरुण राव, अवधेश प्रसाद, कुमार सानू, छोटू गुपुत, गोल्डी गायब, मितंबरा लोहड़े, जितेंद्र पंडित, एवं अन्य नेताओं ने बधाई दी।

## जनता दरबार में 19 परिवादियों को सुना गया फरियाद

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार अपर समाहर्ता द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 19 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्व रोजगार योजना, किसान सम्मान निधि योजना, भूमि विवाद, मारपीट, शस्त्र, विधवा सहायता राशि, विद्युत विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे।

फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु अपर समाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम सोहसा निवासी सविता देवी द्वारा बताया गया कि मैं अत्यंत गरीब परिवार से हूँ। मेरा मिट्टी के मकान है जो बरसात के दिनों में कभी भी गिर सकती है तथा मुझे आवास की सख्त जरूरत है। मुझे आवास योजना के तहत आवास दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में अपर समाहर्ता द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कलेर को नियमानुसार जाँचोपरांत कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम मुरादपुर हुजरा निवासी राकेश कुमार द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन करता हूँ पर, आवेदन को जिलास्तर पर पेंडिंग कर दिया है।

किसान सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि उपलब्ध करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में अपर समाहर्ता द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी अरवल को आवश्यक कारवाई करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम अरवल सिपाह निवासी उपेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि मेरे पूर्वजों के नाम से जमीन है, जिसका रसीद मेरे रिस्तेदार द्वारा राजस्व कर्मचारी के मिलीभगत से गलत तरीके से कटा लिया गया है तथा मेरे हिस्से की भी जमीन कब्जा कर लिया गया है। उचित कार्रवाई करने की कृपा की जाए। इस संबंध में अपर समाहर्ता द्वारा अंचलाधिकारी अरवल को नियमानुसार जाँचोपरांत कारवाई करते हुए अबिलम्ब प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

## लोजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्व. सत्येन्द्र पंडित की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। प्रखंड क्षेत्र के प्रसादी इंग्लिश बाजार में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वर्गीय सत्येन्द्र पंडित की चौथी पुण्यतिथि समारोह उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि समारोह श्रद्धा पूर्वक के साथ धूमधाम से मनाई गई। पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया।

उन्होंने पुण्यतिथि समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय सत्येन्द्र पंडित एक नेक दिल इंसान थे। वे मिलनसार एवं मृदुभाषी ब्यक्तित्व के धनी थे। वे लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए समर्पित भाव से जीवन पर्यन्त कार्य करते रहे। पुण्यतिथि समारोह में जिला संगठन मंत्री रमेश रजक , जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव , जिला महासचिव रामानन्द भगत , जिला के मुख्य प्रवक्ता बिरेन्द्र कुमार सिंह , जिला प्रवक्ता रविन्द्र कनौजिया, जिला कार्यकारिणी के सदस्य अमित कुमार , अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष श्रीराम पांडेय , प्रखंड उपाध्यक्ष मुस्लिम अंसारी, प्रखंड सचिव मनोज कुमार, बैजनाथ पंडित सहित अन्य गणमान्य लोग मुख्य रूप से शामिल हुए।

## पटवा टोली मे लोगों ने भारी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

प्रात : किरण संवाददाता



गया। भारतीय जनता पार्टी मानपुर नगर के पेहानी पार्क स्थित पटवा टोली में सदस्यता के लिए महा अभियान का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर भाजपा पार्टी के तहत सैकड़ो सदस्य ने बढ़ चढ़कर अपनी सदस्यता ग्रहण किया है। उक्त मौके पर वजीरगंज विधायक सह चेतक श्री वीरेंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित हुए हैं। इस महा अभियान को सफल बनाने के लिए सदस्यता अभियान का मंडल अध्यक्ष बाला की अध्यक्षता में किया कार्यक्रम की शुरूआत किया गया है। मीडिया को संबोधित करते हुए बालाजी ने कहा कि वर्ष 2014 से भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगुवाई पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस 10 वर्ष पूरे होने के बाद इस वर्ष भी बीते सप्ताह से भाजपा पार्टी द्वारा गया जिले के हर एक प्रखंड एवं मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने का आदेश दिया गया है। प्रमोद चौधरी ने कहा के सदस्यता अभियान को पूर्ण करने के लिए प्रत्येक मंडल पर 20000 लोगों को जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रमोद चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता युवराज पटवा, दुखन पटवा, साकेत संगम, सदस्य प्रभारी- मानपुर नगर मुन्ना चौधरी, योगेंद्र मेहता, दिलीप कुमार पार्टी भाजपा नेता मानपुर दीपक स्वर्णकार, महेंद्र दास अन्य लोग मौजूद थे।

# संवास सदन कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का निरक्षण एवं उद्घाटन जिलाधिकारी ने किया



गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा विष्णुपद अवस्थित संवास सदन कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया है। संवाद सदन स्थित काल सेंटर को नेहरू युवा केन्द्र के प्रतिनियुकत वोलंटियर्स के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पितृपक्ष मेला 2024 के अवसर पर विभिन्न देशों एवं राज्यों से आने वाले तीर्थयात्रियों को महत्वपूर्ण जानकारी तथा सुविधाओं से संबंधित जानकारी के लिए यह नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। पिछले वर्ष काफी उत्कृष्ट रूप से नियंत्रण कक्ष को संचिलत किया गया गया। अनेको यात्रियों को उनके परिजनों से मिलवाया गया, जो भीड़ के कारण मेला में बिछड़ गए थे। इस वर्ष भी पूरी अच्छी तरीके से संचालन करवाया जाएगा। तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए ई- समाधान, आईवीआरएस नंबर जारी किया गया है, जो 9266628168 है। इस आईवीआरएस दूरभाष संख्या के माध्यम से तीर्थयात्री अपने आवश्यकतानुसार जानकारी तथा मदद ले सकते हैं। इस आईवीआरएस नंबर पर सभी संबंधित वरीय पदाधिकारियों का दूरभाष संख्या से लाइनअप रखा गया है ताकि तीर्थयात्री को सीधे मदद पहुंचाया जा सके। इसके अलावा एक हंटिंग लाइन भी बनाया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 0631 2222500 है। इसके साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0631 2222253/59 है, इसे भी पितृपक्ष मेला के अवसर पर और भी एक्टिव मोड से कार्य कराया जा रहा है। पितृपक्ष मेला के नोडल पदाधिकारी- सह- संवास सदन समिति के सचिव सह वरीय उप समाहर्ता रविन्द्र दिवाकर ने बताया कि संवाद सदन कार्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष वर्तमान में सुबह 6:00 से रात्रि 10:00 तक चालू रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पितृपक्ष मेला अवधि में नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे कार्यरत रखा जाएगा। जिला पदाधिकारी ने संवाद सदन कार्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष में आए हुए सभी फोन कॉल का अच्छी तरह मॉनिटरिंग करवाने का निर्देश दिया तथा उन्होंने कहा कि सभी कॉल का अनुपालन प्रतिवेदन तैयार करें जिससे यह पता चल सके कि किस विषय पर ज्यादा फोन कॉल्स आ रहे हैं। इसके अलावा देवघाट तथा अक्षय वट में भी तीर्थ यात्रियों के मदद हेतु पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के साथ अस्थाई नियंत्रण कक्ष स्थापित कराया जा रहा है। जहां विभिन्न शिक्षकों को ट्रेनिंग देने के पश्चात उन्हें यात्रियों की मदद हेतु लगाया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि विभिन्न भीड़भाड़ वाले जगहों पर अनिवार्य रूप से पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लगवाए तथा लगातार महत्वपूर्ण जानकारियां अनाउंसमेंट करवाते रहें। यह भी कहा कि विभिन्न भीड़भाड़ वाले घाटों अथवा वेदियों के नजदीक खोया पाया से संबंधित काउंटर चालू करवाएं तथा वहां पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लगवाएं।

# व्यापार

संसेक्स 82866.27 पर बंद
निफ्टी 25346.40 पर बंद

सोना 72,610
चांदी 88,324

## पी2सी का बड़ा फैसला, 1800 कर्मचारियों को निकालेगी बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टेक कंपनियों के बाद अब दुनियाभर की कंपनियों ने छंटनी शुरू कर दी है। इस लिस्ट में एक और बड़ी कंपनी प्राइसवाटरहाउसकूपर्स (पी2सी) भी शामिल हो गई है। कंपनी 15 वर्षों में अपनी सबसे बड़ी छंटनी कर रही है और इसमें 1,800 कर्मचारियों को निकालने का निर्णय लिया है। यह सभी छंटनी अमेरिका में की जाएगी। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, यह छंटनी मुख्य रूप से मैनेजिंग डायरेक्टर्स, बिजनेस सर्विस ऑडिट, असोसिएट्स और टैक्स डिपार्टमेंट्स में होगी। कंपनी के कुल अमेरिकी कर्मचारियों का 2.5 प्रतिशत इस फैसले से प्रभावित होगा और यह प्रक्रिया अक्टूबर 2024 तक पूरी की जाएगी। पी2सी अमेरिका के अध्यक्ष पॉल ग्रिग्स ने मामले पर एक मेमो जारी करते हुए कहा है कि इस फैसले का असर कंपनी के बहुत छोटे वर्ग के कर्मचारियों पर पड़ेगा। यह फैसला हमेशा मुश्किल होता है लेकिन कंपनी के हित में जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि साल 2009 के बाद से ऐसा पहली बार है जब कंपनी ने छंटनी का फैसला किया है।

### क्यों लिया छंटनी का फैसला?

गौरतलब है कि पी2सी ने 15 साल में छंटनी का फैसला उसकी सर्विसेज में कम डिमांड होने के बाद लिया है। पॉल ग्रिग्स ने अपने मेमो में कंपनी के रिस्ट्रक्चरिंग प्लान के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि हम अपने भविष्य के प्लान पर काम करते हुए कंपनी की टीमों में पुनर्गठन का काम कर रहे हैं। इस कारण हमने कई टीमों में छंटनी का फैसला किया है।

## सोना 250 रुपये कमजोर हुआ, चांदी 2000 रुपये उछली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 250 रुपये घटकर 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 87,000 के स्तर पर पहुंच गई। बुधवार को कीमती धातु या शुद्ध सोना (99.9 प्रतिशत शुद्धता) 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, गुरुवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 87,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में चांदी 3,200 रुपये प्रति किलोग्राम चढ़ चुकी है। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 250 रुपए की गिरावट के साथ 74,000 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 74,250 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने कहा कि मजबूत औद्योगिक उठाव के कारण चांदी में लगातार तीसरे सत्र में मजबूती का रुख जारी रहा, जिससे धातु की कीमतों में उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना 0.21 प्रतिशत बढ़कर 2,547.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कोटक सिक्योरिटीज में वीपी-कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा, कॉमेक्स सोना 2,558 डॉलर प्रति औंस के साप्ताहिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, लेकिन मुद्रास्फीति रिपोर्ट जारी होने के बाद इसमें गिरावट आई, क्योंकि बाजार की धारणा अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में मामूली कटौती की संभावना के अनुसार समायोजित हुई। वैश्विक बाजारों में चांदी भी 29.16 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।

# रिलायंस के मार्केट कैप पर भारी एलन मस्क की नेटवर्थ, जकरबर्ग टॉप 3 में, गौतम अडानी फिसले



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ 250 अरब डॉलर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि 2027 में वह दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर बन सकते हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.10 अरब डॉलर की तेजी आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक इस साल उनकी नेटवर्थ 21.4 अरब डॉलर बढ़ी है। मस्क की नेटवर्थ दुनिया की 39 कंपनियों के मार्केट कैप से ज्यादा है। भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 238.69 अरब डॉलर है। मुकेश अंबानी की यह कंपनी दुनिया की सबसे ज्यादा वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में 45वें नंबर पर है। टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्स जैसी कई कंपनियों को चला रहे मस्क की नेटवर्थ सालाना 110 प्रतिशत औसत रफ्तार से बढ़ रही है। साल 2027 तक उनकी नेटवर्थ चार गुना से ज्यादा बढ़ जाएगी।

दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 18 की नेटवर्थ में गुरुवार को तेजी आई। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 209 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म के सीईओ मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 4.66 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही वह 187 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 58.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 179 अरब डॉलर तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं।

### गौतम अडानी फिसले

लैरी एलिसन 173 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 3.87 अरब डॉलर की तेजी आई। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स (160 अरब डॉलर) छठे, स्टीव बालमर (148 अरब डॉलर) सातवें, वॉरेन बफे (142 अरब डॉलर) आठवें, लैरी पेज (140 अरब डॉलर) नौवें और सर्गेई ब्रिन (132 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी 112 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 11वें नंबर पर डटे हुए हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 2.09 अरब डॉलर की तेजी आई। रिलायंस का शेयर गुरुवार को 1.9 फीसदी तेजी के साथ बंद हुआ। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 100 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 16वें नंबर पर फिसल गए। हालांकि गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.96 अरब डॉलर की तेजी आई। लेकिन एनवीडिया के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग उनसे आगे निकल गए। ताइवान में जन्मे हुआंग इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले रईस हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ 60.5 अरब डॉलर बढ़ी है। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 2.03 अरब डॉलर की तेजी आई और वह गौतम अडानी से आगे निकल गए। उनकी नेटवर्थ 104 अरब डॉलर पहुंच गई है। अडानी 100 अरब डॉलर के क्लब में सबसे निचले पायदान पर हैं।

## दुनिया में कर्ज का बढ़ना चिंता की बात, आरबीआई गवर्नर बोले- इससे निपटने के लिए साझा प्रयास हों




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दुनिया को बढ़ते वैश्विक कर्ज के बारे में आगाह किया है, जो 2024 में वैश्विक जीडीपी के 333 प्रतिशत के बराबर, 315 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ गया है।

सिंगापुर में शुक्रवार को फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024 में बोलते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर दास ने कहा कि कर्ज का यह अभूतपूर्व स्तर विशेष रूप से उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) और निम्न से मध्यम आय वाले देशों के लिए बड़ा जोखिम पैदा करता है। ऐसे देश वित्तीय अस्थिरता के प्रति तेजी से कमजोर होते जा रहे हैं।

दास ने कहा, निम्न आय और कुछ मध्यम आय वाले देश बहुत कमजोर हैं। उच्च स्तर के कर्ज और उच्च ब्याज दरों का सह-अस्तित्व सरकारी और निजी क्षेत्र की बैलेंस शीट की हानि के माध्यम से वित्तीय अस्थिरता के दुष्चक्र को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजकोषीय परिदृश्य बढ़ते राजकोषीय घाटे से और जटिल हो गया है, जो अब महामारी से पहले के स्तर से अधिक है। दास ने कहा कि 2024 में 88 अर्थव्यवस्थाएं चुनावी चक्र में प्रवेश कर रही हैं, ऐसे में राजकोषीय समेकन की गुंजाइश सीमित प्रतीत होती है। इससे विभिन्न देशों के लिए वित्तीय जोखिमों को बढ़ने से बचाने के लिए अपने ऋण का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना महत्वपूर्ण हो जाता है। आरबीआई गवर्नर ने यह भी बताया कि चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों ने निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है, जिससे सीमा पार व्यापार प्रतिबंध बढ़ गए हैं। आरबीआई गवर्नर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ रही चुनौतियों के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। उन्होंने साझा वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने की वकालत की। उन्होंने सतत आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया। आरबीआई गवर्नर दास ने राष्ट्रों से सभी के लिए एकीकृत भविष्य की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

## पीएन गाडगिल ज्वेलर्स आईपीओ में 41 गुना ज्यादा मिला है आवेदन




**मुंबई एजेंसी।** पीएन गाडगिल ज्वेलर्स के आईपीओ में कल ही सब्सक्रिप्शन बंद हुआ है। इसका शेयर आवंटन को आज अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। निवेशकों को लॉटरी के आधार पर शेयर मिलेंगे और पूरी प्रक्रिया रजिस्ट्रार की निगरानी में होगी। आवेदक बीएसई के माध्यम से या रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर जाकर आवंटन की स्थिति की जांच कर सकते हैं। पीएन गाडगिल ज्वेलर्स के आईपीओ में आपने अप्लाई किया है तो आप बीएसई या रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर स्थिति कैसे जांच सकते हैं। कंपनी के शेयरों के 17 सितंबर को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होने की उम्मीद है। इस समय गैर-सूचीबद्ध बाजार में, कंपनी के शेयर 333 रुपये के जीएमपी के साथ कारोबार कर रहे हैं, जो कि निर्गम मूल्य से 70 प्रतिशत अधिक है। पीएन गाडगिल ज्वेलर्स के आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इस आईपीओ को कुल मिलाकर 59 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। जनवरी 2024 तक स्टोर की संख्या के मामले में महाराष्ट्र में प्रमुख संगठित आभूषण कंपनियों में पीएन गाडगिल ज्वेलर्स दूसरे नंबर पर है। वित्त वर्ष 22-2023 के बीच राजस्व वृद्धि के आधार पर, कंपनी भारत में प्रमुख संगठित आभूषण कंपनियों में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला आभूषण ब्रांड भी है। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट (पूर्व में एडलवाइस सिक्योरिटीज) और बीओबी कैपिटल मार्केट्स इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड लार्ज स्क्रीन प्रीमियम स्मार्ट टीवी पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेलेकोर गैजेट्स नई टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस में माहिर, स्मार्ट टीवी की अपनी प्रीमियम रेंज के आने वाली लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है, जो लग्ज़री होम एंटरटेनमेंट को रीडिफाइन करने के लिए तैयार है। टियर 1 मेट्रो शहरों में ग्राहकों के रिफाइंड टेस्ट को आकर्षित करने के उद्देश्य से, ये नए मॉडल, जो 75, 86, और 98 आकार में बिक्री के लिए तय हैं, हाई-एंड मार्केट में सेलेकोर की कैलकुलेटेड कोशिश का प्रतीक हैं। इन प्रीमियम स्मार्ट टीवी को लॉन्च करने का निर्णय टियर 2 और टियर 3 शहरों में सेलेकोर के मॉडल की सफलता के बाद भारी मांग से उत्पन्न हुआ है। ऐसे समय में जब टीवी देखना समय बिताने का एकमात्र तरीका नहीं है, सेलेकोर के लेटेस्ट हाई-एंड स्मार्ट टीवी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और सोफिस्टिकेटेड स्टाइल का एक बेजोड़ मिश्रण प्रदान करते हैं। प्रत्येक मॉडल को आपके लिविंग रूम में एक तल्लीन ध्वनि अनुभव और अविश्वसनीय रूप से तेज 4क पिक्चर देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड प्रसिद्ध रिटेल दिग्गजों के साथ एक स्ट्रेटिजिक एलाइंस में है, जो इसे हर ग्राहक के दिल और दिमाग को जीतने की अनुमति देगा। कंपनी सुप्रसिद्ध लार्ज-फॉर्मेट रिटेल (स्लक्र) पार्टनर्स के साथ काम करके यह सुनिश्चित कर रही है कि खास मेट्रो एरिया में तकनीक-प्रेमी उपभोक्ता इन हाई-एंड स्मार्ट टीवी तक आसानी से पहुंच सकें। अक्सर यह हवाला दिया जाता है कि कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री कड़ी प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र है, जो लगातार नई चुनौतियां पेश करता है। जैसे-जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स लैंडस्केप विकसित होता है, वैसे-वैसे ग्राहकों की मांगें भी बढ़ती हैं। बड़ी स्क्रीन वाले स्मार्ट टीवी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, क्योंकि लोग अपने घरों में आराम से बैठकर शो और फिल्मों का आनंद लेना पसंद कर रहे हैं।

## श्रेष्ठ फिनवेस्ट लि. ने 1:2 स्टॉक स्प्लिट के लिए 23 सितंबर को रिकॉर्ड डेट तय की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फाइनेंशियल सॉल्यूशंस में अग्रणी श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (बीएसई: 539217) ने घोषणा की है कि कंपनी द्वारा सब-डिवीज़न/सप्लिट् के साथ 2 रुपये के फेसवैल्यू प्रत्येक शेयर को 1 रुपये के फेसवैल्यू वाले 2 इक्विटी शेयर्स में 05 सितंबर, 2024 को पोस्टल बैलट के माध्यम से शेयरधारकों द्वारा अप्रूवल के आधार पर उप-विभाजित किया जाएगा, इस हेतु कंपनी के शेयरहोल्डर्स की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य से सोमवार, 23 सितंबर, 2024 को रिकॉर्ड डेट के रूप में तय किया है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने क्यूआईपी जारी करके 200 करोड़ रुपये तक की कुल राशि के लिए प्रत्येक 1/- रुपये के अंकित मूल्य वाले इतनी संख्या में इक्विटी शेयर इश्यू करके कंपनी के सदस्यों के अप्रूवल और आवश्यकतानुसार अन्य रेगुलेटरी/स्टेट्यूटरी अनुमोदन सहित ज़रूरी अप्रूवल देने हेतु धन जुटाने की मंजूरी दे दी है। हाल ही में, कंपनी ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए उत्कृष्ट आय की घोषणा की है।

## हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लि. को एनएचएआई से यूज़र फी कलेक्शन का आर्डर मिला

**मुंबई, एजेंसी।** हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन अनुबंध सेवाओं में अग्रणी, ने घोषणा की है कि उसे नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मुलवाड एफपी पर एनएच-218 बीजापुर हुबली सेक्शन में कर्नाटक राज्य में 4.40 से 56.00 किलोमीटर तक चौड़ीकरण के लिए यूज़र फी कलेक्शन एजेंसी के रूप में कार्य करने का कार्य ऑर्डर दिया गया है। आवंटित परियोजना का मूल्य 2.59 करोड़ रुपये है।

इसके अलावा, कंपनी के बोर्ड की मीटिंग 16 सितंबर, 2024 को होगी। इस मीटिंग में, वो स्क्वायर पोर्ट शिपयार्ड नाम की एक और कंपनी को अपनी कंपनी में मिलाने के लिए बैठक करेंगे। दोनों कंपनियों को एक साथ मिलाने से दोनों को फायदा होगा। इसलिए, कंपनी के बोर्ड ने एक स्पेशल टीम बनाई है जो इस काम को देखेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि सबकुछ ठीक से हो। इससे पहले, बी.जी. शिरके कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को कुछ जगहों पर खुदाई का काम मिला था। ये जगहें हैं - पाहाड़ी गोरेगांव-1473, शिरधोन-ढुढ्ढ्ढ, खोनी-1374, नावडे-1449, सीपीडब्ल्यू-1447, तालोजा, ठाणे और कनमवर नगर। आवंटित परियोजना का मूल्य 30 करोड़ रुपये है।

हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड भारत में बुनियादी ढांचा बनाने के काम में सबसे आगे है। यह कंपनी बहुत अच्छी गुणवत्ता वाली इंजीनियरिंग, सामान खरीदने और निर्माण का काम करती है। भारत में बुनियादी ढांचे की बहुत मांग है, और हज़ूर कंपनी इस मांग को पूरा करने में सबसे आगे है। पिछले कुछ वर्षों में, हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के लिए ईपीसी और हाइब्रिड एन्युटी मॉडल निष्पादन विधियों दोनों का उपयोग करते हुए प्रमुख परियोजनाओं का सफलतापूर्वक निष्पादन करके उल्लेखनीय मील के पत्थर हासिल किए हैं। विशेष रूप से, 2019 में वाकन पाली हाईवे का सफल समापन, कोविड-19 महामारी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। कंपनी ने प्रतिष्ठित समृद्धि एक्सप्रेस के पैकेज 11 और ह॥ 48 हाईवे परियोजना में योगदान देकर अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया, परियोजना निष्पादन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड अब तक बहुत सारे कामयाब प्रोजेक्ट्स कर चुकी है। यह कंपनी दूसरे लोगों के साथ मिलकर काम करने में बहुत अच्छी है और इसी वजह से यह सफल रही है। तकनीकी और वाणिज्यिक दोनों पहलुओं में कुशल एक मजबूत प्रबंधन टीम, कंपनी को लगातार विकास और सफलता की ओर निर्देशित करने में महत्वपूर्ण रही है। हज़ूर कंपनी हमेशा समय पर काम खत्म करने, बहुत अच्छा काम करने और सुरक्षा का ध्यान रखने की कोशिश करती है। सहयोग के महत्व को पहचानते हुए, हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने एमएसआरडीसी और नेशनल हाईवे अथॉरिटी सहित प्रमुख ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य सेवाएं प्रदान करने के लिए वाणिज्यिक और तकनीकी क्षमताओं का सफलतापूर्वक तालमेल किया है।

## एनएमडीसी ने एफवाय25 में स्लरी पाइपलाइन और नए प्रोसेसिंग प्लांट्स की स्थापना के लिए 2,200 करोड़ का कैपेक्स निर्धारित किया

### 2030 तक 100 एमटी उत्पादन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनएमडीसी लिमिटेड, भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक और नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, एफवाय25 में स्लरी पाइपलाइन और नए प्रोसेसिंग प्लांट्स की स्थापना के लिए 2,200 करोड़ का निवेश कर रहा है। यह निवेश कंपनी की उत्पादन क्षमता को 2030 तक 100 एमटी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। यह महत्वाकांक्षी विस्तार एनएमडीसी के बुनियादी ढांचे और संचालन को काफी बेहतर बनाएगा, जिससे इसकी वैश्विक स्थिति मजबूत होगी और भारत के औद्योगिक विकास की दिशा में योगदान मिलेगा। श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने 2030 तक 45 एमएनटी से 100 एमएनटी तक के परिवर्तन को महत्वाकांक्षी पर स्थिरता और नवोन्मेष में निहित बताया। उन्होंने



सुस्थिर विकास के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा हमारा रोडमैप सिर्फ उत्पादन वृद्धि करना नहीं है, बल्कि यह पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ करना है। हम हमारे पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं उन्हें सकारात्मक योगदान देने के लिए समर्पित हैं।

### रणनीतिक निवेश और विस्तार

एनएमडीसी का विस्तार द्रुत औद्योगिकीकरण की वजह से लौह अयस्क की घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग में वृद्धि से प्रेरित है। कंपनी की रणनीतिक निवेश योजना का केंद्र बिन्दु उत्पादन क्षमता में वृद्धि और निकासी के बुनियादी ढांचे में वृद्धि करना है। मुख्य पहलों में आधुनिक स्लरी पाइपलाइन का विकास, पेलेट और बेनिफिशिएसन प्लांट और स्टाकयार्ड का मजबूत नेटवर्क शामिल है। इस योजना में बचेली से नगरनार तक 135 किलोमीटर स्लरी पाइपलाइन का निर्माण एक फ्लैगशिप परियोजना है। इस पर्यावरण हितैषी, लागत प्रभावी पाइपलाइन से पारम्परिक, कार्बन-सघन परिवहन विधियों पर निर्भरता कम होगी। साथ ही, किरंदुल में नए स्क्रीनिंग प्लांट III और डोनिमलाई स्क्रीनिंग प्लांट II से एनएमडीसी की प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे कि कंपनी उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए उत्पादन मात्रा में वृद्धि करने में सक्षम होगा। एनएमडीसी केके लाइन की क्षमता को 28 एमटीपीए से बढ़ाकर 40 एमटीपीए करने, 15 एमटीपीए स्लरी पाइपलाइन बिछाकर और ब्लेन्डिंग यार्ड के निर्माण द्वारा रेल परिवहन का भी विस्तार कर रहा है। लौह अयस्क संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए कंपनी बचेली में 4 एमटीपीए बेनिफ़िशिएसन प्लांट और नगरनार मे 2 एमटीपीए पेलेट प्लांट का विकास कर रहा है और पेलेट प्लांट को 6 एमटीपीए तक विस्तारित करने की योजना है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को ग्रीन हाइड्रोजन के लिए वैश्विक हब बनाने का आह्वान किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के जरिये दिल्ली में ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीजीएच-2024) के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने में भारत की प्रतिबद्धता और दुनिया के हरित ऊर्जा परिदृश्य में एक व्यापक योगदान के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन के उभरने की बात दोहराई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, भारत एक स्वच्छ, हरित विश्व के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम जी20 देशों में उन देशों में से एकथे जिन्होंने ग्रीन एनर्जी पर अपने पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को समय से पहले पूरा किया है। जहां, हम मौजूदा समाधानों को मजबूत करना जारी रखे हुए हैं, वहीं, हम इनोवेटिव नजरिये को अपनाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन ऐसी ही एक सफलता है, जिसमें रिफाइनरियों, उर्वरकों, इस्पात और भारी परिवहन जैसे सेक्टर्स को डीकार्बोनाइज करने की क्षमता है जिनका विद्युतीकरण करना मुश्किल है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन 2024 (आईसीजीएच2024) की दूसरी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रहे हैं। भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) तथा ईवाई क्रमशः इम्प्लीमेंटेशन एवं नॉलेज पार्टनर हैं।फिक्की इंडस्ट्री पार्टनर है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य भारत को ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए वैश्विक हब के रूप में स्थापित करना है. वर्ष2023 में शुरू किया गया राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन इस महत्वाकांक्षा को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है.इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

## टाटा पावर रिन्यूवेबल एनर्जी और टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के लिए 200 फास्ट-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए एमओयू पर किए हस्ताक्षर




**मुंबई, एजेंसी।** टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड, जो भारत में सबसे बड़ी ईवी चार्जिंग समाधान देने वाली कंपनियों में से एक है और टाटा पावर रिन्यूवेबल एनर्जी लिमिटेड की सहायक कंपनी है, ने आज टाटा मोटर्स के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इस समझौते के तहत, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे मेट्रो शहरों में इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के लिए 200 फास्ट-चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। यह कदम दोनों कंपनियों की यातायात के स्थायी समाधान प्रदान करने की मौजूदा साझेदारी का विस्तार है, जिसमें छोटे इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के लिए चार्जिंग की सुविधाओं पर खास ध्यान दिया जाएगा।

फैंस के दम पर हासिल किया बड़ा मुकाम

# 1 बिलियन के आंकड़े के साथ रोनाल्डो ने रचा इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाल और अल नस्र के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इतिहास रच दिया। वह सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर एक अरब फॉलोअर्स तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बन गए। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शुक्रवार 13 सितंबर 2024 की तड़के सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इस उपलब्धि को साझा किया। 39 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के इंस्टाग्राम पर पहले से ही दुनिया भर में सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

639 मिलियन फॉलोअर्स के साथ इंस्टाग्राम क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना हुआ है। यह संख्या दुनिया की आबादी का लगभग 8% है। रोनाल्डो के फेसबुक पर 170.5 मिलियन और X (एक्स/पूर्व में ट्विटर) पर 113 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने X पर लिखा, 'हमने इतिहास रच दिया है- 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह सिर्फ एक संख्या से कहीं ज्यादा है- यह खेल और उससे परे हमारे साझा जुनून, प्रेरणा और प्यार का प्रमाण है। मदीरा की गलियों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों तक, मैंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है, और अब हम 1 बिलियन लोग एक साथ खड़े हैं। आप सभी उतार-चढ़ावों के दौरान हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं।'

रोनाल्डो ने लिखा, 'यह यात्रा हमारी यात्रा है, और साथ मिलकर हमने दिखाया है कि हम जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। मुझ पर विश्वास करने, आपके समर्थन के लिए और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद। सबसे अच्छा अभी आना बाकी है, और हम आगे बढ़ते रहेंगे, जीतते रहेंगे और साथ मिलकर इतिहास रचते रहेंगे।'

### आठ जुलाई 2024 को लॉन्च किए गए रोनाल्डो के यू ट्यूब

चैनल पर 60 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इसमें से 50 मिलियन पहले हफ्ते में ही जुड़ गए, जो एक रिकॉर्ड है। यह उपलब्धि रोनाल्डो को 1 बिलियन फॉलोअर्स को पार करने वाला पहला इंसान बनाती। इस संख्या तक उनके साथी फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी या अमेरिकी एक्ट्रेस सेलेना गोमेज, अमेरिकी मीडिया पर्सनालिटी, सोशलाइट और बिजनेसवुमन काइली जेनर और ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन जैसी अन्य हस्तियां अब तक पहुंच नहीं पाई हैं।

### कमाई के मामले में भी हैं 'टॉप' पर

क्रिस्टियानो रोनाल्डो सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीट्स में भी एक हैं। उन्होंने 2023 में सऊदी अरब के क्लब अल-नस्र से करार के जरिये 215 मिलियन डॉलर और विज्ञापनों से 60 मिलियन डॉलर कमाए। एक अनुमान के मुताबिक, 2024 के अंत तक उनकी कुल कमाई 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगी। इससे वह माइकल जॉर्डन और टाइगर वुड्स के बराबर आ जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार




### आईपीएल में धोनी की टीम ने बनाया था करोड़पति, अब सुपर ओवर में भुवी को छक्का मारकर जिताया मैच

**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की नीलामी में सबसे महंगे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी रहे समीर रिजवी ने यूपी टी-20 लीग में कमाल कर दिया। कप्तान समीर रिजवी ने सुपर ओवर में लखनऊ फाल्कन्स के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को छक्का मारते हुए अपनी टीम कानपुर सुपरस्टार्स को फाइनल में पहुंचा दिया। सांस थामने वाले मैच में समीर रिजवी ने अपने चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी के स्टाइल में हेलीकॉप्टर शॉट वाला छक्का उड़ाया। अब टूर्नामेंट के फाइनल में 14 सितंबर को रिंकू सिंह की मेरठ मेवरिक्स और समीर रिजवी की कानपुर सुपरस्टार्स की टक्कर होगी।

#### महज 8 गेंद में खत्म हुआ क्वालीफायर-2

लगातार बारिश और गीले मैदान के चलते बीती रात खेला गया क्वालीफायर-2 मुकाबला लगातार टलता गया। ऐसे में मैच के ओवर्स में कटौती होती रही, आखिरकार देर रात मैच का नतीजा निकालने के लिए सुपर ओवर करवाया गया। लखनऊ फाल्कंस ने सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच गेंदों पर सात रन बनाए थे इस दौरान उसके दो विकेट भी गिर गए। जवाब में कानपुर सुपरस्टार्स ने तीन गेंदों पर ही लक्ष्य हासिल करके फाइनल में जगह बना ली। इस तरह मैच सिर्फ आठ गेंद में ही खत्म हो गया और कुल 15 रन ही बने।

#### जूनियर रैना कहलाते हैं समीर रिजवी

मेरठ के रहने वाले समीर रिजवी सुरेश रैना की ही तरह विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर हैं। समीर की शॉट मेकिंग और खेलने का अंदाज भी कुछ ऐसा ही है। शायद यही वजह है कि उन्हें डोमेस्टिक सर्किट में राइट हैंडेड रैना कहा जाता है। समीर रिजवी भी अपने आदर्श सुरेश रैना की तरह स्पिनर्स की बखिया उधेड़ देते हैं। महज 16 साल की उम्र में उत्तर प्रदेश के लिए रणजी ट्रॉफी डेब्यू करने वाले समीर रिजवी को आईपीएल 2024 के लिए दिसंबर 2023 में हुए मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपरकिंग्स ने 8.40 करोड़ रुपये की भारी-भरकम बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा था।

### हर किसी के लिए पीएम का मतलब प्रधानमंत्री होता है, हमारे लिए आप परम मित्र हैं: योगेश कथुनिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता डिस्कस थ्रोअर योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक नई उपाधि दी, पीएम के आवास पर बातचीत के दौरान उन्हें परम मित्र कहा। मई में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 56 श्रेणी में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने हाल ही में संपन्न पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो - 56 स्पर्धा में 42.22 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और रजत पदक जीता।

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अपने आवास पर भारत के पैरालंपियनों से मुलाकात की और उन्हें पेरिस पैरालंपिक खेलों में 29 पदकों के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के लिए बधाई दी और पैरा-एथलीटों से अपने पैरालंपिक अनुभव साझा करने के लिए कहा।

एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

## भारत पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार




**मोकी, एजेंसी।** हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा इंतजार किए गए मुकाबले का समय आ गया है, जब भारत और पाकिस्तान शनिवार को आमने-सामने होंगे। यह मैच मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर खेला जाएगा। भारत की टीम इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहते हुए उतरेगी। टीम की कप्तानी अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह कर रहे हैं। वहीं पाकिस्तान की टीम की कप्तानी अमाद बट कर रहे हैं। यह टीम भी अब तक टूर्नामेंट में अपराजित रही है और दूसरे स्थान पर है। गत चैंपियन भारत ने अब तक अपने सभी मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पहले मैच में चीन को 3-0 से हराया, दूसरे मैच में जापान को 5-1 से, तीसरे मैच में मलेशिया को 8-1 से मात दी और पिछले मैच में कोरिया को 3-1 से हराया। भारत ने सबसे पहले सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वहीं, पाकिस्तान ने भी टूर्नामेंट में लगातार सुधार दिखाया है। उन्होंने मलेशिया और कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ किया, जापान को 2-1 से और चीन को 5-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया है।

मुंबई इंडियंस के स्पिनर पीयूष चावला ने दुनिया को बताया

## रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में क्या फर्क है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले लेग स्पिनर पीयूष चावला ने रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में अंतर के बारे में बातचीत की। पीयूष चावला इन दोनों खिलाड़ियों की कप्तानी में मुंबई के लिए खेल चुके हैं। मुंबई ने आईपीएल 2024 में कप्तानी में बड़ा बदलाव किया था और रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई का प्रदर्शन खराब रहा था और ये टीम 10वें नंबर पर रही थी।

पीयूष चावला ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी के अंतर के बारे में बात करते हुए बताया कि हर किसी की कप्तानी करने की अपनी शैली होती है। पीयूष चावला ने आईपीएल 2024 के अलग-अलग मैचों का उदाहरण देते हुए कहा कि इस सीजन में हार्दिक की कप्तानी में कोई कमी नहीं थी, लेकिन उन्होंने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली। दोनों की कप्तानी में क्या फर्क है इस पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंतरज्मैं ऐसा नहीं कह सकता। हर किसी के सोचने का अपना तरीका होता है, हार्दिक का तरीका अलग है। हार्दिक वही कप्तानी हैं जिनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस विनर बनी थी और उप-विजेता रही थी, तो ऐसा नहीं है।

पीयूष चावला ने आगे कहा कि टी20 में बात गति की होती है और इसमें चीजों को चुनना साथ ही चीजों का क्लिक होना शामिल है। अगर हम देखें तो केकेआर चैंपियन बन गया, फाइनल में हैदराबाद के साथ उनका मैच था और उस मैच में कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जाना चाहिए था। क्लासेन ने हर्षित राणा के खिलाफ बढ़त हासिल की, लेकिन आउट हो गए। अगर वो मैच हार जाते तो चीजें बदल जाती।

आईपीएल के एक मैच में करन शर्मा ने मिचेल स्टार्क की गेंद पर तीन छक्के लगाए थे, ये संभव है कि अगर वो कैच आउट नहीं होते तो चीजें अलग हो सकती थी, उन पलों में हर कप्तान अलग होता है। रोहित का तरीका अलग है, माही भाई की तरीका अलग है, हार्दिक और सूर्या की तरीका अलग है।

इसलिए बतौर कप्तान एक खिलाड़ी के तौर पर मैं ये नहीं कहूंगा कि हार्दिक की कप्तानी में कोई कमी थी। बस हमें इसे स्वीकार करना होगा कि हमने आईपीएल 2024 में अच्छा नहीं खेला।

## विराट कोहली 21वीं सदी के ग्रेटेस्ट क्रिकेटर की लिस्ट में नंबर 1, टॉप 10 में हैं 3 भारतीय

लेकिन रोहित शर्मा का नाम गायब




**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट इतिहास में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने क्रिकेट के मैदान पर अपने खेल के दम पर खूब नाम कमाया और क्रिकेट फैंस का जमकर मनोरंजन किया, लेकिन जब बार 21वीं सदी की हो तो इसमें भी ऐसे क्रिकेटर्स की कोई कमी नहीं है जिन्होंने अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है साथ ही साथ अपने खेल के दम पर दुनिया भर में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

अब एक सर्वे किया गया है जिसमें 21वीं सदी के टॉप 10 बेस्ट क्रिकेटर्स का चयन किया गया। इसमें 3 भारतीय हैं, लेकिन टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में विनर बनाने वाले रोहित शर्मा का नाम इसमें नहीं है। दरअसल एक सर्वे किया गया जिसमें क्रिकेट फैंस और क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने हिस्सा लिया। इन सबने वोटिंग के जरिए 21वीं सदी के टॉप 10 क्रिकेटर्स का चयन किया और इसमें विराट कोहली को पहला स्थान मिला। यानी इस सर्वे के मुताबिक विराट कोहली 21वीं सदी से ग्रेटेस्ट क्रिकेटर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं।

टॉप 10 की लिस्ट में विराट कोहली के अलावा भारत के जसप्रीत बुमराह हैं जो 8वें स्थान पर हैं तो वहीं टीम इंडिया को दो वर्ल्ड कप खिताब दिलाने वाले पूर्व कप्तान एमएस धोनी इस लिस्ट में 10वें स्थान पर हैं। हैरानी की बात ये है कि इस सर्वे के द्वारा चुने गए टॉप 10 की लिस्ट में रोहित शर्मा नहीं हैं।

इस लिस्ट में विराट कोहली के बाद दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के पूर्व धाकड़ खिलाड़ी एबी डिविलियर्स हैं जो कोहली के साथ आईपीएल में आरसीबी के लिए खेल चुके हैं। तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन हैं जबकि चौथे स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान व विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार संगकारा मौजूद हैं।

इस लिस्ट में साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन पांचवें नंबर पर हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ छठे नंबर पर हैं। इस सूची में सातवें नंबर पर जो रूट हैं जबकि हाशिम अमला 9वें स्थान पर हैं।

SABC SPORT द्वारा चुने गए 21वीं सदी के महानतम क्रिकेटर्स

1) विराट कोहली
2) एबी डिविलियर्स
3) जेम्स एंडरसन
4) कुमार संगकारा
5) डेल स्टेन
6) स्टीव स्मिथ
7) जो रूट
8) जसप्रीत बुमराह
9) हाशिम अमला
10) एमएस धोनी



अफगानिस्तान वर्सेस न्यूजीलेंड

## अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड का टेस्ट मैच रद्द, 21 वी सदी में पहली बार दिखा यह नजारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में बारिश के दौरान ग्राउंड्समैन ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान को कवर करते हुए। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच ग्रेटर नोएडा में खेले जाने वाले इकलौता टेस्ट मैच रद्द हो गया।

बारिश और गिली आउटफील्ड के कारण मैच के पांचों दिन खेल नहीं हो पाया। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का 8वां मुकाबला है जो कि बिना एक भी गेंद फेंके ही रद्द हो गया। वहीं 21वीं सदी में पहला मौका है जब किसी टेस्ट मैच में एक भी गेंद का खेल नहीं हो सका।

### बारिश ने किया काम खराब

टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल भारी बारिश के कारण रद्द हुआ। इसके बाद अगले दिन गीली आउटफील्ड को सुखाने के लिए ग्राउंड स्टाफ ने काफी कोशिश की लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके।

ग्राउंड स्टाफ ने प्रैक्टिस पिच की घास उठाकर मुख्य पील्ड पर लगाई। हालांकि अंपायर ने इसे अनफिट घोषित किया। अगले दो दिन भी यही हालात रहे।

## आईपीएल रिटेंशन पॉलिसी में हो सकता है बड़ा बदलाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का सीजन अगले साल अप्रैल में खेला जाएगा। इससे पहले जिस बात का सबसे ज्यादा इंतजार किया जा रहा है, वो है रिटेंशन पॉलिसी। पहले इस तरह की खबरें सामने आई थीं कि अगस्त के आखिर तक रिटेंशन पॉलिसी जारी कर दी जाएगी। लेकिन अब इसे कुछ और दिनों के लिए टाल दिया गया है। इस बीच जानकारी मिली है कि इस बार बीसीसीआई अनकैप्ड खिलाड़ियों को लेकर कुछ खास ऐलान कर सकता है, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ है। इससे कुछ टीमों को सीधे सीधे फायदा मिल सकता है। लेकिन फिलहाल इसके लिए इंतजार करना होगा।

आईपीएल की रिटेंशन पॉलिसी अगस्त के आखिर तक आने की बात सामने आई थी। इससे पहले जब बीसीसीआई ने सभी टीम ओनर्स को मीटिंग के लिए बुलाया और उनकी राय जानी तो काफी गहमा गहमी रही। ऐसा इसलिए क्योंकि हर टीम की अपनी अलग बात थी। कुछ टीमें ज्यादा रिटेंशन चाहती हैं तो कुछ कम। ऐसे में बात नहीं बन पाई। अब क्रिकबज की रिपोर्ट से पता चला है कि नई रिटेंशन पॉलिस ने दस दिन से लेकर दो सप्ताह तक का वक्त लग सकता है। यानी कुल मिलाकर देखें तो सितंबर के आखिर तक नई पॉलिसी सामने आ सकती है, जिससे पता लगेगा कि टीमें नए सीजन के ऑक्शन से पहले कितने खिलाड़ी रिटेन कर सकती हैं। 29 सितंबर को बीसीसीआई की एक एजीएम भी है। हालांकि इससे आईपीएल का कोई सीधा लेना देना तो नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि इसी के आसपास नई रिटेंशन पॉलिसी आ सकती है।



इस बीच आईपीएल ओनर्स भी रिटेंशन पॉलिसी का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उन्हें पता चले कि कितने खिलाड़ी रिटेन होंगे, इसके बाद वे अपनी अपनी फाइनल लिस्ट तैयार करें। रिपोर्ट में बताया गया है कि सभी कहा गया है कि अभी इसके लिए उन्हें इंतजार करना पड़ेगा। हालांकि उन्हें कोई तारीख तो नहीं बताई गई है, लेकिन शायद सितंबर के आखिर तक इससे पर्दा उठ जाएगा। इस बीच जो खबरें सामने आ रही हैं, उनसे पता चला है कि दिसंबर में ही अगले साल के लिए ऑक्शन होगा। ऐसे में टीमों को अपने रिटेन और रिलीज किए जाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट 15 नवंबर तक हर हाल में जारी करनी होगी। वैसे तो टीमें पहले से ही तय कर चुकी हैं कि उन्हें किसे रिलीज करना है और किसे जाने देना है, लेकिन जब संख्या सामने आ जाएगी, उसके बाद ही ऐलान किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रुद्रप्रयाग में गैर-हिंदुओं की एंट्री बैन वाले पोस्टर को लेकर हरीश रावत ने भाजपा पर तंज कसा



**रुद्रप्रयाग , एजेंसी।** रुद्रप्रयाग में गैर-हिंदुओं और रोहिंग्या मुसलमानों व फैरी वालों के गांव में एंट्री बैन को लेकर प्रदेश की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। विपक्ष इस मामले को लेकर सरकार को आड़े हाथों ले रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने सरकार पर तंज कसते हुए इसे भाजपा की कायराना हरकत करार दिया है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह भाजपा की कायराना हरकत थी। कायरों में स्थितियों को झेलने का साहस नहीं होता है। जैसी ही मीडिया में ये समाचार आए तो भाजपा ने पोस्टर हटा लिए। यह जो कुछ उन्होंने किया है वह भाजपा की सोची सुनियोजित और घृणा फैलाने की कायराना हरकत थी। उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा है कि भाजपा के पास बताने को कुछ नहीं है। इनके पास बताने को कुछ होता तो ये विकास के मुद्दे, जनकल्याण के मुद्दे पर चुनाव में जाते। रुद्रप्रयाग में जो इन्होंने किया है वह इस हरकत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास बताने के लिए कुछ नहीं रह गया है। सरकार सिर्फ यूसीसी का राग अलाप रही है। रुद्रप्रयाग की घटना भाजपा की कायरना हरकत का प्रमाण है। बता दें कि हाल ही में उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के कई गांवों में गैर-हिंदुओं और रोहिंग्याओं के प्रवेश पर रोक लगाने के वाले साइन बोर्ड लगाए गए थे। इसको लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई। कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने बोर्ड लगाने को लेकर विरोध जताया है। वहीं पुलिस ने कहा था कि यदि कोई माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार के 2 मंत्रियों ने पूर्व भाजपा सरकार व पूर्व मुख्यमंत्री पर लगाए मस्जिद के लिए फंडिंग करने के आरोप



**शिमला , एजेंसी।** संजौली में उठे मस्जिद विवाद को लेकर राज्य सरकार के दो मंत्रियों ने पूर्व की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है। पत्रकार वार्ता में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पूर्व की जयराम ठाकुर के नेतृत्व वाली सरकार पर मस्जिद की फंडिंग के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार में वर्ष 2019 में मस्जिद निर्माण के लिए करीब 2 लाख रुपए की फंडिंग सरकार के प्लानिंग हैड से की है। मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते हुए मस्जिद के लिए 12 लाख रुपए की मदद की है। विधानसभा में नगर निगम की ओर से दिए जवाब के अनुसार मस्जिद में पहले एक मंजिल बनी थी और 2010 से 2024 तक इसके ऊपर चार मंजिलें अवैध बनाई गईं। उन्होंने मस्जिद कमेटी संजौली, मौलवी तथा वक्फ बोर्ड की अवैध निर्माण को खुद गिराने व हटाने के लिए नगर निगम आयुक्त को आवेदन देने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह पूरे देश के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि संजौली में हुए प्रदर्शन में आधे से ज्यादा भाजपा के कार्यकर्त्ता थे और उन्हें कानून को हाथ में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट हॉकर्स व वैंडर्ज के लिए कमेटी भी फाइनल होने जा रही है। कानून में संशोधन के माध्यम से हिमाचल या राज्य के बाहर के सभी स्ट्रीट वैंडर्ज के लिए पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि रियासत काल में 1945-46 की जमाबंदी में यह जमीन राणा साहब बहादुर कोटी के नाम थी। 1951-52 तक प्रांतीय सरकार में धर्म इस्लाम के नाम इसका कब्जा रहा।

# सैनी की अपनी सीट भी फंसी, अब पीएम मोदी से ही उम्मीद, हरियाणा में बागियों ने बढ़ाई भाजपा की चिंता

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा में भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल की काट के लिए चार मंत्रियों समेत 15 विधायकों के टिकट तो काटे हैं, लेकिन उसे बगावत और विरोध से भी जूझना पड़ रहा है। दूसरे दलों से आए नेताओं और उनके परिवारवाद को बढ़ावा देने से भी पार्टी में नाराजगी है। ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उसके चुनाव रणनीतिकारों के सामने लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की बेहद कठिन चुनौती है। सीएम सैनी अभी तब बगावत को ठंडा करने में सफल नहीं हो पाए हैं। अब भाजपा की उम्मीदें पीएम मोदी से टिकी हुई हैं।

आगामी चार विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए सबसे कठिन लड़ाई हरियाणा में ही मानी जा रही है। टिकट तय करने के लिए भी भाजपा नेतृत्व को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद भी बड़े नेताओं के बीच कई दौर की बैठकों के बाद ही टिकट तय हो सके। इनमें भी प्रदेश



अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व वरिष्ठ नेता रामविलास शर्मा टिकट नहीं पा सके हैं। राज्य सरकार में मंत्री सीमा त्रिखा व बनवारी लाल की भी छुट्टी कर दी गई। मंत्री रंजीत चौटाला ने तो टिकट न मिलने पर पार्टी ही छोड़ दी।

दूसरे दलों खासकर कांग्रेस से आए नेताओं को पार्टी ने काफी तवज्जो दी है। कांग्रेस से आई किरण चौधरी को राज्यसभा में लाया गया और उनकी बेटी श्रुति चौधरी को विधानसभा टिकट भी गया। मूल रूप से कांग्रेसी रहे लेकिन काफी समय पहले भाजपा में आ चुके केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की बेटी आरती भी टिकट हासिल करने में सफल रही।

कांग्रेस से आए रमेश कौशिक के बेटे देवेंद्र कौशिक और कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई को भी टिकट मिल गया। ऐसे में भाजपा के भीतर नाराजगी बढ़ी है और बगावत से लेकर विरोध तक सामने आए हैं। कई सीटों पर टिकट न मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पर्चे भरे हैं। हालांकि, पार्टी की कोशिश नाम वापसी तक कुछ को मनाकर उनको बिठाने की है। बगावत और नाराजगी की वजह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की दिक्कतें बढ़ी हैं। उनकी अपनी सीट भी आसान नहीं है और दूसरे उम्मीदवारों को जिताने का दबाब भी उन पर है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कई प्रमुख नेताओं के टिकट इसलिए भी कटे हैं, क्योंकि वह पूर्व मुख्यमंत्री तथा मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के विरोधी खेमे के माने जाते थे। साथ ही उनके ऐसे समर्थक भी टिकट पा गए हैं, जिनका भारी विरोध था।

भाजपा के चुनाव अभियान का काफी दारोमदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार पर टिका है। मोदी 15 सितंबर को कुरुक्षेत्र से प्रचार शुरू कर रहे हैं। पार्टी के सभी बड़े नेता राज्य में प्रचार करेंगे।

## हरियाणा चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी

**चंडीगढ़ , एजेंसी।**
भाजपा ने हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान ,पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल, हरदीप सिंह पुरी, राव इंद्रजीत सिंह और कृष्णपाल गुर्जर सहित कई केंद्रीय मंत्रियों को इस लिस्ट में शामिल किया गया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडौली के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को भी भाजपा ने स्टार प्रचारक बनाया है।

पार्टी ने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, स्मृति ईरानी एवं संजीव बालियान, राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया, हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब, सतीश पुनिया, सुरेंद्र सिंह नागर, सुधा यादव, किरण चौधरी, मनोज तिवारी, नवीन जिंदल, अशोक तंवर, कुलदीप बिश्नोई, फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी और महिला पहलवान बबीता फोगाट को भी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है। आपको बता दें कि, हरियाणा में 5 अक्टूबर को मतदान होना है और 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।



## भगवान गणेश की प्रतिमा को पहनाई थी सोने की चेन, विसर्जन के बाद जब याद आया तो तलाशी शुरू की

**बेंगलुरु , एजेंसी।** देशभर में इस समय गणपति पूजा और विसर्जन की धूम है। घरों में पूजा-अर्चना के बाद बड़ी संख्या में लोग नदियों और तालाबों में भगवान गणेश को विसर्जित करने पहुंच रहे हैं। इसी बीच बेंगलुरु में एक अनोखा मामला सामने आया। यहां एक परिवार ने पूजा के वक्त भगवान गणेश की प्रतिमा को सोने की चेन पहना दी थी। विसर्जन के वक्त वे चेन उतारन भूल गए और प्रतिमा विसर्जित कर दी। बाद में याद आया तो चेन की तलाश शुरू हो गई। 10 घंटे की मेहनत के बाद आखिरकार चेन को पानी से निकाल लिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक बेंगलुरु के विजयनगर के दसाराहल्ली इलाके में रमैया और उमादेवी ने अपने घर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की थी। उन्होंने प्रतिमा को फूल और जूलरी से खूब सजाया था। उन्हें 60 ग्राम की सोनी की चेन पहनाई थी। इसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपये थी।

शनिवार की रात वे प्रतिमा विसर्जन के लिए मोबाइल टैंक ले गए। विसर्जन के बाद उन्हें याद आया कि प्रतिमा को सोने की चेन पहनाई थी और उसे उतारना भूल ही गए।

## फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ आगरा की कोर्ट में वाद दायर

**आगरा, एजेंसी।** आगरा की एक अदालत में फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ किसान आंदोलन को लेकर की गई 'आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए वाद दायर किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने एमपी/एमएलए विशेष अदालत में कंगना रनौत के विरुद्ध राष्ट्रद्रोह एवं राष्ट्र अपमान के आरोप में यह वाद दायर किया है। वादी ने आरोप लगाया है कि रनौत ने एमएसपी एवं अन्य मांगों को लेकर पिछले वर्षों में दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठे लाखों किसानों के प्रति बेहद अभद्र टिप्पणी कर उनको ''हत्यारा और बलात्कारी करार दिया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, न्यायाधीश अनुज कुमार सिंह ने वादी अधिवक्ता के बयान दर्ज करने के लिए 17 सितंबर की तिथि तय की है। न्यायालय में प्रस्तुत वाद में शर्मा ने कहा है कि वह पारिवारिक रूप से किसान के बेटे हैं तथा वकालत से पूर्व कई वर्ष तक कृषि कार्य किया है और वह रनौत की टिप्पणी से आहत हैं।

# गाजियाबाद में रोडरेज को लेकर बवाल, दो पक्षों में पथराव-फायरिंग से अफरा-तफरी; 3 घायल

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद जिले में रोडरेज को लेकर भारी बवाल की खबर है। विजयनगर बी-ब्लॉक में रोडरेज को लेकर गुरुवार रात को दो पक्षों में बवाल हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला और पथराव कर दिया। इतना ही नहीं, हमलावरों ने दो गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त कर दीं। हमले में युवती और उसके दो चचेरे भाई लहूलुहान हो गए। पीड़ित पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कई राउंड गोली चलाने का आरोप भी लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।

विजयनगर सेक्टर-11 निवासी अर्श उर्फ शाहरूख टीएनटी कंपनी में सिविल इंजीनियर हैं। उनका कहना है कि कैप्टन गैस एजेंसी के पास उनके भाई रिजवान का जन सेवा केंद्र है। गुरुवार रात करीब आठ बजे उनके भाई रिजवान अपनी कार लेकर घर आ रहे थे। पड़ोस में



नईम पक्ष के लोगों ने छोटा हाथी खड़ा किया हुआ था। रास्ता नहीं होने के कारण रिजवान ने टेंपो हटाने के लिए कहा तो इस बात पर कहासुनी शुरू हो गई।

आरोप है कि इसी बात को लेकर नईम पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उनके भाई रिजवान उनके पास आए। इसके बाद वह और रिजवान मौके पर गए तो नईम पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और उन पर तथा उनके भाई रिजवान पर हमला कर दिया। हमला करने वालों में महिलाएं भी शामिल थीं। शोर-शराबा सुनकर उनका चचेरी बहन फायजा पहुंची तो हमलावरों ने उसे भी नहीं बख्शा। हमले में अर्श, रिजवान और फायजा बुरी तरह जख्मी हो गए। रिजवान का कहना है कि हमलावरों ने उनकी दो कार भी डंडों से क्षतिग्रस्त कर दीं। आरोप है कि हमलावरों ने कई राउंड फायरिंग भी की। एक छर्रा फायजा के सिर को छूकर निकला। इतना ही नहीं, हमलावरों ने कांच की बोतलों सिर भी फाड़ दिए। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान हमलावर पक्ष ने पथराव भी किया।

## रक्षा सचिव अरामाने की मनीला यात्रा के दौरान भारत और फिलीपींस ने की रक्षा संबंधों पर चर्चा

मनीला, एजेसी

मनीला, फिलीपींस के रक्षा सचिव गिल्बर्टो सी. टेओडोरो जूनियर ने भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरामने के साथ बैठक के दौरान क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले नेटवर्क के निर्माण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। देश के राष्ट्रीय रक्षा विभाग (डीएनडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि बुधवार को हुई बैठक फिलीपींस और भारत के बीच रक्षा सहयोग को गहरा करने की दिशा में एक और कदम है। राष्ट्रीय रक्षा सचिव (एसएनडी) टेओडोरो ने दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से क्षेत्र में कानून के शासन को बनाए रखने के लिए। रक्षा प्रमुख ने आत्मनिर्भर रक्षा मुद्रा के लिए फिलीपींस की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। उन्होंने सैन्य-से-सैन्य जुड़ाव और सहयोग के लिए आगे के अवसरों का भी स्वागत किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की फिलीपींस यात्रा की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। टेओडोरो ने अंतरराष्ट्रीय कानून के सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सिद्धांतों पर आधारित सहयोग के लिए एक रूपरेखा बनाने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के साथ बातचीत करने की आवश्यकता पर बल दिया। फिलीपींस के रक्षा सचिव नवंबर में लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक में आयोजित होने वाले आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (एडीएमएम-प्लस) के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करेंगे, इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंध और मजबूत होंगे। सचिव अरामाने ने कानून के शासन के मजबूत पालन के लिए फिलीपींस की सराहना की साथ ही अनुभवों और प्रौद्योगिकियों को साझा करने के माध्यम से रक्षा संबंधों को बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की। 2024 में मंत्री स्तर की वार्ता के लिए तियोदोरो को भारत आने का निमंत्रण भी दिया। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। बुधवार को अरामाने ने मनीला में भारत-फिलीपींस संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की पांचवीं बैठक की सह-अध्यक्षता की, जिसमें उनके समकक्ष और फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय में वरिष्ठ अवर सचिव इरिनियो क्रूज एस्पिनो भी शामिल थे।

## दक्षिण कोरिया ने सैन्य ठिकानों से हटाये 1,300 से अधिक चीन निर्मित कैमरे

सोल, एजेसी। उत्तर कोरिया की सीमा के पास स्थित सैन्य ठिकानों के अलावा सीमा से सटे विभिन्न अड्डों पर स्थापित 1,300 से अधिक चीन निर्मित निगरानी कैमरों को दक्षिण कोरियाई सेना ने हटा दिया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने अधिकारी के हवाले से बताया कि जुलाई के अंत में सैन्य और खुफिया अधिकारियों को सैन्य उपकरणों की जांच के दौरान पता चला कि दक्षिण कोरियाई कंपनी द्वारा आपूर्ति किए गए निगरानी कैमरे चीन में बनाए गए हैं। सेना ने सुरक्षा चिंताओं के चलते सभी संबंधित उपकरणों को हटा दिया और अब उन्हें घरेलू उपकरणों से बदल रही है। वर्तमान में उनमें से लगभग 100 को नए सिरे से लगाया गया है। अधिकारी ने कहा, ह्वइन सीसीटीवी को ऐसे डिजाइन किया गया था कि ये चीनी सर्वर तक रिकॉर्डेड फुटेज भेजने में सक्षम थे।




मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129